■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 35, अंक : 312
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, बुधवार
16 अप्रैल 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1853 :** भारत में मुंबई से ठाणे के बीच पहली रेल चली थी।

**1917 :** पेट्रोग्राड में रूसी सैनिकों का विद्रोह।

**1970 :** यूरोपीय देश फ्रांस में आये बर्फीले तूफान से 70 लोगों की मौत।

**2002 :** दक्षिण कोरिया में एक विमान दुर्घटना में 120 यात्रियों की मौत।

**2008 :** लंदन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण हुआ।

**अगर आप सफल होना चाहते हो तो आपको अपने काम में एकाग्रता लानी होगी- बिल गेट्स**

# खेती के लिए राज्य सरकार देगी सहायता
# किसानों की कमाई होगी दोगुनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के किसानों के लिए खुशखबरी है। अब उन्हें चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। फसल उगाने के लिए अब सरकार उन्हें पैसा देगी। किसानों की कमाई भी दोगुनी होने वाली है। इन सब को लेकर सरकार ने एक मिशन शुरू किया है। बिहार सरकार राज्य में बागवानी फलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना चला रही है। इस योजना के तहत किसानों को आम और लीची की खेती पर 50 फीसदी की सब्सिडी दी जा रही है। यानी खेती करने में जो भी लागत आएगी, उसमें सरकार आधा खर्च देगी। लीची और आम के अलावा केला और पपीता की खेती करने वाले किसानों को 75 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। प्रदेश सरकार का मानना है कि बागवानी फसलों की खेती करने पर किसानों की कमाई में बढ़ोत्तरी होगी और उनका जीवन स्तर सुधरेगा।



**सिंचाई पर 80 प्रतिशत सब्सिडी**

मंगलवार को प्रदेश के डिप्टी सीएम और कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि फलों की खेती को बढ़ावा देने से न सिर्फ बागवानी क्षेत्र का विस्तार होगा, बल्कि किसानों को भी अधिक मुनाफा होगा। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत सिंचाई करने पर किसानों को 80 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है।

**टेक्निकल ट्रेनिंग दे रही सरकार**

डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने आगे कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य सिर्फ उत्पादन बढ़ाना नहीं है, बल्कि किसानों की आमदनी दोगुनी करना, ग्रामीण इलाकों में स्वरोजगार को बढ़ावा देना और युवाओं को आधुनिक खेती से जोड़ना है। इसके साथ ही सरकार किसानों को वैज्ञानिक खेती के लिए टेक्निकल ट्रेनिंग भी दे रही है।

# दो सड़क दुर्घटनाओं में चार की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद/ अरवल।** मंगलवार को औरंगाबाद एवं अरवल जिले में हुए सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई। एक तरफ जहां औरंगाबाद में दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई वहीं अरवल में जदयू नेता की कार एक कंटेनर से टकरा गई जिसमें नेता सहित दो लोगों की जान चली गई।

**रफीगंज (औरंगाबाद) संवाददाता के अनुसार**

रफीगंज-बराही पथ के कोटवारा गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी। गया जिला के पैरया गांव निवासी दिलीप चन्द्रवंशी के 30 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार एवं ओबरा थाना के शेख बिगहा निवासी मो फारूक के 22 वर्षीय पुत्र नौशाद आलम दोनो एक ही बाईक से बराही बाजार से अपनी दुकान बंदकर रफीगंज आ रहे थे। वहीं विपरीत दिशा से जा रही बाइक से आमने- सामने उनकी टक्कर हो गयी, जिससे रौशन और नौशाद की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। दूसरा




बाइक चालक को गाड़ी छोड़कर घायल अवस्था मे ही परिजन लेकर चले गये। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार, एसआई मिथिलेश कुमार, महेश पासवान, एएसआई बवनजीत कुमार, अवधेश सिह और डायल 112 की पुलिस पहुचकर जांच पड़ताल कर दोनों के शव को कब्जे में लेकर रफीगंज अस्पताल लाया। मृतक रौशन और नौशाद घर का इकलौता चिराग था। रौशन का वराही बाजार मे कपडा का दूकान है। नौशाद का पैथोलॉजी सेंटर है। दोनो अपनी दूकान बंद कर एक ही बाईक से रफीगंज घर लौट रहे थे। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम कराकर दोनों के शवों को परिजनों को सौप दिया गया है।

**अरवल संवाददाता के अनुसार**

अरवल के राष्ट्रीय राजमार्ग-139 पर बुलाकी बीघा गांव के पास जदयू नेता की कार एक कंटेनर से टकरा गई। इस हादसे में जदयू नेता समेत दो लोगों की जान चली गई और तीन लोग घायल भी हुए हैं। वे झारखंड के रजरप्पा म ंदिर से पूजा करके लौट रहे थे।मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे कंटेनर से स्कॉर्पियो वाहन की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष जीतन शर्मा समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार 20 सूत्री उपाध्यक्ष समेत अन्य लोग झारखंड के मां रजरप्पा से लौट रहे थे तभी भीषण सड़क हादसा हुआ। मृतक जीतन शर्मा बेलसर गांव के निवासी थे और जिले में एक लोकप्रिय एवं अनुशासित जनप्रतिनिधि के रूप में जाने जाते थे।

## संक्षिप्त समाचार

### रॉबर्ट वाड्रा से 6 घंटे इडी ने की पूछताछ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा मंगलवार को पैदल ही प्रवर्तन निदेशालय के ऑफिस पहुंचे। जहां उनसे गुरुग्राम के शिकोहपुर लैंड घोटाले में 6 घंटे पूछताछ हुई। उन्हें इडी ने कल फिर बुलाया है। इडी ने जमीन सौदे से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच में पूछताछ के लिए उन्हें ये दूसरा समन भेजा था। वाड्रा इससे पहले 8 अप्रैल को भेजे गए पहले समन पर पेश नहीं हुए थे। इडी ऑफिस जाते हुए वाड्रा ने कहा कि ये कार्रवाई राजनैतिक मंशा से हो रही है। उन्होंने आगे कहा,'' जब भी मैं लोगों की आवाज बुलंद करूंगा, या राजनीति में आने की कोशिश करूंगा, ये लोग मुझे दबाएंगे और एजेंसियों का दुरुपयोग करेंगे। मैं हमेशा सभी सवालों के जवाब देता हूं और देता रहूंगा। केस में कुछ है ही नहीं। 20 बार गया हूं, 15-15 घंटे बैठा हूं। मैंने 23 हजार डॉक्यूमेंट दिए हैं, फिर कहते हैं दोबारा डॉक्यूमेंट दो, ऐसे थोड़ी चलता है।''

### हेमंत सोरेन चुने गए झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो के 13वें महाधिवेशन में सीएम हेमंत सोरेन को पार्टी का केंद्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया है। 38 वर्षों के बाद पार्टी के संस्थापक और दिग्गज नेता शिबू सोरेन अध्यक्ष रहने के बाद अब ये जिम्मेदारी उनके बेटे हेमंत सोरेन को मिली है। 15 अप्रैल 2025 को झारखंड मुक्ति मोर्चा के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया। झामुमो के 13वें महाधिवेशन में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पार्टी का केंद्रीय अध्यक्ष चुना गया। इससे पहले जेएमएम के 13 वें महाधिवेशन में केन्द्रीय समिति सदस्यों की हुई जिलावार घोषणा की गई। केन्द्रीय समिति सदस्य में होंगे कुल 284 सदस्य हैं। इसकी घोषणा पार्टी के केन्द्रीय महासचिव विनोद पांडे ने की।

### कैफे संचालक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्लॉक परिसर स्थित साइबर कैफे संचालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मामले की जानकारी के बाद सूचना पर पहुंचे एसआई मनीष कुमार और दिनेश सिंह पुलिस छानबीन में जुट गए। मनीष कुमार के मुताबिक, मृतक के गले पर गहरे जख्म के निशान पाए गए हैं। मृतक के परिजनों ने साजिश के तहत हत्या करने की आशंका भी जताई है। मामला जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र का है।मृतक की पहचान 37 साल के संजय कुमार उर्फ मुन्ना के रूप में हुई है। मृतक पूर्वी चंपारण जिले के तुरकौलिया के रहने वाले योगेन्द्र यादव का बेटा बताया गया है।

# फीस वृद्धि के खिलाफ होगी जांच

**नई दिल्ली (नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों की फीस बढ़ाने की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। प्राइवेट स्कूलों द्वारा शिक्षा निदेशालय की अनुमति के बिना फीस बढ़ाने की शिकायतें पिछले एक महीने से लगातार आ रही है। एक अप्रैल से ही नया शिक्षा सत्र शुरू हुआ है, तब से इन शिकायतों की बाढ़ सी आ गई है। कई स्कूलों के खिलाफ बच्चों के पेरेंट्स लगातार शिकायत और विरोध प्रदर्शन भी कर रहे हैं। इसी क्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मंगलवार को एक जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान भी एक अभिभावक ने स्कूल की फीस बढ़ाने की शिकायत की। इस शिकायत को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट लिखकर जानकारी दी है। साथ ही स्कूल के खिलाफ जांच करने का आदेश भी दिया है।

# नीतीश कुमार ही होंगे बिहार के अगले मुख्यमंत्री : निशांत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के द्वारा पिछले कुछ समय से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर सवाल उठाए जाने पर उनके बेटे निशांत कुमार ने एक बार फिर से विरोधियों को जवाब दिया है। निशांत एक रिसेप्शन पार्टी में शामिल होने के लिए पहुंचे थे, जहां मीडिया ने उनसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य से जुड़ा सवाल पूछा। तेजस्वी यादव द्वारा मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य पर लगातार सवाल उठाए जाने पर निशांत ने दो टूक जवाब देते हुए कहा कि पिता जी पूरी तरह स्वस्थ हैं और आराम से अगले पांच साल तक सरकार चला सकते हैं। बिहार की जनता सब देख रही है, अंतिम फैसला जनता को ही लेना है। वहीं, बिहार में एनडीए की ओर से मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर किए गए सवाल पर निशांत कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार ही बिहार के अगले



मुख्यमंत्री होंगे। पूरी एनडीए पिताजी के समर्थन में है और वह पूरी तरह से स्वस्थ हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा क्यों नहीं बनाएगी? अभी अमित अंकल बोल के गए हैं। सम्राट चौधरी भी बोले हैं कि पिता जी (नीतीश कुमार) 15 साल से उनके नेता हैं, उन्हीं के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा। वहीं, मीडियाकर्मियों ने निशांत से पूछा कि क्या वो राजनीति में आएंगे तो उन्होंने कहा कि हम राजनीति में आएंगे या नहीं वो छोड़िए आप लोग

**■ मुख्यमंत्री के पुत्र ने एक दफा फिर से विरोधियों को दिया जवाब**

एनडीए की सरकार बनाइए। पिता जी को नेतृत्व में लाइए। निशांत से सवाल किया गया कि एनडीए दावा कर रही है कि इस बार के विधानसभा चुनाव में 225 सीट जीतेगी तो उन्होंने कहा कि 225 ही क्यों 2010 की तरह जनता पिताजी को जिताए। उनसे पूछा गया कि महागठबंधन का दावा है कि इस बार एनडीए की सराकर नहीं बनेगी तो उन्होंने कहा कि, जनता देख रही है और जनता फैसला करेगी। पिता जी एक बार फिर मुख्यमंत्री बनेंगे। मैं आप लोगों से अपील करता हूं कि एनडीए की सरकार बनाएं। पिताजी के नेतृत्व में सरकार बनाएं। जनता फैसला लेगी कि विधानसभा चुनाव 2025 के विधानसभा में कौन जीतेगा?

# अब एकजुट होकर होगी लड़ाई : राजेश कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ने स्पष्ट किया है कि इंडी गठबंधन को लेकर उठ रहे तमाम सवालों पर अब विराम लग चुका है। उन्होंने कहा कि अब यह पूरी तरह तय हो गया है कि इंडी गठबंधन के सभी घटक दल एनडीए के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करेंगे और जीत हासिल करेंगे। राजेश कुमार ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा, ''इंडी गठबंधन को लेकर जो भ्रम फैलाने की कोशिश की जा रही थी, वह अब खत्म हो गई है। हम सभी दल एकमत हैं और साझा रणनीति के तहत आगे बढ़ रहे हैं।'' उन्होंने यह भी बताया कि महागठबंधन से जुड़े विभिन्न विषयों पर क्रमबद्ध तरीके से चर्चा की जाएगी।'' हम अलग-अलग तिथियों पर बैठकें करेंगे, जिसमें सभी सहयोगी दलों के साथ विचार-विमर्श कर रणनीति तय की जाएगी। इसमें सीट बंटवारे से लेकर प्रचार अभियान की रूपरेखा तक शामिल होगी,'' उन्होंने कहा। कांग्रेस नेता ने विश्वास जताया कि जनता मौजूदा सरकार की विफलताओं को समझ चुकी है और आने वाले चुनाव में बदलाव के पक्ष में मतदान करेगी। उन्होंने कहा कि देश को एक वैकल्पिक और मजबूत नेतृत्व की जरूरत है, जो केवल इंडी गठबंधन ही दे सकता है। राजेश कुमार के बयान से साफ हो गया है कि विपक्षी खेमे में अब एकता को लेकर कोई संदेह नहीं रह गया है।



# पोखर में डूबने से दो किशोरियों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीतामढ़ी।** जिले के बथनाहा थाना क्षेत्र का बैरहा बराही पंचायत अंतर्गत कोआरी गांव में मंगलवार को उस वक्त चीत्कार मच गया, जब डूबने से दो किशोरियों की मौत हो गयी। जिस परिवार की बच्चियों की डूबने से मौत हुई है, उस परिवार में शादी थी। घटना के बाद शादी का उमंग मातम में बदल गया। मृत किशोरियों की पहचान कोआरी गांव निवासी सुलेमान बैठा की पुत्री रशीदा खातून और लछुआ गांव निवासी शाह मोहम्मद की पुत्री शदिना खातून के रूप में की गयी है। दोनों की उम्र करीब 11 व 12 वर्ष बताया गया है। घटना की सूचना पर गांव में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही थाना के अपर थानाध्यक्ष संध्या रानी, अवर निरीक्षक आरती व एएसआइ अजीत कुमार सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। बताया गया कि दोनों किशोरी



गांव के पोखर में स्नान करने गयी थी, जहां डूब गयी। ग्रामीणों द्वारा किसी प्रकार दोनों को पोखर से बाहर निकाला गया। इलाज के लिये ले जाने का प्रयास किया गया, लेकिन तबतक देर हो चुकी थी और दोनों किशोरियों की मौत हो चुकी थी। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग जुट गये। पंचायत के मुखिया रमेश कुमार ने दोनों बच्चियों के परिजन को अपने निजी कोष से तत्काल दो-दो हजार रुपये की मदद की। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही थी। परिवार में मातम का माहौल था।

# ब्राउन शुगर गिरोह का भंडाफोड

**भागलपुर (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के भागलपुर पुलिस ने तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। भारी मात्रा में ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। इस मामले में दो तस्करों को हिरासत में लिया गया है। हिरासत में लिए गए तस्करों की निशानदेही पर ही पुलिस ने ब्राउन शुगर व नशे में प्रयुक्त होने वाली इलेक्ट्रॉनिक मशीनें बरामद की है। भागलपुर शहर जोगसर थाना क्षेत्र के बूढ़ानाथ मोहल्ले में रहने वाले मनीष कुमार और मनोज कुमार के घर छापेमारी करने पहुंची। काउंटर इंसर्जेंसी एंड एंटी टेररिज्म और भागलपुर पुलिस ने उनके घर से ब्राउन शुगर बरामद किया है। पूछताछ करने पर बूढ़ानाथ मोहल्ले के सकिचंद घाट सहित कई गंगा घाट के किनारे झाड़ियों में खोजबीन की गई। जहां से पुलिस को भारी मात्रा में ब्राउन शुगर और इलेक्ट्रॉनिक मशीन मिली है।

# अब गर्मियों में नहीं करना होगा पेयजल संकट का सामना

## लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने बनाई ठोस कार्य योजना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार ने आगामी ग्रीष्म ऋतु के दौरान संभावित जल संकट से निपटने की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) द्वारा इस संबंध में व्यापक कार्य योजना तैयार की गयी है। मंत्री नीरज कुमार सिंह के मुताबिक, चापाकलों की मरम्मति एवं रख-रखाव के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिन पंचायतों में भू-जल स्तर नीचे चला गया है, वहां राइजर पाइप बढ़ाकर चापाकलों को क्रियाशील बनाए रखने की व्यवस्था की जा रही है। मंत्री नीरज सिंह ने बताया कि मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल 1520 नए चापाकलों के निर्माण की अग्रिम स्वीकृति दी जा चुकी है। साथ ही चापाकलों के मरम्मति के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राज्यभर में कुल 1,20,749 चापाकलों की मरम्मति का कार्य शुरू कर दिया गया है। सभी चापाकलों की मरम्मति की रिपोर्ट ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज की जा रही है और जिओ टैग्ड फोटोग्राफ एवं सामाजिक प्रमाणिकरण भी प्राप्त किये जा रहे हैं। गर्मी में पेयजलापूर्ति की चुनौती से निपटने के लिए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री नीरज कुमार सिंह ने अधिकारियों को व्यापक दिशा-निर्देश दिए हैं। सर्वप्रथम अकार्यरत चापाकलों की तत्काल मरम्मति कराने एवं जल संकटग्रस्त क्षेत्रों में 'हर घर नल का जल' संरचनाओं के अतिरिक्त टैंकरों के माध्यम से जल आपूर्ति कराने का उन्होंने निर्देश दिया है। सार्वजनिक स्थलों, विद्यालयों और महादलित टोलों में चापाकलों को प्राथमिकता के आधार पर दुरूस्त किया जा रहा है। साथ ही भूजल स्तर में संभावित गिरावट को देखते हुए पंचायत स्तर पर जल स्रोतों की स्थिति का दैनिक आधार पर आकलन किया जा रहा है। जिन क्षेत्रों में भूजल का स्तर अत्यधिक नीचे चले जाने से जलापूर्ति योजनाएं प्रभावित होती हैं, वहां टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जल संकटग्रस्त पंचायतों को प्राथमिकता के आधार पर जल वितरण का रूट चार्ट तैयार किया गया है, ताकि किसी भी गांव या टोले में पेयजल की कमी न हो। पूरी व्यवस्था की जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष के माध्यम से निगरानी भी की जा रही है।

# दिल्ली में जारी रहेगी मुफ्त बिजली योजना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में में 200 यूनिट तक फ्री बिजली मिलती रहेगी। इसके लिए मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में अहम फैसला लिया गया। कैबिनेट के फैसले के मुताबिक बिजली उपभोक्ताओं को चालू वित्त वर्ष में बिजली की सब्सिडी मिलती रहेगी। आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान जिस तरह 200 यूनिट बिजली इस्तेमाल करने पर घरेलू उपभोक्ताओं को कोई बिल नहीं देना होता था, वह सब्सिडी मिलती रहेगी। मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में हुई कैबिनेट की बैठक में ये फैसला लिया गया। कैबिनेट द्वारा लिए गए फैसले की जानकारी मंत्री आशीष सूद ने दी। उन्होंने कहा कि अब घरेलू उपभोक्ताओं के अलावा विशेष प्रावधान के तहत किसानों को भी अब बिजली सब्सिडी का लाभ मिलेगा।

# पहली बार आईआईएम के 19 छात्रों ने सुधा में किया योगदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में पहली बार आईआईएम के 19 छात्रों ने बिहार स्टेट मिल्क को-अपरेटिव फेडरेशन (कम्फेड) में योगदान दिया। कम्फेड जो बिहार राज्य में डेयरी के विकास हेतु शीर्ष सहकारी संस्था है, राज्य के 14.45 लाख पशुपालक सदस्यों से प्रतिदिन 30 लाख लीटर संग्रहित दूध एवं उसके बने विभिन्न उत्पादों का विपणन सुधा ब्राण्ड से बिहार, झारखण्ड, पूर्वोत्तर राज्यों, दिल्ली एन.सी.आर. के साथ-साथ पश्चिम बंगाल में कलकत्ता, सिल्लीगुड़ी, उत्तर प्रदेश के वाराणसी एवं बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रो में विपणन करती है। वर्तमान में कम्फेड के द्वारा टीन पैक गुलाब जामुन कनाडा एवं घी अमेरिका के बाजार में भेजा गया है, इस तरह से देश की डेयरी क्षेत्र में तीसरी सहकारी संस्था है जो अपने उत्पादों को अंतराष्ट्रीय बाजार में विपणन कर रही है। इससे कम्फेड से जुड़े दुग्ध उत्पादकों की आय में वृद्धि



होगी। कम्फेड जो अपने स्थापना काल से निरंतर अपने दुग्ध उत्पादकों के आर्थिक समृद्धि के लिए कार्य करती रही है वर्तमान में अपने दुग्ध उत्पादकों को प्रतिवर्ष 3000 करोड़ राशि दूध के मूल्य के रूप में प्रदान करती है अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए पहली बार भारतीय प्रबंधन संस्थान बोध गया से 19 प्रबंधन स्नातक का चयन कर नियुक्त किया है, इनके साथ-साथ 05 प्रबंधक स्नातक चंद्रगुप्त इस्टीट्यूट अफ मैनेजमेन्ट पटना से, 01 प्रबंधक स्नातक, विकास प्रबंधन संस्थान पटना से, 06 प्रबंधक स्नातक एल एन मिश्रा आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान पटना से, 19 कनिय लेखा कार्यपालक, इस्टीट्यूट अफ कस्ट अकाउटिंग, पटना से चयन की जा चुकी है और अन्य संस्थाओं से चयन की प्रक्रिया की जा रही है। वर्तमान में कम्फेड लगभग 4000 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रूप से एवं 40,000 व्यक्तियो को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार दे रही है, जिसे अगले पांच वर्षो में बढ़ाकर प्रत्यक्ष रूप से 12000 व्यक्तियो को एवं अप्रत्यक्ष रूप से 1,20,000 व्यक्तियों को रोजगार देते हुए कम्फेड के व्यापार को जो वर्तमान में 5500 करोड़ का है बढ़ाकर 10,000 करोड करने का लक्ष्य है।

**आवश्यकता**

**सुधा आइसक्रीम सेल्स टीम के एरिया मैनेजर के पद पर युवकों की आवश्यकता है**

**कौस्तुभ इंटरप्राइजेज**

**(जिला डिस्ट्रीब्यूटर- सुधा आइसक्रीम)**

**सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार)**

**मो.- 6206165107**

**नोट: आइसक्रीम कुल्फी के विभिन्न प्रोडक्ट के लिए दुकानदार बंधु भी संपर्क करें।**



# 15 अगस्त से पहले पीएम और सीएम कर सकते हैं पटना मेट्रो का उद्घाटन : सम्राट चौधरी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बिहार सरकार और दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की ओर से अगस्त के मध्य तक पटना मेट्रो शुरू करने की तैयारी की जा रही है। अगर सब कुछ योजना के मुताबिक चलता रहा तो इस साल 15 अगस्त से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना मेट्रो का उद्घाटन कर सकते हैं। वहीं, राज्य के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने बताया है कि इस साल उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर के मलाही पकड़ी से आईएसबीटी सेक्शन पर मेट्रो चलाने की तैयारियां जोरों पर है। मेट्रो सेवा की शुरूआत में तीन रेक होंगे जिनमें एक बार में लगभग 150 यात्री सफर कर सकेंगे। धीरे-धीरे यात्रियों की संख्या और मांग को देखते हुए रेक की संख्या और कोच की क्षमता भी बढ़ाई जाएगी। एक मेट्रो ट्रेन में अधिकतम छह कोच तक जोड़े जा सकते हैं। यात्रा के किराये की बात करें तो एक सवारी के लिए किराया 10 रुपये से 60 रुपये के बीच प्रस्तावित किया गया है। अंतिम निर्णय मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बने पैनल द्वारा लिया जाएगा। बताया जा रहा है कि पटना मेट्रो के हर कोच में एसी की सुविधा होगी। साथ ही सीसीटीवी कैमरे, वाई-फाई कनेक्टिविटी और मोबाइल चार्जिंग सॉकेट्स भी लगाए जा रहे हैं। स्टेशनों को भी पूरी तरह आधुनिक बनाया जा रहा है जहां कैफेटेरिया और शॉपिंग जोन जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। पटना मेट्रो के उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर का मलाही पकड़ी से आईएसबीटी वाला सेक्शन पहले चरण में सक्रिय किया जा रहा है। कुल 14.45 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर का 6.63 किमी हिस्सा एलिवेटेड है। इस हिस्से में पांच प्रमुख स्टेशन होंगे। मलाही पकरी, खेमनीचक, भूतनाथ, जीरो माइल और आईएसबीटी। इसके अलावा पटना विश्वविद्यालय की दिशा में दो और स्टेशनों के लिए ट्रैक बिछा दिए गए हैं जिन्हें बाद में चालू किया जाएगा। उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर-2 मलाही पकरी से शुरू होकर राजेंद्र नगर, पटना विश्वविद्यालय, गांधी मैदान और रेडियो स्टेशन होते हुए पटना जंक्शन तक फैला हुआ है। इसकी कुल लंबाई 14.57 किलोमीटर है जिसमें से 8.08 किलोमीटर भाग भूमिगत है। इस परियोजना की नींव प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2019 में रखी थी। दूसरी ओर दानापुर से बेली रोड होते हुए खेमनीचक तक फैले 17.93 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर-1 पर भी काम जोरों पर है। हालांकि गोलारोड से पटना स्टेशन तक भूमिगत नेटवर्क के निर्माण में कुछ देरी हुई है जिसका कारण निर्माण कंपनियों के चयन में विलंब बताया गया है। जल्द ही दानापुर से गोला रोड तक एलिवेटेड हिस्से पर ट्रैक बिछाने का काम शुरू होगा। इस कॉरिडोर में कुल 14 स्टेशन होंगे जिनमें सगुना मोड़, आरपीएस मोड़, पाटलिपुत्र, रुकनपुरा, चिड़ियाघर, विकास भवन और विद्युत भवन जैसे प्रमुख स्टेशन शामिल हैं।

# जीतन राम मांझी की कोई नाराजगी नहीं : दिलीप जायसवाल

## पूरी मजबूती के साथ हमलोग बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** एनडीए में शामिल हिन्दुस्तानी आवास मोर्चा(हम) के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के गठबंधन में उनके साथ सौतेला व्यवहार किए जाने के आरोप पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि उनकी कोई नाराजगी नहीं है। उन्होंने कहा कि मांझी जी तो हमसे भी अधिक खुश हैं। आज सुबह ही मुलाकात हुई थी, वह बहुत खुश हैं और उनकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। एनडीए में कही कोई दिक्कत नहीं है। पूरी मजबूती के साथ हमलोग बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं।

दिलीप जायसवाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत होगी और एनडीए की सरकार बनेगी। तेजस्वी यादव के मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से मुलाकात पर उन्होंने कहा कि इन लोगों का गठबंधन बेमेल गठबंधन है। दोनों तराजू पर मेंढक की तरह हैं। एक इधर से उछल के जाएगा, एक उधर से उछल कर चला जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यहां बड़ी भूमिका में आना चाहती हैं, लेकिन राजद कभी उन्हें बड़ी भूमिका में आने नहीं देना चाह रहा है। इसलिए इससे कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति पारस की एनडीए छोड़ने पर उन्होंने कहा कि मेरा गठबंधन लोक जनशक्ति पार्टी (रा) से है, हमको उस पार्टी से कोई मतलब नहीं है। उनका रहना नहीं रहना बिहार की राजनीति या एनडीए की सेहत पर कोई प्रभाव नहीं डालनेवाला है। वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर बड़ा हमला करते हुए दिलीप जायसवाल ने उनको चेतावनी दी और कहा कि उनको अपने आदत में सुधार लाना चाहिए।

# प्रभावती देवी की पुण्यतिथि पर प्रभा स्मृति पर्व का आयोजन

## भाषण प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** महिला चरखा समिति, कदमकुआं, पटना में प्रभावती देवी की पुण्यतिथि पर प्रभा - स्मृति पर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामूहिक प्रार्थना सभा आयोजित की गयी। प्रार्थना उपरांत संगीत प्रशिक्षण हेतु प्रभा संगीत केंद्र का उद्घाटन किया गया तथा समिति में हस्त निर्मित उत्पादित वस्तुओं की प्रदर्शनी लगायी गई। अपराह्न 03:30 बजे महिला चरखा समिति सभागार में प्रभा स्मृति पर्व मनाया गया और 9-04-2025 को आयोजित भाषण प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता महिला चरखा समिति की अध्यक्षा प्रो० तारा सिन्हा ने किया। अतिथियों का स्वागत सह मंच संचालन महिला चरखा समिति की मंत्री डॉ० मृदुला प्रकाश ने किया। सभा में पूर्व संग्रहालय निदेशक पटना, बिहार डॉ० उमेश चन्द्र द्विवेदी एवं प्रो० ज्योति वर्मा ने अपने विचार व्यक्त किये। पुरस्कार वितरण का संचालन कविता नाथ ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन महिला चरखा समिति की कोषाध्यक्षा डॉ० मधुबाला वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित हुए।

# तेजस्वी की कांग्रेस नेतृत्व से मुलाकात पर गरमायी बिहार की सियासत

## जदयू ने कांग्रेस को दी तेजस्वी को महागठबंधन का सीएम चेहरा घोषित करने की चुनौती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव की दिल्ली में कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकात पर सियासत गरमा गई है। जदयू और भाजपा ने इस मुलाकात पर तंज कसा है। इसको लेकर जदयू ने कांग्रेस को खुली चुनौती दे दी है। जदयू के मुख्य प्रवक्ता और विधान पार्षद नीरज कुमार ने कहा कि हिम्मत है तो कांग्रेस तेजस्वी यादव को महागठबंधन का मुख्यमंत्री उम्मीदवार आज घोषित करे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। क्या तेजस्वी जैसे दागदार नेता के आगे कांग्रेस आत्मसमर्पण करेगी? नीरज कुमार ने तेजस्वी को कहा कि ईडी सक्रिय है। सचेत रहिए। बिहार में हेर-फेर करिएगा तो कानून अपना काम करेगा। उन्होंने कहा लोकसभा चुनाव में राजद से बेहतर स्ट्राइक रेट कांग्रेस और वाम दल का रहा। उन्होंने कहा कि राजद को उम्मीद थी कि आज तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री उम्मीदवार महागठबंधन का घोषित किया जाएगा, लेकिन कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया। तेजस्वी को वेटिंग लिस्ट में डाल दिया। कांग्रेस तिल-तिलकर परेशान कर रही है, लेकिन राजद राजनीतिक आत्मसमर्पण कर हर अपमान को झेल रही है। वेटिंग लिस्ट बरकरार है। नीरज कुमार ने कहा कि एनडीए में नेतृत्व को लेकर कोई कन्फ्यूजन नहीं है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए विधानसभा चुनाव लड़ेगा। 2025-30 नीतीश मुख्यमंत्री रहेंगे। नीतीश हैं तो निश्चिंत हैं। वहीं, तेजस्वी यादव की सक्रियता पर पूछे जाने पर नीरज कुमार ने कहा कि क्या लालू यादव राजनीतिक रूप से नाकाबिल हो गए हैं? उन्होंने कहा कि अगर वह नाकाबिल हैं तो पार्टी में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर क्यों हैं? उनको हटाया जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीतिक जमीर बचा है या नहीं। जो दफा 420 का आरोपी है जिसके ऊपर सैलरी घोटाला है, ये सारे साक्ष्य मौजूद हैं, कांग्रेस उसको अहमियत दे रही है। नीरज कुमार ने कहा कि कांग्रेस से हमारा राजनीतिक मतभेद है, लेकिन उनके पास स्वतंत्रता सेनानी की शानदार विरासत है। ऐसी स्थिति में तेजस्वी यादव और उनके पिता लालू यादव का नेतृत्व कांग्रेस स्वीकार कर रही है तो कांग्रेस की राजनीतिक दुर्गति को कोई नहीं बचा सकता है। वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस का एक ही एजेंडा है कि वह किसी भी परिस्थिति में बिहार में अपनी जमीन तलाश करे, लेकिन राजद ने कांग्रेस को औकात में रखने का ब्लू मैप तैयार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद आने वाले समय में समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर समझौता करते भी हैं तो एक दूसरे को नीचा दिखाने का प्रयास करेंगे। वहीं, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राजद और कांग्रेस की बैठक कोई चैलेंज नहीं है। पूरा इंडिया गठबंधन मिलकर भी लड़ेगा तो बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही होंगे। उधर, दूसरी ओर तेजस्वी यादव की राहुल गांधी और खड़गे के साथ हुई बैठक पर राजद ने दावा किया है कि कांग्रेस आलाकमान की सहमति है। राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि तेजस्वी यादव महागठबंधन के मुख्यमंत्री उमीदवार हैं। इसमें कहीं भी किंतु-परंतु नहीं है।

# जैन धर्मावलंबियों ने भगवान पार्श्वनाथ का गर्भ कल्याणक भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जैन समाज द्वारा श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कदमकुआं सहित मीठापुर, मुरादपुर, कमलदह एवं अन्य जैन मंदिरों में जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का गर्भ कल्याणक भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया गया। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि इस अवसर पर जैन समाज के लोगों ने भगवान पार्श्वनाथ की पूजा-अर्चना की और उनके जीवन एवं उपदेशों को याद किया। भगवान पार्श्वनाथ के गर्भ कल्याणक के अवसर पर अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजा के बाद उनके जीवन एवं उपदेशों को याद करने और उनके संदेशों को अपने जीवन में लागू करने के बारे में बताया गया। इस अवसर पर कदमकुआं, मीठापुर, मुरादपुर, कमलदह आदि दिगंबर जैन मंदिरों में अभिषेक, शांतिधारा एवं मंगल आरती किया गया।

# बिहार में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन बड़ी उपलब्धि : डॉ. प्रेम कुमार

## प्रधानमंत्री करेंगे उद्घाटन, 10,000 से अधिक लोगों की भागीदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में पहली बार आयोजित होने जा रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। चार मई से शुरू होकर पंद्रह मई तक चलने वाले इस मेगा इवेंट में देश भर से करीब 500 खिलाड़ी और 1500 तकनीकी स्टाफ सहित कुल 10,000 से अधिक लोग हिस्सा लेंगे। आयोजन पटना, गया, राजगीर, भागलपुर और बेगूसराय जिलों में किया जाएगा। खेलो इंडिया यूथ गेम्स के आयोजन को लेकर बिहार सरकार में सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार प्रतियोगिता में 28 खेलों का आयोजन किया जाएगा। खेलों का औपचारिक उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार खेल क्षेत्र में एक नया इतिहास रचने की दिशा में अग्रसर है। प्रेम कुमार ने कहा कि खेलो इंडिया की शुरूआत नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुई थी जिससे युवाओं को 'मेडल लाओ, नौकरी पाओ' जैसी योजनाओं का लाभ मिलने लगा है। उन्होंने बताया कि खेलों के माध्यम से बिहार की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को भी उजागर किया जाएगा। खेलों के डिजाइन में महाबोधि मंदिर, नालंदा विश्वविद्यालय, पीपल वृक्ष, गोरैया, मधुबनी पेंटिंग और छठ पूजा जैसे प्रतीक शामिल किए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2014 के बाद से देश के खेल बजट में तीन गुना की वृद्धि हुई है। 2014 में जहां यह बजट 850 करोड़ था, वहीं 2023 में यह बढ़कर 2,500 करोड़ हो गया है। खेलो इंडिया योजना के तहत अकेले 1,000 करोड़ से अधिक की राशि आवंटित की गई है। इन प्रयासों का परिणाम यह रहा है कि भारत ने पिछले 10 वर्षों में ओलंपिक में आठ पदक जीते हैं जबकि पिछले 60 वर्षों में कुल 15 पदक ही आए थे। बिहार में नालंदा जिले में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई है जहां खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण, उपकरण, खेल मैदान, पोषणयुक्त आहार और देशी-विदेशी प्रशिक्षकों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार ने खिलाड़ियों को नौकरी में आरक्षण और बेटियों के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का निर्णय भी लिया है। प्रेम कुमार ने कहा कि अब समय बदल चुका है। कभी कहा जाता था 'खेलोगे, कूदोगे होगे खराब', लेकिन आज खिलाड़ी खेल के दम पर देश-विदेश में नाम कमा रहे हैं, सम्मान पा रहे हैं और बेहतर करियर बना रहे हैं। आज कहा जा सकता है–'खेलोगे, कूदोगे बनोगे नवाब।'

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 4 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# पूर्व मध्य रेल महाप्रबंधक ने की उच्चस्तरीय बैठक

## संरक्षा एवं यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने पर बल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक में महाप्रबंधक द्वारा यात्री सुविधा, रेल संरक्षा सहित पूर्व मध्य रेल पर चल रहे आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गयी। बैठक में पावर प्वाईंट प्रजेंटेशन के माध्यम से उपलब्धियों एवं किये जा रहे कार्यों की जानकारी तथा निर्धारित लक्ष्य से महाप्रबंधक को अवगत कराया गया। महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्री सुविधा, सुरक्षा, संरक्षा आदि के संबंध में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रेल परिचालन में संरक्षा नियमों के शत-प्रतिशत अनुपालन का निर्देश दिया और कहा कि संरक्षा के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिये। निर्माण परियोजनाओं की कार्य प्रगति की मॉनिटरिंग के साथ-साथ उसमें तेजी लाने तथा नई योजनाओं के कार्यान्वयन में नई तकनीक के प्रयोग पर भी महाप्रबंधक ने बल दिया।

# हरजोत कौर बम्हरा ने संभाला पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव का कार्यभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हरजोत कौर बम्हरा ने मंगलवार को बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में अपर मुख्य सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया। मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा उनकी नियुक्ति की अधिसूचना के बाद उन्होंने औपचारिक रूप से कार्यभार संभाला। पदभार ग्रहण करने के बाद अरण्य भवन में विभागीय अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर विभागीय योजनाओं एवं क्रियान्वयन की स्थिति पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। बम्हरा ने बैठक में विभिन्न संवर्गों में रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाने और आवश्यकतानुसार नए पद सृजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने इको-डेवलपमेंट समिति/संयुक्त वन प्रबंधन समिति एवं फॉरेस्ट बाउंड्रीज को सुदृढ़ करने के लिए त्वरित कार्रवाई करने का भी आदेश दिया। पर्यावरण संरक्षण को लेकर उन्होंने राज्य में अधिक से अधिक वृक्षारोपण के निर्देश दिए और कहा कि विभागीय योजनाओं को मंजूरी और क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए। बैठक में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (हॉफ) प्रभात कुमार गुप्ता, प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरविंदर सिंह, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्य नियोजना, प्रशिक्षण एवं विस्तार अभय कुमार द्विवेदी, विशेष सचिव अभय कुमार, मुख्य वन संरक्षक सुरेंद्र सिंह, मुख्य वन संरक्षक(आईटी) एस चंद्रशेखर, मुख्य वन संरक्षक संयुक्त वन प्रबंधन एस कुमारासामी, क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक गोपाल सिंह, विशेष सचिव कंवल तनुज, संयुक्त सचिव चितरंजन शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अंबेदकर जयंती के उपलक्ष्य में पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**हाजीपुर।** भारत रत्न बाबा साहेब डा0 भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय, हाजीपुर में वैशाली रेल प्रेक्षागृह में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम में पूमरे के प्रधान विभागाध्यक्षों व उच्चाधिकारियों सहित, यूनियन, एससीएसटी एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा भी बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि बाबा साहब ने समाज में समानता, न्याय एवं समरसता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। बाबा साहब के जयंती दिवस को विश्व में समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में भी मनाया जाता है क्योंकि जीवन भर समानता के लिए संघर्ष करने वाले बाबा साहब को समानता और ज्ञान का प्रतीक माना जाता है। बाबा साहब को किसी जाति, धर्म, क्षेत्र, संप्रदाय आदि में बांधकर नहीं रखा जा सकता है क्योंकि उन्होंने न केवल दबे-कुचले समाज को मुख्य धारा में शामिल करने के लिए आवाज उठाई और मार्ग प्रशस्त किया बल्कि अर्थव्यवस्था, महिला उत्थान एवं सामाजिक सुधारों के क्षेत्र में भी अनेक कार्य किए जिससे हमारी आर्थिक व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक क्षेत्र में काफी सुधार हुआ। महाप्रबंधक ने कहा कि बाबा साहब के जयंती के उपलक्ष्य में हमें यह प्रण लेना है कि उनके बताए गए प्रगतिशील मूल्यों का पालन करते हुए हम देश, समाज को ज्यादा समावेशी, ज्यादा प्रगतिशील बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करते रहेंगे।

# दानवीर भामाशाह जयंती समारोह चार मई को बापू सभागार में : मुकेश नंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भामाशाह विचार मंच द्वारा पटना के बापू सभागार में 4 मई को होनेवाली भामाशाह जयंती समारोह की तैयारी बैठक आज बीआईए के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में बिहार के संयोजक मुकेश नंदन ने कहा कि अब तलवार से लड़ने का युग नहीं है। अब कलम और संख्या बल से लोकतंत्र की लड़ाई लड़ी जा रही है। ऐसे में भामाशाह के वंशज पीछे नहीं रहने वाले हैं। 4 मई, 2025 को पटना के बापू सभागार में हम सब अपनी चट्टानी एकता का उदाहरण पेश करेंगे और भव्य तरीके से भामाशाह जयंती समारोह मनाएंगे। उन्होंने कहा कि भामाशाह की याद में आयोजित यह समारोह एक मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नरेश साव ने कहा कि भामाशाह शूरवीर, दानवीर और धर्मवीर थे। वे हिंदुत्व के सच्चे योद्धा थे। भारत मां के ऐसे वीर सपूत की याद में राज्य भर के लोग पटना पहुंच रहे हैं। जयंती समारोह की सह- संयोजक कंचन गुप्ता ने कहा कि आयोजन को लेकर महिलाओं में जबरदस्त उत्साह है। राज्य के लगभग 38 जिलों से महिलाएं समारोह में शामिल होने जा रही हैं। मंच के वरीय पदाधिकारी प्रिंस राजू ने कहा कि समारोह को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह है। वरीय पदाधिकारी राकेश कुमार ने कहा कि भामाशाह के वीर वंशज इस आयोजन के जरिए अपनी एकता का मिसाल पेश करेंगे। डॉक्टर मंटू मल्होत्रा ने कहा कि भामाशाह के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है।

# स्वास्थ्य संस्थानों में मनाया जाएगा 'अग्नि सुरक्षा सप्ताह' : मंगल पांडेय

## फायर सेफ्टी विभाग के सहयोग से होगा फायर सेफ्टी मॉकड्रिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाओं में वृद्धि देखी जाती है। इस लिहाज से स्वास्थ्य संस्थानों में रोगी, कर्मचारी एवं रोगियों के परिजनों की किसी भी दुर्घटना से बचाव करना जरुरी है। इसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य संस्थानों को अग्निरोधी बनाने के लिए 21 अप्रैल से 25 अप्रैल तक सरकारी अस्पतालों में 'अग्नि सुरक्षा सप्ताह' मनाया जाएगा। साथ ही राज्य के स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा फायर सेफ्टी आडिट नियमित रूप से कराने पर जोर भी दिया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य संस्थानों में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। अग्नि से सुरक्षा जलवायु परिवर्तन, मानव स्वास्थ्य और आपदा के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम का अभिन्न अंग है। श्री पांडेय ने कहा कि अग्नि सुरक्षा सप्ताह के दौरान अस्पताल कर्मियों को अगलगी की आपात स्थिति से निपटने के गुर सिखाए जाएंगे। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों एवं पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। साथ ही उन्हें आग लगने पर 'क्या करें' और 'क्या न करें' के बारे में जानकारी दी जाएगी। जिला अंतर्गत फायर सेफ्टी विभाग के सहयोग से फायर सेफ्टी मॉकड्रील भी कराया जाएगा। मॉक ड्रिल के दौरान आग लगने से आपात स्थिति पैदा होने के दौरान इससे बचाव के तरीकों पर विशेष जोर दिया जाएगा। मॉक ड्रिल के दौरान विपरीत परिस्थिति में चलने फिरने में असमर्थ एवं चलने फिरने वाले रोगियों को अस्पताल से खाली करा कर उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के विषय में भी विस्तार से जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा आईसीयू, ओटी, स्पेशल वार्ड, इन्फैन्ट वार्ड के लिए फायर सेफ्टी से संबंधित योजना का निष्पादन किया जाएगा। श्री पांडेय ने कहा कि अग्नि सुरक्षा सप्ताह के दौरान केंद्र द्वारा आनलाइन जागरूकता वेबिनार भी आयोजित किए जाएंगे जिसमें मेडिकल छात्र एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। अग्नि सुरक्षा सप्ताह से अस्पतालों के साथ मरीजों की जीवन रक्षा की प्राथमिकता को बढ़ावा मिलेगा।

# प. बंगाल में सरकार नाम की चीज नहीं रही: तरुण चुग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने पश्चिम बंगाल में जारी हिंसा की घटनाओं पर मंगलवार को कहा कि वहां सरकार नाम की कोई चीज नहीं रही। उन्होंने ममता सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता अब 'गुंडों' की भूमिका में आ गये हैं और पूरे राज्य में हिंसा की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तुलना जिन्ना से करते हुए कहा कि वह आधुनिक 'जिन्ना ' बन चुकी हैं। भाजपा के एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने बिहार आये चुग पटना एयरपोर्ट पर मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस अब मुस्लिम लीग की तरह व्यवहार कर रही है और हिन्दुओं को चुन चुन कर निशाना बना रही है।

CMYK

# खेत में सोए मिस्त्री को हमलावरों ने गोलियों से भूना



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर में बोरिंग के पास सोए चापाकल मिस्त्री को अपराधियों ने गोलियों से भून दिया। सैंतालीस वर्षीय मिस्त्री भोगा बिंद की मौके पर मौत हो गई। घटना रामगढ़ थाना के सिसौड़ा गांव की है। मृतक बीती रात खेत की रखवाली के लिए बोरिंग के पास खाट पर सोया था। वह उक्त गांव निवासी स्व.श्री किशुन बिंद बेटा था। अज्ञात हमलावर खेत में पहुंचे और भोगा पर अचानक कई गोलियां दाग दी। गोली लगने के बाद वह छटपटाकर कुछ दूर तक गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हमलावर घटना को अंजाम देकर निकल गए। मंगलवार की सुबह गांव के अन्य किसान खेतों की ओर गए। चैंबर के पास जमीन पर खून से लथपथ शव देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पंचायत के मुखिया प्रदीप कुमार सिंह और स्थानीय थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की छानबीन शुरू की। घटनास्थल से पुलिस ने गोली के खोखे भी बरामद किए हैं। कुछ देर बाद एसडीपीओ मोहनियां भी दल- बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भभुआ भेज दिया गया। घर वालों, पड़ोसियों और ग्रामीणों से पूछताछ के बाद पुलिस कई संभावित एंगल से जांच कर रही है। फिलहाल हत्या के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। बताया जाता है कि मृतक चापाकल मिस्त्री था। वह बोरिंग का कार्य किया करता था। उसके पांच पुत्र और तीन पुत्रियां हैं जिसमें से तीन पुत्र अभी भी कुंवारे हैं। एसडीपीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन चल रही है। पुलिस कई एंगल से हत्या मामले की जांच कर रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# मंडल रेल प्रबंधक ने उत्कृष्ट सेवा हेतु रेलकर्मियों को दिए रेल सेवा पुरस्कार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल मुख्यालय स्थित बाकले अधिकारी क्लब में ' 69वें रेल सप्ताह समारोह' के तहत आयोजित कार्यक्रम में पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता द्वारा डीडीयू मंडल के सभी विभागों से उत्कृष्ट सेवा हेतु चयनित रेलकर्मियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देते हुए मंडल रेल प्रबंधक स्तरीय रेल सेवा पुरस्कार प्रदान किए गए। मंडल रेल प्रबंधक स्तरीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के क्रम में मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता द्वारा सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तदुपरांत मंडल रेल प्रबंधक द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट सेवा हेतु '69वें रेल सप्ताह -2024' के तहत चयनित 57 रेलकर्मियों को रेल सेवा पुरस्कार प्रदान किए गए। समारोह के मुख्य अतिथि के तौर पर मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता ने अपने संबोधन में पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल की गत वितीय वर्ष में प्राप्त प्रमुख उपलब्धियां का संक्षिप्त प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने कहा इस वर्ष महाकुंभ के दौरान डीडीयू मंडल द्वारा सुविधा और सुरक्षा के साथ इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सेवा में किया गया प्रबंधन एवं रेल परिचालन भारतीय रेल में एक कीर्तिमान है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि हाल ही में मार्च में पूर्व मध्य रेल मुख्यालय पर रेल सप्ताह समारोह-2024 में डीडीयू मंडल को पूर्व मध्य रेल की स्थापना के बाद पहली बार महाप्रबंधक का सर्वांगीण दक्षता शील्ड प्राप्त हुआ है जो एक बड़ी उपलब्धि है। डीडीयू मंडल को यह शील्ड 2023-24 के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु मिली है। इन सब उपलब्धियां में मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का बहुत ही सराहनीय योगदान है। मंडल रेल प्रबंधक ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले रेलकर्मियों को बधाई देने के साथ सभी का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि पुरस्कार हमें और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देता है।



# गुरुकुल स्कूल में अंबेडकर जयंती पर सम्मान समारोह का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** गुरुकुल स्कूल एवं गुरुकुल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, सुजानपुर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के निदेशक आर.पी. सिंह एवं प्रधानाचार्य कुमार सविनय के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिहरी मुफस्सिल थानाध्यक्ष एवं इंस्पेक्टर राकेश गोसाई तथा दक्षिणी डिहरी जिला परिषद सदस्य अजय कुमार रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर बिहार इंटर परीक्षा 2025 में विज्ञान संकाय के टॉपर्स नेहा गुप्ता, रजनंदनी कुमारी व प्रवीण कुमार तथा कला संकाय की टॉपर्स सलोनी एवं जागृति को ट्रॉफी, मेडल, नोटबुक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मैट्रिक परीक्षा 2025 में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाली छात्राएं सोनम कुमारी, सोनाली कुमारी और नैना कुमारी को भी विशेष उपहार एवं सम्मान प्रदान किया गया। विद्यालय के निदेशक आर.पी. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि 'बेहतर शिक्षा के साथ बेहतर संस्कार का केंद्र है- गुरुकुल।' उन्होंने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह सफलता शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। मुख्य अतिथि राकेश गोसाई ने संस्कृत श्लोक विद्या ददाति विनयं, विनयाद् याति पात्रताम। पात्रत्वात धनमाप्नोति, धनात धर्मं ततः सुखम॥ का उच्चारण कर उसका भावार्थ समझाया। उन्होंने कहा कि विद्या से विनम्रता आती है, विनम्रता से योग्यता, योग्यता से धन, धन से धर्म और धर्म से सुख की प्राप्ति होती है। उन्होंने सभी छात्रों को अपने गुरुजनों का सम्मान करने की प्रेरणा दी। इस समारोह में मैट्रिक के 55 और इंटर के 18 प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य कुमार सविनय ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए किया। मौके पर विनय कुमार सिंह सहित विद्यालय के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## जाम से परेशान हैं नगर पंचायत वासी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** सड़क पर अतिक्रमण के चलते कुदरा नगर पंचायत क्षेत्र में वाहनों का जाम हर दिन की कहानी हो गई है। अतिक्रमण के चलते लोगों को पैदल चलना मुश्किल हो गया है। चौक-चौराहों के पास तो स्थिति और खराब है। लोग सड़क पर ही ठेला व दुकान की सामग्री रखकर दुकान चला रहे हैं। स्थानीय लोगों ने संबंधित पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों से शहर में अतिक्रमण की समस्या के समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है।

## पानी की बर्बादी रोकने से मना करने पर पिटाई

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** डिहरी मुफस्सिल थाना के गोपी बिगहा निवासी लाल मुना कुंवर ने टंकी के पानी को खोल बर्बाद करने को मना करने पर मारपीट की है। पुलिस में सुगी कुमारी व सोनू कुमार पर प्राथमिकी कराया गया है।

# गुप्ता धाम मंदिर से चोरी गई मूर्तियां बरामद, चार गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** गुप्ता धाम मंदिर से पिछले दिनों चोरी गई मूर्तियों को बरामद कर पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह जानकारी देते हुए एसपी रौशन कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि रात्रि में गुप्ता धाम मंदिर में रखी चार मूर्तियां चोरों के द्वारा चोरी कर ली जिसके संबंध में गुप्ता धाम मंदिर के पुजारी राजबली सिंह के द्वारा कांड प्रतिवेदित कराया गया एवं रवि पासवान, ज्वाला पासवान, काजू शर्मा सभी सा० उगहनी थाना-चेनारी जिला-रोहतास को संलिप्त होने का संदेह व्यक्त गया। इस घटना के उद्‌भेदन एवं चोरी गई मूर्ति की बरामदगी के लिए थानाध्यक्ष चेनारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया जिसमें तकनीकि सहायता हेतु जिला आसूचना इकाई के टीम को भी शामिल किया गया। गठित टीम के द्वारा संदेही ज्वाला पासवान एवं काजु शर्मा को अभिरक्षा में लेकर पूछ-ताछ की गई तो उनके द्वारा घटना का खुलासा करते हुए बताया गया कि इस घटना में इन दोनों के अलावा रवि पासवान भी शामिल हैं। इन लोगों ने गुप्ता धाम मंदिर से 12.04.25 कि रात्रि को चार मूर्ति चुराकर चंदन कुमार उर्फ नंदलाल, छोटे लाल कुमार दोनों सा०- तेलारी थाना-चे जिला-रोहतास को बेच दिए है। गठित टीम के द्वारा उक्त चंदन कुमार एवं छोटे लाल कुमार के घर में छापामारी की गई जहां से पीले रंग के धातु का बना करीब 10 इंच का कालीजी की मूर्ति, पीले रंग के धातु का बना हुआ लक्ष्मीजी की मूर्ति, पीले रंग के धातु का बना हुआ करीब एक फीट का दुर्गाजी की मूर्ति, पीले रंग के धातु का बना हुआ करीब एक फीट का पंचमुखी गणेश जी की मूर्ति बरामद की गई। चोरी की मूर्ति खरीदने के आरोप में पुलिस ने चंदन कुमार एवं छोटे लाल कुमार को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही मूर्ति चोरी करने के आरंभ में ज्वाला पासवान और काजू शर्मा को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास के संबंध में जांच की जा रही है।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

**चेनारी (नबिटा सं.)।** थाना क्षेत्र के लांजी गांव में पुलिस ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया। चालक अशोक राम, पिता मुरत राम, निवासी लांजी को मौके से गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# सार्जेंट को अधीनस्थों से अभद्र व्यवहार के आरोप में डीआईजी ने किया निलंबित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** शाहबाद पुलिस प्रक्षेत्र के बक्सर जिला पुलिस बल के सार्जेंट मनोरंजन कुमार को अधीनस्थों से अभद्र व्यवहार के आरोप में डीआईजी ने मंगलवार को निलंबित कर दिया। डीआईजी डॉ सत्य प्रकाश ने यह जानकारी आज यहां दी। उन्होंने बताया कि सार्जेंट मेजर के विरुद्ध अधीनस्थों के साथ अभद्र व्यवहार करने की कई शिकायतें मिली थी। मामले की जांच बक्सर एसपी से कराई गई। जांच सत्य पाए जाने के बाद उन्हें आज निलंबित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि वरीय पुलिस अधिकारियों का अधीनस्थों के साथ व्यवहार बेहतर होना चाहिए। उनके साथ अभद्रता कतई बर्दाश्त योग्य नहीं है।

# गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में अंबेडकर जयंती मनाई गयी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** राष्ट्रीय सेवा योजना, गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की विभिन्न एनएसएस इकाइयों द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वाणिज्य संकाय से सुश्री चित्रा, प्रबंधन संकाय से डॉ. दिलीप, नर्सिंग संकाय से मोहित कुमार गुप्ता तथा फार्मेसी संकाय से आयुष कात्यायन ने अपनी-अपनी इकाइयों के माध्यम से कार्यक्रम के आयोजन में सराहनीय भूमिका निभाई। कार्यक्रम को सफल और उद्देश्यपूर्ण बनाने में नर्सिंग संकाय की प्राचार्या प्रो. डॉ. के. लता, वाणिज्य संकाय के अधिष्ठाता प्रो. डॉ. आशुतोष द्विवेदी, प्रबंधन संकाय के अधिष्ठाता प्रो. डॉ. विवेक शर्मा और फार्मेसी संकाय के अधिष्ठाता प्रो. डॉ. धर्मेंद्र कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। एनएसएस इकाइयों द्वारा निबंध लेखन, भाषण एवं वाद-विवाद जैसी प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ. मयंक कुमार राय ने मुख्य वक्ता के रूप में फार्मेसी और वाणिज्य संकाय के स्वयंसेवकों को संबोधित किया। अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में डॉ. राय ने स्वयंसेवकों को डॉ. अंबेडकर के आदर्शों का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया और बताया कि संघर्ष के माध्यम से व्यक्तित्व में परिपक्वता तथा निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है। मंच संचालन की भूमिका विभिन्न इकाइयों से सुश्री चित्रा, डॉ. राजराजेश्वर और मोहित कुमार ने निभाई। कार्यक्रम में सभी संकायों के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



# ट्रेन में छूटे मोबाइल को आरपीएफ ने बरामद कर यात्री को किया वापस



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि सूचना पर गाड़ी संख्या-22307 अप के अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन में आने के उपरांत प्रधान आरक्षी बी एल चंदवारा के द्वारा कोच संख्या एस-4 के बर्थ नंबर 22 को अटेंड कर यात्री के छूटे हुए मोबाइल को उतार लिया गया जिसे सुरक्षित अनुग्रह नारायण रोड में रखा गया एवं इसकी सूचना यात्री के मोबाइल पर दिया गया है। सूचना पाकर यात्री अशोक कुमार काला भाई, निवासी खड़िया सरदार गढ़, थाना जूनागढ़ गुजरात अनुग्रह नारायण रोड रेसुब पोस्ट पर उपस्थित हुए और अपने मोबाइल की पहचान किए। बाद उचित सत्यापन व जांच पड़ताल कर सुपुर्दगी नामा तैयार करते हुए फोटोग्राफी कर उक्त मोबाइल को सही-सही हालत में सुपुर्द किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 8500 रुपया आंकी गई गई ।

# लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी जोरों पर

### लक्ष्मी प्रपन्न श्रीमद् जीयर स्वामी जी के पावन सान्निध्य में होगा सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** विश्ववंद्य जगदाचार्य असमदाचार्य विश्वकसेनाचार्य पूज्य श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के विशेष कृपा पात्र लक्ष्मी प्रपन्न श्रीमद् जीयर स्वामी जी के पावन सान्निध्य में कुदरा प्रखंड के नेवरास गांव में आयोजित होने वाले लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर है। महायज्ञ के लिए यज्ञशाला व प्रवचन मंच बनकर तैयार है जबकि प्रवचन पंडाल की तैयारी अंतिम दौर में हैं। एक सप्ताह तक चलने वाले अन्न क्षेत्र का भी निर्माण कार्य प्रगति पर है। मालूम हो कि नेवरास ग्राम में आयोजित सात दिवसीय महायज्ञ 22 अप्रैल तक को सम्पन होगा। यज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि मंगलवार की संध्या काल से श्रीमद् भागवत तथा रामचरितमानस की कथाओं का शुभारंभ हो जाएगा। 17 अप्रैल गुरुवार को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा नेवरास ग्राम से प्रारम्भ होकर बजरकोना, लालापुर व कुदरा बाजार भ्रमण करते हुए माता कंकाली स्थान दुर्गावती नदी घाट पहुंचेगी जहां से श्रद्धालु भक्तगण कलशों में जल भरकर यज्ञ स्थल हेतु प्रस्थान करेंगे। 18 अप्रैल को शुक्रवार को अरणीमंथन पंचांग पूजन तथा यज्ञ आरंभ सुनिश्चित है। परम पूज्य श्रीमद् जीयर स्वामी जी का शुभागमन भी 17 अप्रैल को ही होने की संभावना है। उनके मुखारविंद से भी श्रीमद् भागवत कथा निरंतर अवगाहित होती रहेगी। समिति के सदस्यों ने बताया कि स्वामी जी के लाखों भक्तों के आने की संभावना को देखते हुए उनके ठहराव तथा भोजन आदि की समुचित व्यवस्था की जा रही है। साथ-साथ गर्मी के मौसम को देखते हुए उचित पेयजल की भी व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा की गई है। यज्ञ की सफलता के लिए समिति के सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेवारी दी गई है।

# बीस सूत्री सदस्यों की बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नासरीगंज।** काराकाट प्रखंड मुख्यालय के बीडीओ कार्यालय में मंगलवार को बीस सूत्री सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बीस सूत्री सदस्यों ने प्रखंड मुख्यालय के सभी विभागों पर चर्चा की गई। अगली बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति होने की बात कहीं गई। प्रखंड के विकास कार्यों की समीक्षा पर चर्चा की गई। बीस सूत्री सदस्यों ने आरटीपीएस काउंटर पर लगी भीड़ को युवाओं के आय, जाति, निवास और ओबीसी प्रमाण पत्र को त्वरित कार्रवाई करते हुये निष्पादन करने की सलाह दी गई। आरटीपीएस काउंटर पर कार्यपालक सहायक दीपक कुमार को प्रमाण पत्र बनाने में अवैध राशि का आरोप लगाया गया। छात्रों से प्रमाण पत्र बनाने में अवैध राशि लेने पर बीडीओ राहुल कुमार सिंह ने सख्त हिदायत दिया कि इस तरह की अगर आगे से कोई शिकायत मिलेगा तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। बीस सूत्री के सदस्यों ने बीडीओ से प्रखंड मुख्यालय पर बीस सूत्री का एक कार्यालय खोलने की मांग की गई, बीडीओ ने आश्वासन दिया कि कार्यालय के लिए एक भवन की व्यवस्था की जाएगी। बैठक में बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश प्रसाद, उपाध्यक्ष आशुतोष सिंह, सदस्य विनोद पासवान, वीरेंद्र कुशवाहा, ललित मोहन सिंह, अजित सिंह, दिनेश कुमार चंद्रवंशी, रामशंकर सिंह, इंदु देवी, ज्ञानती देवी, जयशंकर पटेल, राजेंद्र पाल, विनोद पासवान थे।

# अंबेडकर जयंती पर महादलित समाज के परिवारों ने जन जागरुकता यात्रा निकाली




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड -डिहरी में सैकड़ों की संख्या में डोम समाज के द्वारा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इसकी अध्यक्षता शिक्षक धनंजय कुमार ने किया। शिक्षक धनंजय कुमार ने कहा कि सबको शिक्षित होना बहुत जरूरी है, शिक्षित होने के लिए डॉ भीमराव अंबेडकर के जयंती के शुभ अवसर पर सभी को शिक्षित होने के लिए जन जागरूकता यात्रा निकाली गई। रतुबीघा से पैदल मार्च करके अंबेडकर चौक पहुंच कर बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण सभी डोम समाज ने किया। डोम समाज के पढ़े-लिखे युवा का कहना है कि अब हम लोग शिक्षित हो गए हैं और हम लोग एक दूसरे को भी शिक्षित करेंगे और अपना हक अधिकार लेंगे बाबा साहब के विचारों पर चलेंगे। मौके पर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष सुरेश, प्रखंड अध्यक्ष विनोद, शिक्षक धनंजय भोला, प्रमोद, दागेंद्र, सुनील, अशोक, महेंद्र, विजय, लालमोहन, नरेंद्र, धर्मेंद्र, विक्की, विद्यासागर, छोटे, संतोष सभी तमाम डोम समाज उपस्थित रहे।

# नर्स स्टाफ के साथ अज्ञात लोगों ने की मारपीट, जांच में जुटी पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नासरीगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काराकाट ( गोड़ारी) में पदस्थापित एक नर्स स्टाफ के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। सीएचसी काराकाट में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी हिमांशु तिवारी है। घटना के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि अज्ञात लोगों द्वारा मारपीट किया गया। स्टाफ नर्स ने बताया कि किसी से मेरा कोई विवाद नहीं है। घटना के दिन मारपीट करने वाले सभी सीएचसी परिसर में करीब दो से तीन घंटे तक रहे हैं। ऑन ड्यूटी परिसर में नियुक्त गार्ड कुछ लोगों को देखे हैं, लेकिन मुझे कोई जानकारी नहीं मिली कि ये अज्ञात लोग मेरे साथ मारपीट करेंगे। जानकारी के अनुसार सीएचसी में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है, लेकिन घटना के समय करीब तीन घंटे तक सीसीटीवी बंद कैसे रहा ये सवाल खड़ा कर रहा है।

# ग्राम कचहरी की बैठक आयोजित




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** इंद्रपुरी क्षेत्र के चकन्हा पंचायत भवन पर मंगलवार को ग्राम कचहरी की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता सरपंच मालती देवी ने की। बैठक में मुख्य रूप से कचहरी सचिव उपेंद्र पांडे ने नए कचहरी सचिव शाहलेआज आलम को पदभार सौंपा। मौके पर वार्ड नंबर दो के पंच आनंद कुमार पांडे, भागीरथी देवी, मंजू देवी, उषा देवी, प्रभा देवी, उर्मिला देवी, सुखिया देवी, प्रमोद कुमार, सरपंच प्रतिनिधि निर्मल पांडे समेत अन्य लोग उपस्थित हुए।

**पूर्व मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र**

सं०- डी.डी.यू/ईएल/जी/ई० निविदा/25-26/03, दिनांक: 09.04.2025
कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम: सं० डी.डी.यू / ईएल/जी/ई/2025-26/01, निविदा बंद करने की अंतिम तिथि : 02.02.2025 के बदले में 02.05.2025 पढ़ा जाये। अन्य सभी सूचनाएं पूर्व की अनुसार रहेंगी।

सहायक विद्युत अभियंता (सा०)
वरीय मण्डल विद्युत अभियंता (सा०), पूर्व मध्य रेलवे, डी. डी. यू.
पीआर/0077/डीडीयू/ईएलईसीटी/टी/25-26/12

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/25/22, दिनांक 15.04.2025; प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित मदों की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। क्रमांक एवं निविदा सं., विवरण, ईएमडी क्रमशः निम्नलिखित हैं: निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 05.05.2025 को अपराह्न 1.30 बजे: (1) 14255062; विनिर्देश सं. आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/107/2018 वर्सन 2.1 क्रमांक 2.3 (बी) के अनुसार बगैर कीपैड तथा बिना डिस्प्ले के 5 वॉट वीएचएफ डिजिटल वॉकी टॉकी सेट की आपूर्ति की खरीददारी प्रत्येक सेट में निम्नलिखित सम्मिलित होनी चाहिए: सम्पूर्ण बॉक्स पैकिंग में एक (1) अदद वीएचएफ सेट साथ में अनुकूल बैटरी+बैटरी चार्जर+एंटीना+उपयुक्त बेल्ट क्लीप। (2) विनिर्देश सं. आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/107/2018, वर्सन 2.1 इत्यादि के अनुसार वीएचएफ सेट के अनुकूल एक (1) अदद अतिरिक्त बैटरी; रु. 3,55,640/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 08.05.2025 को अपराह्न 1.30 बजे: (2) 19245042; एसी फ्यूएल पम्प मोटर इत्यादि के लिए उपयुक्त स्टैंडबाई इनवर्टर; रु. 1,11,630/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 12.05.2025 को अपराह्न 1.30 बजे: (3) 15245095; संलग्न परिशिष्ट के अनुसार सीएनसी ट्रैवेलिंग ब्रिज टाइप 3डी कोऑर्डिनेट मेजरिंग मशीन (टर्नकी आधार पर); रु. 2,29,960/-। निविदा लागत: रु. 0 (सभी के लिए)। टिप्पणी: उपरोक्त उल्लेखित सभी निविदाएँ ई-निविदा हैं तथा सभी निविदादाताओं से अपनी बोलियां आईआरईपीएस की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in के जरिए ऑन-लाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। उपरोक्त उल्लेखित निविदाओं तथा अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में और अधिक विवरण के लिए कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें। (STORES-03/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**ई० प्रोक्यूरमेंट सेल,**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल, गढ़वा**

अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0ः-01/2025-26
ई-प्रोक्योरमेन्ट नोटिस
पुनःनिविदा (2nd Call)
ई-टेन्डर रेफरेन्स नं0-01/2025-26/EE/BCD/GARHWA दिनांक-15.04.2025

1.कार्य का विस्तृत विवरणी

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | परिमाण पत्र की राशि |
|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कांडी (BPHU के भवन निर्माण योजना) | ` 49,97,900.00 |
| 2 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सगमा (BPHU के भवन निर्माण योजना) | ` 49,97,900.00 |
| 3 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रमकण्डा (BPHU के भवन निर्माण योजना) | ` 49,97,900.00 |

2. कार्य पूर्ण की अवधि :- 06 (छः) माह
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :- 22.04.2025 11:00 बजे
4. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :- 29.04.2025 11:00 बजे
5. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
6. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :- 30.04.2025 11:30 बजे
नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल,
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अचंल सं0-02,राँची।
7. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :- 9955921643
8. ई-प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :- 8210456132
9. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक-06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

Note:- UCAN Registration is mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 350424 Building(25-26).D

# हथियार और कार के साथ पांच बदमाश गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** चेरो थाना क्षेत्र के द्वारिका बिगहा के पास एनएच-20 पर सोमवार की रात पेंट से लदा पिकअप भान लूट का खुलासा कर लिया है। सदर डीएसपी टू संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि पिकअप बख्तियारपुर से बिहारशरीफ की ओर जा रहा था, तभी अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर चालक को उतार कर वाहन लेकर फरार हो गया था। सूचना मिलते ही चेरो थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी और मानवीय अनुसंधान के आधार पर अपराधियों के भागने की दिशा का पता लगाना शुरू कर दिया। पुलिस को पीछा करता देख अपराधियों ने पंडारक थाना क्षेत्र के बिहारी बिगहा गांव के पास पिकअप को छोड़ दिया और ऑल्टो कार से भागने लगे। पूछताछ में अपराधियों ने लूट में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर लूटी गई गाड़ी व चाभी, एक देशी कट्टा, पांच मोबाइल फोन, लूटे गए पेंट्स के कार्टन, चालक का ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड और 8 हजार 280 रुपए को बरामद किया गया है। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष बिकेश कुमार, मनोज कुमार, दारोगा बिरझन राम, सिपाही राम गोविंद कुमार, विनय कुमार ,चंदन कुमार, पिंटू कुमार, रितेश कुमार, नवनीत कुमार, राजेश शर्मा व अन्य शामिल थे। गिरफ्तार अपराधियों में पटना जिला के बाढ़ थाना क्षेत्र के चालीस कुटवा निवासी गुलशन कुमार व रोहित कुमार, पंडारक के भगवतीपुर कटमोर गांव निवासी विक्की कुमार, खुसरूपुर गोपाल टोला गांव निवासी सौरव चन्द्र और मालसलामी रिकाबगंज गांव निवासी पवन कुमार शामिल है।



## उच्च विद्यालय से लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** इसलामपुर प्रखंड के रानीपुर पंचायत अन्तर्गत विष्णुपुर गांव स्थित नवीनादर्श सार्वजनिक प्लस टू उच्च विद्यालय के स्मार्ट रूम का अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर करीब लाखों रुपये मूल्य का सामान चुरा लिया। घटना के संबंध में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक नरेन्द्र कुमार ने घटना के संबंध में एक लिखित आवेदन स्थानीय थाना में दिया है, जिसमें कहा है कि विद्यालय शनिवार को स्कूल में स्मार्ट क्लास चला और विद्यालय भी समय पर बन्द कर आया, सोमवार की सुबह सूचना मिलते ही जब स्कूल जाकर देखा कि स्मार्ट क्लास रूम का ताला टूटा हुआ है और कुछ सामान बिखरा पड़ा है, और सारा कीमती सामान गायब है। चोरी गये सामानों में आहूजा का एमपीलीफायर एक, 28 इंच का मॉनिटर एक, यूपीएस दो, माइक कोडलेस दो सहित अन्य सामान शामिल है।

# बाइक की ठोकर से बुजुर्ग की मौत के बाद जमकर हंगामा

## आक्रोशित ग्रामीणों ने किया बिहारशरीफ-परवलपुर मार्ग को चार घंटे तक जाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** वेन थाना क्षेत्र के बिहारशरीफ-परवलपुर मुख्य मार्ग पर रसुल्ला गांव के समीप मंगलवार को तेज रफ्तार बाइक ने बुजुर्ग को ठोकर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल घायल को इलाज के लिए परवलपुर के एक निजी क्लीनिक में लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। हायर सेंटर ले जाते समय बुजुर्ग ने रास्ते में दम तोड़ दिया। इस दुर्घटना से आक्रोशित लोगों ने जमकर हंगामा किया और शव को परवलपुर-बिहारशरीफ मुख्य मार्ग पर रखकर करीब एक घंटे तक जाम कर दिया। सड़क जाम कर रहे लोग व स्वजन मुआवजे की मांग पर अड़े थे। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के रसुल्ला गांव निवासी रामाशीष यादव बाजार से घर लौट रहे थे। इस दौरान परवलपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इधर, सड़क जाम की वजह से दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। बाद में दल-बल के साथ पहुंचे बेन थाना के प्रभारी सुरेन्द्र पासवान, एस आई श्याम सुंदर राम, पीएसआई सरफराज अंसारी और अंचलाधिकारी सौरभ कुमार ने स्थानीय लोगों की मदद से ग्रामीणों को समझा-बुझाकर सड़क जाम हटवाया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया।



# द्वितीय अपील के तहत शिकायतों का हुआ निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई की। इस दौरान कुल तीन परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से एक मामले का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम हड़िया, पोस्ट नारदीगंज, अनुमंडल नवादा निवासी सावित्री देवी, पति - सुधीर सिंह द्वारा दिनांक 14 फरवरी 2025 को ऑनलाइन शिकायत दायर की गई थी। मामले की जांच संबंधित पदाधिकारी द्वारा की गई तथा जाँच प्रतिवेदन द्वितीय अपील प्राधिकार को सौंपा गया। सुनवाई के दौरान अपीलकर्ता एवं लोक प्राधिकार की उपस्थिति में शिकायत की विस्तृत समीक्षा की गई और ऑन स्पॉट निवारण सुनिश्चित किया गया। जिला पदाधिकारी ने बताया कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम, 2015 के तहत किसी भी शिकायत का निपटारा दो माह की निर्धारित अवधि में किया जाता है। प्रखंड और पंचायत स्तर की शिकायतों के लिए नवादा सदर स्थित अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय में अपील की जा सकती है, जबकि जिला स्तरीय मामलों के लिए समाहरणालय परिसर स्थित 'लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन' में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के कार्यालय में सुनवाई की जाती है। सुनवाई की प्रक्रिया में दोनों पक्षों को बुलाकर निष्पक्ष ढंग से विचार किया जाता है। शिकायत दर्ज करने से लेकर समाधान तक की संपूर्ण प्रक्रिया निःशुल्क है। यदि कोई पक्ष आदेश से असंतुष्ट हो तो वह उच्च स्तर पर भी निःशुल्क अपील कर सकता है। अब शिकायत दर्ज कराना और भी सरल हो गया है। आम नागरिक ऑनलाइन माध्यम से भी अपनी शिकायत या अपील दायर कर सकते हैं।



## पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** बाल विकास परियोजना कार्यालय नारदीगंज द्वारा पोषण पखवाड़ा गतिविधि कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रम समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित हो रहा है। इस पोषण पखवाड़े के तहत मंगलवार को आंगनबाड़ी केंद्र गोतरायन, पश्चिम कोड -27 पर किया गया। सेविका कुमारी पूजा के निर्देशन में हुआ। सेविका ने कहा मुख्य रूप से सभी लाभार्थियों व सेविकाओं को यह ध्यान रखना होगा कि बच्चों का गर्भधारण के पहले दिन से एक हजार दिन तक देखभाल करना है, ताकि मां और शिशु स्वस्थ्य रह सके। इसके लिए आप जागरूक करें। खान पान पर ध्यान रखना होगा ताकि कुपोषण से बचाव किया जा सके। उन्होंने बच्चों व माताओं का खानपान का महत्व तथा बच्चों का वजन कर उसके स्वाथ्य के बारें में भी बताया।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रवेशोत्सव में किया गया बच्चों का स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नामांकन अभियान के तहत एक अप्रैल से पन्द्रह अप्रैल तक सर्वे कर अनामांकित बच्चों का जिनका उम्र छह माह पूरा या छह माह बाद पूरा होने वाला है। चैदह आयु वर्ष के सभी बच्चों का उत्क्रमित मध्य विद्यालय हसनपुर के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, शिक्षा सेवक पोषक क्षेत्र में सर्वेक्षण किया गया। जिसमें कक्षा पहला में कुल बारह एवं दूसरी कक्षा में तीन छात्रों का नामांकन किया गया। नामांकन कराने वालों में आंशिक, सिमरन, अंकित, रिया रानी, सूर्यदेव, सुनीता, सत्यम, अनंत, सुप्रिया, श्याम, संदीप समेत अन्य छात्र-छात्रा शामिल थे। नामांकन करते हुए हर्षोल्लास के साथ उत्सव मनाते हुए सभी नवनामांकित छात्र-छात्राओं का स्वागत विद्यालय में शिक्षक, शिक्षिका के द्वारा टीका, आरती, फूल-बरसा एवं गिफ्ट देकर किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक अशोक प्रसाद, शिक्षक सह परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिलासचिव सुनील कुमार, सूर्यनारायण पासवान, कुमारी प्रिया, सीमा कुमारी, राकेश कुमार, जयकिशन, योगेंद्र यादव, शिक्षा सेवक विनोद मांझी समेत विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



# शिवलिंग स्थापना को ले 201 महिलाओं ने निकाली कलश शोभायात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रहुई प्रखंड क्षेत्र के पैठना पंचायत स्थित सिहूली गांव में स्थित ठाकुरबाड़ी में शिवलिंग की प्राणप्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार को कलश शोभायात्रा निकाली गई। आयोजन कर्ताओं ने बताया कि समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से गांव में स्थित ठाकुरवारी में शिवलिंग की प्राणप्रतिष्ठा को लेकर चार दिवसीय भक्ति अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के पहले दिन 201 महिला श्रद्धालुओं के द्वारा कलश शोभायात्रा निकाला गया। नेशनल हाईवे 20 किनारे स्थित ब्रह्मस्थान मंदिर के प्रागण में कलश में जल भरा गया। महिलाएं एवं कुमारी कन्याओं ने पीले वस्त्र धारण कर अपने अपने माथे पर कलश लेकर पैदल चलकर धमौली बाजार होते हुए वेना बाजार भ्रमण करते हुए पुनः ठाकुरबाड़ी मंदिर में पहुंचा जहां कलश को स्थापित की गई। डीजे की धुन पर झूमते, गाते हुए हर हर महादेव के नारे लगाते रहे। हर हर महादेव के नारे से आसपास का माहौल गुंजायमान हो रहा था। इस भक्ति अनुष्ठान को लेकर पूरा माहौल भक्तिमय बना हुआ है। आयोजन कर्ताओं ने बताया कि पहले दिन कलश यात्रा और पंडितों के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना व रुद्रअभिषेक एवं हवन करने के बाद मंदिर में शिवलिंग को स्थापित किया गया। रात्रि में जागरण का आयोजन भी किया गया। इस चार दिवसीय भक्ति अनुष्ठान कार्यक्रम में प्रताप कुमार, जनार्दन कुमार, कौशल यादव, सुनील कुमार, राजवलम, गोपाल, शिवनाथ, गौतम, रौशन, मनोज, पवन, बंटी, कुश, शैलेंद्र, धनेश, अभिषेक समेत समस्त ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग है।

# बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** संविधान शिल्पी बाबा साहेब की 135 वीं जयंती पर मंगलवार को उत्क्रमित अनुसूचित मध्य विद्यालय नवादा में छात्रों के बीच रचनात्मक प्रतियोगिताएं कराइ गई और सभी सफल विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। बुद्धिजीवी विचार मंच के संयोजक और सेवानिवृत शिक्षक अवधेश कुमार की पहल पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाषण प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और एक से बढ़कर एक कला का प्रदर्शन किया। इसके पूर्व मंच के सदस्य मथुरा पासवान, अशोक समदर्शी, रामरूप प्रसाद, रामबिलास प्रसाद, सेवानिवृत शिक्षक गोपाल शरण, वर्तमान शिक्षक रामबहादुर, मीणा कुमारी, राजेश कुमार, पूनम कुमारी, प्रवीण कुमार इत्यादि ने डॉ अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इन वक्ताओं ने बच्चों के समक्ष विस्तार से बाबा साहब के अवदानों की चर्चा की और उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए उनके बताये रास्ते पर चलने का सन्देश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक गौरीशंकर राय ने की जबकि संचालन शिक्षक राजेश कुमार ने किया।

### आवास सूची में नाम जोड़ने पर नाजायज वसूली का आरोप

**कौआकोल।** प्रखण्ड के पाली पंचायत के रोजगार सेवक धर्मेंद्र कुमार पर प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची के चयन में नाम जोड़ने पर अनुसूचित जाति के लाभुकों से नाजायज वसूली करने का आरोप लगा है। उक्त आरोप लगाते हुए जदयू के जिला उपाध्यक्ष सह स्थानीय पैक्स अध्यक्ष रामाश्रय सिंह ने डीएम,डीडीसी सहित अन्य अधिकारियों से जांच कर कार्रवाई की मांग की है। जदयू नेता का आरोप है कि पाली पंचायत में आवास योजना के लाभुकों के चयन हेतु सर्वेक्षण करने का जिम्मा पंचायत रोजगार सेवक धर्मेंद्र कुमार को दिया गया है। परंतु उनके द्वारा पाली पंचायत के ओखरिया गांव के लाभुक पुतुल देवी, भासो देवी, टुसो देवी,पूनम कुमारी आदि लाभुकों से पंद्रह-पंद्रह सौ रुपये की नाजायज वसूली की गई।

# आकाशीय बिजली से किशोर की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**काशीचक (नवादा)।** नवादा के काशीचक प्रखंड के शकरगंज गांव में सोमवार की रात आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक 15 वर्षीय गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी दौरान एक मकान की दीवार टूटकर उसपर गिर गई। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान महेंद्र यादव के बेटे गौरव कुमार( 15 ) के रूप में हुई है। मंगलवार की सुबह पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं इस घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सतीश सिंह गांव पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि तेज आंधी और बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं इस घटना के बाद थाना प्रभारी बसंत कुमार ने मौके पर पहुंचकर मामला की जांच करते हुए मृतक की शव को पोस्टमार्टम के बाद परिवार के हवाले सौंप दिया है। थाना प्रभारी के द्वारा बताया गया कि आकाशीय बिजली गिरी थी और एक घर भी गिर गया था, इसी दौरान एक बालक जख्मी हो गया था और तभी उसकी मौत हो गई है। फिलहाल परिवार के लोगों के द्वारा आकाशीय बिजली गिरने से मौत की बात कही गई है।

# कौआकोल में 20 सूत्री सदस्यों की बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखंड जदयू कार्यालय में मंगलवार को प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष सह जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष दिलीप कुमार कुशवाहा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरकार द्वारा मनोनीत सभी प्रखंड कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (बीस सूत्री) के सदस्य मौजूद रहे। सबसे पहले बैठक में सभी मनोनीत सदस्यों ने एक दूसरे का परिचय प्राप्त कर फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुशवाहा ने सभी सदस्यों को उनके अधिकार एवं कर्तव्य बोध से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से संचालित सभी योजनाओं का समुचित लाभ आम जनों को मिले इसी उद्देश्य से हमें काम करना होगा। सरकार के विकास कार्यों को पदाधिकारी द्वारा निष्पक्ष ढंग से करवाने पर भी निगरानी रखने का निर्णय लिया गया। मौके पर उपाध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा, शिवबालक प्रसाद, अजित वर्मा, मुकुल सिंह, ओमप्रकाश चौहान, संगीता कुमारी समेत अन्य सभी 20 सूत्री सदस्य मौजूद थे।

## बे मौसम बारिश से गेहूं की फसल को भारी नुकसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ।** हिसुआ प्रखंड क्षेत्र में बारिश होने से किसानों के चेहरे पर मायूसी छा गयी है। बे मौसम बारिश से गेहूं की फसल को भारी नुकसान हुआ है। प्रखंड क्षेत्र मे गेहूं की फसल किसानों ने लगाई थी लेकिन इसमें से आधे से अधिक कटनी भी नहीं किया गया था। इसी बीच आसमानी आफत ने किसानों की कमर तोड़कर रख दिया। अधिकतर किसान अपने खेतों में गेहूं की कटनी कर खेत में छोड़ दिया था लेकिन सुबह हुई बारिश के बाद खेतों में पानी जमा हो गया किसान दिन भर खेतों से पानी हटाने में जुटे रहे हिसुआ प्रखंड के किसानो ने बताया कि वे मजदूर से गेहूं का कटनी करवाये थे। खेतों में काफी पानी जमा हो गया और गेहूं पानी ऊपर आ गया।

# आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण माहौल में क्षेत्र का होता है सर्वांगीण विकास : एसडीओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड मुख्यालय के ड्योढी स्थित मांगलिक मैरेज हॉल में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंगदल के रजौली इकाई द्वारा रक्तवीर एवं समाजसेवियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के मनीष सिंह एवं बजरंगदल के प्रखंड संयोजक पिंटू वर्मा ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष एवं विशिष्ट अतिथिगणों में बीडीओ संजीव झा, सीओ मो. गुफरान मजहरी, थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार, महिला डेस्क प्रभारी एसआई पिंकी कुमारी, एमएलसी प्रतिनिधि दीपक कुमार मुन्ना, नगर पंचायत प्रतिनिधि प्रमोद कुमार, नगर अध्यक्ष अरविंद विश्वकर्मा व धनंजय कुमार एवं बजरंगदल के सहसंयोजक संदीप वर्मा और सुरक्षा प्रमुख राजा सिंह मौजूद रहे। समारोह में आए आगंतुकों को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बीते 7 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर रजौली में निकाले गए भव्य शोभायात्रा को सफल बनाने में सहयोग करने वाले लोगों एवं शामिल होने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया गया।लोगों को संबोधित करते हुए एसडीओ ने कहा कि आपसी सौहार्द्र एवं शांतिपूर्ण माहौल होने से क्षेत्र लगातार विकास के पथ पर अग्रसर हो है।रजौली में डिग्री कॉलेज, मेडिकल कॉलेज व फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट के स्थापना एवं गोशाला सहित कई विकास के कार्य किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि अनुमंडल क्षेत्र में कई विकास कार्यों एवं फुलवरिया डैम सहित अन्य क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण को लेकर वरीय पदाधिकारियों को पत्राचार भी किया गया है। हालांकि रजौली क्षेत्र पूर्व में नक्सल प्रभावित क्षेत्र रह चुका है, किंतु यहां अब पूर्ण शांति है। पहले पदाधिकारी यहां तैनाती होने पर डरते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है लोग यहां और अपने काम के साथ साथ बेहतर अनुभव भी लेकर जाते हैं। बीडीओ ने कहा कि रजौली के लोग शांतिप्रिय हैं एवं आपसी सौहार्द के साथ रह रहे हैं। समाज में ऐसी व्यवस्था से शासन-प्रशासन को विधि व्यवस्था बनाए रखने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती है।वहीं सीओ ने बताया कि हमारे कार्यकाल में रजौली में सुखद अनुभव रहा है,लोगों द्वारा हर प्रकार के त्यौहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाकर शान्ति का संदेश देते आए हैं। वहीं श्रीरामनवमी के शोभायात्रा का आकर्षण का केंद्र रहे बाल कलाकारों द्वारा निकाली गई झांकी में शामिल बाल कलाकारों को सम्मानित किया गया। प्रखंड क्षेत्र के सक्रिय रक्तवीर जिन्होंने दूरभाष के माध्यम से सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंच गरीब और लाचार पीड़ितों को अपना रक्तदान कर उन्हें जीवनदान दिया, उन्हें भी पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। सम्मानित रक्तवीरों में विशाल कुमार सिंह, अरविंद विश्वकर्मा, छोटू वर्मा, गौतम तांती, रिपु कुमार, आर्यन कुमार, रितिक कुमार, सुनील कुमार, धोनी यादव, सोनू कुमार, निलेश सिंह, पिंटू कुमार, विवेक कुमार एवं अमरेश सिंह समेत दर्जनों लोग शामिल है।



## 20 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक, अभिनव धीमान ने बताया कि 14 अप्रैल 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, मद्य निषेध में 02 एवं अन्य गिरफ्तारी 18 कुल 20 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 645 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वाहन जांच के क्रम में कुल 1215 वाहनों की जांच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 39 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत ट्रैक्टर 01 मोटरसाईकिल 05 एवं स्कूटी 01 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है।

बिहार सरकार

**बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0**
(बिहार सरकार का उपकम)
परियोजना निदेशक का कार्यालय, औरंगाबाद
Building Better Tomorrow
Mobile No- 8292763916,E-mail-duda.aurangabad.bihar@gmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना
निविदा आमंत्रण सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)
निविदा संख्या:–01/2025–2026

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम एवं पता | : परियोजना निदेशक, बुडको, (औरंगाबाद) गया समाहरणालय परिसर में डी0आर0डी0ए0 के सामने, गया। |
| 2 | निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि | : दिनांक– 21/04/2025 |
| 3 | निविदा कागजात डाउनलोड करने की अवधि | दिनांक 21/04/2025.से 05/05/2025 के 17.00 बजे तक । (on website www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 4 | प्री बीड मीटिंग का समय स्थान/तिथि | : दिनांक– 24/04/2025 समय 13.00 बजे स्थान– कार्यालय कक्ष, परियोजना निदेषक. बुडको, (गया) |
| 5 | संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | : दिनांक–05/05/2025 के 17.00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि/समय | : दिनांक– 07/05/2025 के 17.00 बजे के बाद (on website www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 7 | वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय | : तकनीकी बीड के निष्पादन के पष्चात। (on website www.eproc2.bihar.gov.in ) |
| 8 | अग्रधन, सभी शपथ–पत्र, Existing Committment (मूल में), परिमाण विपत्र के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट जमा करने की अंतिम तिथि/समय एवं स्थान | दिनांक–07/05/2025 के 16.30 बजे तक 1. मुख्य महाप्रबंधक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि० (बुडको) बेस्ट बोरिंग केनाल रोड, राजापुर पुल, पटना–800001, बिहार, पटना का कार्यालय। 2. परियोजना निदेशक, औरंगाबाद, बुडको का कार्यालय। गया समाहरणालय परिसर में डी0आर0डी0ए0 के सामने, गया। |

9 कार्य का विवरण:–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | Bid Processing Fee (Through online payment) (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि (इन्कुलिंडिग मोनसून अवधि माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत, रफीगंज, औरंगाबाद अंतर्गत वार्ड संख्या–14 में कैलाश यादव के मकान से जूठा आहर तक ढक्कन सहित आर0सी0सी0 नाला का निर्माण। | 1,28,68,688.00 | 2,57,400.00 | 17,700.00 | As Per Eproc | 6 माह |

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.buidco.in एवं www.eproc2.bihar.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

PR. No. 001049 (B&C) 2025-26

परियोजना निदेशक,
बुडको, औरंगाबाद

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

# एसयू कॉलेज हिलसा में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** एसयू कॉलेज, हिलसा में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया। कॉलेज परिसर में आयोजित इस अभियान की अगुवाई प्राचार्य डॉ. गजेंद्र प्रसाद गदकर, एनएसएस प्रभारी डॉ. पिंकी कुमारी तथा कॉलेज के अन्य प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने संयुक्त रूप से की। प्राचार्य डॉ. गदकर ने कहा कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि जीवन का हिस्सा है। स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण किसी भी शैक्षणिक संस्थान के समुचित विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उद्धृत करते हुए कहा कि गांधी जी ने भी जीवन में स्वच्छता को सर्वोपरि स्थान दिया था। अभियान के तहत कॉलेज के सभी विभागों एवं प्रांगण की साफ-सफाई की गई। हाल ही में आए आंधी-पानी के कारण परिसर में फैली गंदगी को भी इस अवसर पर साफ किया गया। इस अभियान में डॉ. पी.सी. चौरसिया, प्रॉक्टर प्रो. अरविंद कुमार, डॉ. हरजीत कुमार, डॉ. प्रभात कुमार, डॉ. रविंद्र साह, प्रो. लूसी कुमारी, प्रो. राजमणि, वंदना रानी, एसओ अरुण प्रसाद, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. राजीव नयन सिंह, लेखापाल रोनित रॉय, सचिव शैलेश कुमार, राजा कुमार, नवीन कुमार, नवीन मालाकार, सियापति देवी, मो. वसीम सहित सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया तथा यह अपील की गई कि वे इस सकारात्मक आदत को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें।



# सिकन्दरा विद्यालय से निकाली गई नामांकन रैली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** राज्य के सरकारी विद्यालयों में बच्चों के नामांकन के लिए प्रवेशोत्सव-2025 के तहत पहली अप्रैल से 15 अप्रैल तक नामांकन अभियान चलाया जाना है। सरकारी विद्यालयों में शिक्षा विभाग द्वारा पहली से आठवीं कक्षा के सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को अपने-अपने विद्यालय की पोषक क्षेत्र में मुखिया के स्तर पर, वार्ड सदस्य के स्तर पर एवं जीविका के स्तर पर बैठक कर पोषक क्षेत्र के सभी बच्चों का पहली कक्षा में नामांकन कराने का आदेश निर्गत है। प्रधानाध्यापक को यह दायित्व भीं सौंपा गया है कि कोई भी बच्चा नामांकन से छूटे नहीं। इसके तहत आज उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिकंदरा, प्रखंड नवादा के विद्यालय परिवार की ओर से ग्राम पंचायत लोहरपुरा मुखिया पति मनोज कुमार आदर्शी की अगुवाई में एक नामांकन रैली निकाली गयी। रैली में विद्यालय के शिक्षक के साथ-साथ सभी बच्चे शामिल थे। नामांकन अभियान रैली में विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश नाथ पासवान, विनय प्रभाकर, मानसी मित्तल, नीलम कुमारी, रेणु कुमारी, मो0 ओसामा अंसारी और शिक्षा सेवक अनुज राजवंशी शामिल थे।

# अंतर जिला गिरोह के 15 सदस्य गिरफ्तार

## हथियार सहित चोरी के कई सामान बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिला पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अंतर जिला गिरोह के लगभग 15 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने हथियार सहित चोरी के कई सामान भी बरामद किए हैं। इस संबंध में सिटी एसपी रामानंद कुमार कौशल ने बताया कि विगत कई महीनों से चोरी की घटनाएं बढ़ रही थी, इसे लेकर एक स्पेशल टीम का गठन किया गया। इसके बाद टेक्निकल सेल के पुलिस कर्मियों के सहयोग से जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में छापामारी की गई जहां एक साथ 7 अंतर जिला गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। वहीं उनकी निशानदेही पर अन्य थाना क्षेत्र से भी कई लोगों की गिरफ्तारी की गई। लगभग कुल 15 चोर गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से एक देशी पिस्तौल, 3 जिंदा कारतूस, 3 मोबाइल, 3 लैपटॉप, चार्जर व अन्य चोरी के सामान भी बरामद किए गए हैं। ये लोग गया, जहानाबाद, नवादा आदि जिलों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। इनके ऊपर पूर्व से कई मामले भी दर्ज हैं। चोरी की घटनाओं में इन लोगों ने अपनी संलिप्तता भी स्वीकार की है।

## जागरूकता वाहन को किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के शुभारंभ के अवसर पर जिले के हर महादलित टोलों में रहने वाले लोगों को सरकार की योजनाओं संबंधित जानकारी के लिये जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। जिले के डीएम ने मंगलवार को कहा कि 19 अप्रैल से रोस्टर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सप्ताह बुधवार एवं शनिवार को निर्धारित टोला में शिविर आयोजित कर सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत लाभुकों तक पहुंचाया जाएगा ताकि एक भी पात्र लाभुक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहे। डीएम ने कहा कि आने वाले दो महीना में 3500 से ऊपर अनुसूचित जाति जनजाति के टोला में अभियान चलाकर राज्य सरकार की 22 प्रकार की विभिन्न योजनाओं को आप सभी के बीच लाभ पहुंचाया जाएगा।

## इसीआरकेयू गया शाखा द्वारा अंबेडकर जयंती मनाई गई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन गया शाखा द्वारा यूनियन कार्यालय गया में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम बाबा साहब के तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए पुष्पांजलि की गई। इस अवसर पर गया शाखा में कामरेड मिथिलेश कुमार केंद्रीय कोषाध्यक्ष हाजीपुर सह केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन नई दिल्ली ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाने वाले और समस्त सामाजिक विषमताओं के विरुद्ध विद्रोह का झंडा उठाने वाले सामाजिक समरसता के जननायक थे। 14 अप्रैल को प्रत्येक वर्ष उनकी जयंती हम लोग उल्लास पूर्वक मानते हैं और कोटि-कोटि नमन करते हैं। आधुनिक भारत के महानतम व्यक्तियों में से एक महान समाज सुधारक, शिक्षाविद, अध्यापक, कुशल वक्ता, लेखक एवं कानूनी विद थे। उनका कहना था कि जाति और धर्म से देश ऊपर होता है इसलिए शिक्षित बनो और शिक्षा का महत्व को समझो।

## युवक की सड़क दुर्घटना में मौत, आश्रित को मिली पारिवारिक लाभ की राशि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरा गांव के युवक की मौत मंगलवार को सड़क दुर्घटना में चंदौती मोहल्ला में हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और स्वजनों को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उदय यादव उम्र 38 वर्ष पिता हरदेव यादव आंती थाना क्षेत्र के ग्राम अदोपुर में एक तिलक समारोह में शामिल होने गया था। वहां राजदेव यादव के पुत्र का गोह थाना क्षेत्र के जाजापुर गांव से तिलक आया था। अदोपुर में राजदेव यादव के पुत्र का उदय यादव मौसेरा साला थे। तिलक संपन्न होने के बाद मंगलवार के सुबह बाइक से गया लौट रहा था क्योंकि वह गया में हंसराज पब्लिक स्कूल में स्कूली बस का चालक था जब वह चंदौती मोहल्ला में पहुंचा तभी उसे किसी अज्ञात चार पहिया वाहन ने ठोकर मारी जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी स्वजनों को दी गई उसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया और मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम कराया। वहीं, मृतक की आश्रित पत्नी बजंती देवी को बीडीओ बिपुल भारद्वाज के निर्देश पर प्रखंड नाजिर जयंत कुमार ने पारिवारिक लाभ की राशि बीस हजार रूपए प्रदान किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि बिल्लू पासवान, उप मुखिया मणि शंकर केसरी, सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र यादव, मुकेश यादव, मंजीत कुमार शामिल थे।

## कम खाएं लेकिन बच्चों को शिक्षित करें : संजय यादव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखण्ड के आंती पंचायत अंतर्गत आंती और पलांकी गांव में डॉ भीम राव आंबेडकर की 135 वीं जयंती समारोह सोमवार की रात मनाया गया। इस दौरान मंच का उद्घाटन मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव ने किया। तत्पश्चात उपस्थित लोगों ने बारी-बारी से अंबेडकर साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया। ग्राम पंचायत आंती के मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव ने कहा कि आप कम खाएं लेकिन बच्चों को अवश्य शिक्षित बनाएं। शिक्षित बनें, संगठित रहें और अंधविश्वास से दूर रहें। अज्ञानता के कारण ही डायन ओझा, झाड़ फूक फलता फुलता है। इस अंधविश्वास रुपी कलंक को मिटाना है और शिक्षित समाज का निर्माण करना है। अपने बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा दें। मोबाइल से बच्चों का मानसिक, सामाजिक और बौद्धिक क्षमता का ह्रास हो रहा है जिससे बचाएं। उक्त बातें भारत रत्न डाक्टर भीम राव अम्बेडकर की जयंती समारोह में कही गई। आगे उन्होंने बताया कि डाक्टर भीमराव अम्बेडकर भेदभाव उत्पीड़न और जुल्म के खिलाफ आंदोलन चलाएं।

## मुख्यमंत्री खेल ज्ञानोत्सव मगध प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** खेल विभाग बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना जिला प्रशासन गया के संयुक्त प्रधान में आयोजित मुख्यमंत्री खेल ज्ञान उत्सव प्रमंडल स्तरीय का आयोजन मंगलवार को बिपार्ड गया में किया गया। इस प्रतियोगिता में मगध प्रमंडल के प्रत्येक जिले से चयनित 6-6 खिलाड़ियों ने भाग लिया जो अपने-अपने जिला के विजेता थे। प्रतियोगिता का उद्घाटन गया जिला के उप विकास आयुक्त का आयोजन समिति के अध्यक्ष नवीन कुमार ने किया। मौके पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान असगर आलम खान, वरीय सहायक निदेशक आर्य गौतम, सहायक निदेशक दीपक कुमार कौशिक, मुख्यमंत्री खेल ज्ञान उत्सव के राज्य को ऑर्डिनेटर क्यूज मास्टर अनिकेत मिश्रा उपस्थित रहे। सभी अतिथियों एवं अधिकारियों का पुष्प कुछ देखकर जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार ने स्वागत किया।

## जन संवाद कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** चिरैली मध्य विद्यालय के पास नगर जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। जन संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जुटी महिलाओं ने अधिकारियों को समस्याओं से अवगत कराया। पानी और सड़क की समस्या को देखने संवाद कार्यक्रम के बाद अधिकारी गांव-टोला में भी पहुंचे। समस्या के निराकरण की पहल की बात कही। नगर परिषद् टिकारी के मुख्य पार्षद अजहर इमाम और उप मुख्य पार्षद सागर दीवान ने कहा कि नव विस्तारित क्षेत्रों में नागरिक सुविधा की उपलब्धता एवं विकास कार्यों को निष्पादन करने के लिए मोहल्ला सभा का आयोजन किया जा रहा है। संवाद के माध्यम से हम आपकी समस्याओं को जानेंगे और निष्पादन के दिशा में कार्रवाई करेंगे। संवाद के दौरान आवास योजना, नाली, गली, सफाई, लाइट का मामला आया। अस्सी महिलाओं ने आवास योजना की मांग की। टिकारी - कुर्था मुख्य सड़क से चिरैली में कुंदन सिंह के घर से अरुण कुमार के घर तक पथ निर्माण की मांग प्रमोद सिंह ने किया। पक्की बाग में नल जल योजना के तहत पानी की सप्लाई नहीं होने की समस्या महिलाओं ने रखी। ईओ राजेश कुमार झा और नगर प्रबंधक मोहित कुमार ने दोनों स्थानों का जायजा लिया।

## तिरुपति ट्रस्ट पर हिंदी भाषियों के उत्पीड़न का आरोप

### केंद्रीय मंत्री के लोगों को दर्शन से रोका जाना दुर्भाग्यपूर्ण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भारत सरकार जहां हिंदू धर्म की बात कर रही है और सबका साथ सबका विकास की बात कर रही है वही हिन्दी भाषी लोग और पूर्व भारत हिंदी भाषी लोगों का दक्षिण के प्रख्यात मंदिर जहां साई बाबा सिरडी के बाद ज्यादा चढ़ावा चढाई जाती है वहां बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड के लोगों के द्वारा सौतेला व्यवहार की बात सामने आ रही है इससे भी बढ़कर बात जब सामने आई जब एक महिला के साथ केन्द्रीय मंत्री भारत के परिवार फेमली का भी आइ पी पास मेल पर तिरुपति माला ट्रस्ट के भेजे जाने पर भी दर्शन से रोका गया इसके साथ कितने केन्द्रीय मंत्री और हिंदी भाषी प्रदेशों के मंत्री, सांसद, विधायक के लोगों को रोज रोका जाता होगा यह एक केन्द्र सरकार पर हिंदी भाषी लोग पूछ रहे जब हिंदी भारत की माता एवं मात्र भाषा है तो तिरुपति बालाजी मंदिर ट्रस्ट द्वारा हिन्दी भाषी एवं केन्द्रीय मंत्री आदि भीआइपी, दिव्यांग, पत्रकार के साथ दर्शन से रोका जाना और गलत रुप से दौड़ाना यह भारत के किस धार्मिक स्थल पर होता दक्षिण भारत के लोगों के साथ जब भारत सरकार के सीनियर एवं वरिष्ठ मंत्री के लेटर की अवहेलना क्यों की जा रही है।

## मारपीट मामले में महिला आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** थाने की पुलिस ने एक महिला को मारपीट मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं इस संबंध में थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के चुआबार गांव चिन्ता देवी ने पिछले 13 मार्च को एक युवक के मारपीट के मामले में फरार चल रही थी जिसे वहीं गिरफ्तार कर पूछताछ कर जेल भेज दिया गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई किया जा रहा है।

## गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में अंबेडकर जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ सहदेब बाउरी के संरक्षण एवं एनएसएस पदाधिकारी डॉ प्रियंका कुमारी के निर्देशन में डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन मंगलवार को किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। तत्पश्चात बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. सहदेब बाउरी, डॉ अफशां सुरैया, डॉ प्यारे मांझी, डॉ शुचि सिन्हा आदि ने अंबेडकर की जीवनी और मानवतावादी विचारों पर प्रकाश डाला। डॉ सहदेब बाउरी ने कहा कि अंबेडकर ने श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का पुरजोर समर्थन किया था। डॉ प्रियंका कुमारी ने बाबा साहेब को भारतीय संविधान का जनक एवं भारत गणराज्य के निमार्ताओं में से एक बतलाया। डॉ शुचि सिन्हा ने भारतीय संविधान के निर्माण में बाबा साहेब की भूमिका पर सारगर्भित विचार रखे। प्रो सुरैया ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने छूआछूत के विरुद्ध व्यापक आंदोलन चलाया। डॉ मांझी ने महिलाओं के हित में अंबेडकर के विचारों की भूमिका पर विचार रखे। कॉलेज की पीआरओ डॉ रश्मि प्रियदर्शनी ने बतलाया कि संगोष्ठी के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को भारतीय संविधान की खूबसूरती से अवगत कराना था। साथ ही भारत के अतीत, वर्तमान एवं भविष्य को सजाने, संवारने एवं निर्धारित करने में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के महत्वपूर्ण योगदान से परिचित करवाना था। कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित इस संगोष्ठी में कॉलेज की छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर कर भाग लिया। छात्रा गीतांजलि एवं त्रिशला ने भी अपने विचार रखे। डॉ जया चौधरी ने अंबेडकर को दलितों का मसीहा बताया। कार्यक्रम में डॉ जया चौधरी, डॉ अमृता कुमारी घोष, प्रीति शेखर, डॉ सुनीता कुमारी, डॉ सुरबाला कृष्णा, डॉ आशुतोष कुमार पांडेय, डॉ फातिमा, डॉ वीणा कुमारी जायसवाल के अलावा उषा, रिया, अश्विनी, सपना, अनीषा, दीपा, अनुष्का आदि अनेक छात्राओं एवं स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रियंका कुमारी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ जया चौधरी ने किया।

## अभाविप ने किया अंबेडकर जयंती पर दीपोत्सव का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया(गया)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बोधगया नगर ईकाई के द्वारा डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के 134 वीं जयंती के शुभ अवसर पर सोमवार को भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगर मंत्री अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि जिस प्रकार बाबा साहब ने समाज की परिकल्पना की थी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उसी समाज की रचना में निरंतर काम कर रही है। बाबा साहब ने राष्ट्र के लिए सर्वोच्चतम समर्पित करने का आह्वान किया था और समाज में जातिवाद और किसी से भेदभाव से ऊपर उठ कर काम करने की बात बताई थी। राष्ट्र के पूर्णनिर्वाण के लिए समाज के सभी वर्गों को एक होकर काम करने के लिए दिशा दी।

## निजी ड्राइवर पुलिस की वर्दी पहन कर घूम रहा था, हुआ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले के एक थाने में पूर्व में रहे प्राइवेट ड्राइवर को पुलिस के वर्दी पहन कर घूमना महंगा पड़ गया जब इसकी सूचना जिले के पुलिस कप्तान को हुई तो कार्रवाई का निर्देश दिया जिसके बाद पूर्व में रहे थाने का प्राइवेट ड्राइवर को पुलिस के वर्दी में गिरफ्तार कर लिया। इसके गिरफ्तारी रामपुर थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन से की गई है। वह पहले बेलागंज थाने में प्राइवेट ड्राइवर के रूप में कार्यरत था उसकी वर्दी को भी जब्त किया गया है। गिरफ्तार प्राइवेट ड्राइवर राजीव कुमार, पिता० स्व० किशोरी यादव, ग्राम वजीरपुर, थाना बेलागंज, जिला गया का रहने वाला है। प्राइवेट ड्राइवर राजीव कुमार को पुलिस वर्दी में गिरफ्तार करते हुए रामपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार किए गए ड्राइवर से पुलिस वर्दी का फर्जी इस्तेमाल और इसके पीछे की मंशा जानने का पूछताछ की जा रही है।


## झारखण्ड सरकार,
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

72वीं औपबंधिक सूची
जिला– पलामू (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी शंखनाथ सिंह एवं रामरतन कुमार मेहता द्वारा आयोग के माननीय सदस्य भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–17/24 2. आवेदक–सत्यनारायण पाण्डेय , पिता–स्व0 जयराम पाण्डेय<br>3. ग्राम–लोहरा , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–18/24 2. आवेदक–ओम प्रकाश कुशवाहा , पिता–स्व0 बिन्देश्वरी महतो<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह– छाती पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–19/24 2. आवेदक–पनपति देवी , पति–केदाल महतो<br>3. ग्राम–लेस्लीगंज, सांगबार पोस्ट–लेस्लीगंज, थाना– लेस्लीगंज , प्रखण्ड– लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला , आयु–64 वर्ष , पहचान चिन्ह– बायें गाल में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–20/24 2. आवेदक–दीनानाथ महतो , पिता–रामवृक्ष महतो<br>3. ग्राम–देलहा , पोस्ट–तरहसी , थाना–तरहसी , प्रखण्ड–तरहसी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह– दायें तर्जनी अंगुली में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–21/24 2. आवेदक–लालमोहन बैठा , पिता–शिवदत्त बैठा<br>3. ग्राम–लेस्लीगंज , पोस्ट–लेस्लीगंज , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–22/24 2. आवेदक–ओम प्रकाश , पिता–रामराज साव<br>3. ग्राम–कोट खास , पोस्ट–लेस्लीगंज , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह– दाहिने कंधे पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–23/24 2. आवेदक–केदाल महतो , पिता–रामजी महतो<br>3. ग्राम–लेस्लीगंज , पोस्ट–लेस्लीगंज , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह– नाक पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–24/24 2. आवेदक–नरेश सिंह , पिता–चरित्र सिंह<br>3. ग्राम–बखारी , पोस्ट–सुआ , थाना–मेदिनीनगर , प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिने हथेली में कटे घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–/2524 2. आवेदक–चान्दो देवी , पति–रामचरित्र महतो<br>3. ग्राम–बनुआँ , पोस्ट–संगवार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायां हाथ के कलाई में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–26/24 2. आवेदक–सीता देवी , पति–जयराम पासवान<br>3. ग्राम–लेस्लीगंज , पोस्ट–लेस्लीगंज , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला , आयु–42 वर्ष , पहचान चिन्ह–चेहरे के दायें तरफ तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–27/24 2. आवेदक–बालकेस प्रसाद पासवान , पिता–रामचरित्र महतो<br>3. ग्राम–सोतमडबरा , पोस्ट–लेस्लीगंज , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें छाती में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–28/24 2. आवेदक–गोपाल मेहता , पिता–बलराम मेहता<br>3. ग्राम–सरैया , पोस्ट–बैदाकलां , थाना–पण्डवा , प्रखण्ड–पण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–29/24 2. आवेदक–प्रवेश कुमार , पिता–जनेश्वर महतो<br>3. ग्राम–सेवई ओरिया , पोस्ट–गुरूवा , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–41 वर्ष , पहचान चिन्ह–ललाट पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–30/24 2. आवेदक–रविन्द्र राम , पिता–रामप्रीत राम<br>3. ग्राम–कोटखास , पोस्ट–लेस्लीगंज , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें छाती पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–31/24 2. आवेदक–राकेश कुमार , पिता–अजय राम<br>3. ग्राम–मुरमुसी , पोस्ट–लेस्लीगंज , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायां पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–32/24 2. आवेदक–सच्चिदानन्द बिरोतम , पिता–शम्भूनाथ महतो<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–संगवार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें आंख उपर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्द्रधन मेहता एवं भुवनेश्वर केवट द्वारा आयोग के माननीय सदस्य भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–33/24 2. आवेदक–कृपाल साव , पिता–स्व0 सुबा साव<br>3. ग्राम–डडांरकला , पोस्ट–डडांरकला , थाना–पांकी , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–34/24 2. आवेदक–अनिरूद्ध महतो , पिता–स्व0 तुला महतो<br>3. ग्राम–तरवाडीह , पोस्ट–पांकी , थाना–पांकी , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–79 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायां नाक पर मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–35/24 2. आवेदक–रामनरेश सिंह , पिता–स्व0 हरिहर सिंह<br>3. ग्राम–तरवाडीह , पोस्ट–पांकी , थाना–पांकी , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष , पहचान चिन्ह–पेट में ऑपरेशन का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–36/24 2. आवेदक–हरिद्वार साव , पिता–स्व0 राजेश्वर साव<br>3. ग्राम–सरौना , पोस्ट–तेतराई , थाना–पांकी , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–65 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायां कांख के पास मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–37/24 2. आवेदक–महेन्द्र राम , पिता–स्व0 गनौरी राम<br>3. ग्राम–सरौना , पोस्ट–तेतराई , थाना–पांकी , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायां होंठ के उपर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–38/24 2. आवेदक–नर्वदेश्वर सिंह , पिता–गणेश सिंह<br>3. ग्राम–बौराखाड , पोस्ट–फुलांग , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–39/24 2. आवेदक–युगल किशोर सिंह , पिता–स्व0 सुर्यदेव सिंह<br>3. ग्राम–बौराखाड , पोस्ट–फुलांग , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–71 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ का कानी अंगुली टुटा हुआ है। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–40/24 2. आवेदक–बिराज सिंह , पिता–स्व0 झरी महतो<br>3. ग्राम–पसहर , पोस्ट–कसमार , थाना–तरहसी , प्रखण्ड–तरहसी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायां गाल में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बाल किशुन उराँव द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–41/25 2. आवेदक–बिहारी सिंह , पिता –स्व0 सिवापति सिंह<br>3. ग्राम–मुन्डू , पोस्ट–चान्दो , थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड– रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–42/25 2. आवेदक–नन्दु दुलार सिंह , पिता –धर्मदेव सिंह<br>3. ग्राम–बड़की नेमी , पोस्ट–धाबार , थाना–मेदनी नगर , प्रखण्ड– पोलपोल<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–43/25 2. आवेदक–बजरंगी सिंह , पिता –निरंजन सिंह<br>3. ग्राम–चान्दो , पोस्ट–चान्दो , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां अँगुठा ढेड़ा है। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–09/25 2. आवेदक–सुभागी देवी , पति–नरेश सिंह<br>3. ग्राम–कसमार , पोस्ट–उदयपुर , थाना–रमकंडा , प्रखण्ड– रमकंडा<br>4. लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायां ठेहुना में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–44/25 2. आवेदक–मीना देवी , पति–संजय कुमार सिंह<br>3. ग्राम–चान्दो , पोस्ट–चान्दो , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–45/25 2. आवेदक–मनतोरा देवी , पति–युवराज सिंह<br>3. ग्राम–चोरहट , पोस्ट–रामगढ़ , थाना– रामगढ़ , प्रखण्ड– रामगढ़<br>4. लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायां एड़ी में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–46/25 2. आवेदक–सहावीर प्रजापति , पिता –फौदार प्रजापति<br>3. ग्राम–चनकार कस्तूरी , पोस्ट–हुसैनाबाद , थाना– हुसैनाबाद , प्रखण्ड– जपला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां पैर में कटै का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–10/25 2. आवेदक–विनोद परहिया , पिता –रामगणेश परहिया<br>3. ग्राम–परासपानी कला , पोस्ट–अम्बा खोरिया , थाना–धुरकी , प्रखण्ड– धुरकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 47 वर्ष, पहचान चिन्ह– छाती पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–47/25 2. आवेदक–राजेश्वर प्रजापति , पिता –दुखन प्रजापति<br>3. ग्राम–हिरासिकनी , पोस्ट–हुसैनाबाद , थाना–जपला , प्रखण्ड–हुसैनाबाद<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 48 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिने गर्दन में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–48/25 2. आवेदक–जीतू मुण्डा , पिता –सुखराम मुण्डा<br>3. ग्राम–कुट्टी , पोस्ट–नवाडीह , थाना– रामगढ़ , प्रखण्ड– रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 45 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिने घुटना पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–49/25 2. आवेदक–चन्द्रदेव सिंह , पिता –राम प्रसाद सिंह<br>3. ग्राम–सिकी काला पाटन , पोस्ट–पाटन , थाना– पाटन , प्रखण्ड– पाटन<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 67 वर्ष, पहचान चिन्ह– गाल में दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–50/25 2. आवेदक–नागेन्द्र सिंह , पिता –हरिहर सिंह<br>3. ग्राम–सिकी काला , पोस्ट– सिकी काला , थाना– पाटन , प्रखण्ड– पाटन<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 44 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–51/25 2. आवेदक–शांती देवी , पति–भोवनाथ सिंह<br>3. ग्राम–सिकी काला , पोस्ट– सिकी काला , थाना– पाटन , प्रखण्ड– पाटन<br>4. लिंग–महिला , आयु–73 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायां पैर में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–52/25 2. आवेदक–उदय मांझी , पिता –स्व0 कईल मांझी<br>3. ग्राम–बरसैता , पोस्ट–कांके कला , थाना– पाटन , प्रखण्ड– पाटन<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 49 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां पैर में दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–53/25 2. आवेदक–नागेन्द्र सिंह , पिता –अमृत सिंह<br>3. ग्राम–सिकी काला , पोस्ट– सिकी काला , थाना– पाटन , प्रखण्ड– पाटन<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 41 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–11/25 2. आवेदक–मो0 तौफीक अंसारी , पिता –छोटू अंसारी<br>3. ग्राम–प्रतापपुर , पोस्ट–बेकेचम्पा , थाना– गढ़वा , प्रखण्ड– गढ़वा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 55 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–/25 2. आवेदक–सुबोध कुमार पाठक , पिता–स्व0 शम्भूनाथ पाठक<br>3. ग्राम–पनेरीबांध , पोस्ट–शाहपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायें आँख पर कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अरूण कुमार दुबे, लक्ष्मण ठाकुर, सुखाड़ी मियाँ, अजय बक्स राय एवं प्रेम कुमार मिश्रा द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–54/25 2. आवेदक–कोमल उराँव , पिता–स्व0 एता उराँव<br>3. ग्राम–कुंडपानी , पोस्ट–रामगढ़ , थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर गिल्टी का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–55/25 2. आवेदक–सुरेश भुईयाँ , पिता–बुधन भुईयाँ<br>3. ग्राम–मुसरमू , पोस्ट–रामगढ़ , थाना–रामगढ़ (चैनपुर), प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–56/25 2. आवेदक–युवराज सिंह , पिता–स्व0 भिखू सिंह<br>3. ग्राम–चोरहट, पोस्ट–रामगढ़ , थाना–रामगढ़, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–57/25<br>2. आवेदक–अनन्त सिंह उर्फ आनन्द सिंह, पिता–स्व0 चुनेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–बसौरा , पोस्ट–बसौरा , थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–58/25 2. आवेदक–नवल किशोर पाठक , पिता–स्व0 मुंगेश्वर पाठक<br>3. ग्राम–बाजार समिति, सुदना, पोस्ट–सुदना , थाना–मेदिनीनगर, प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–59/25 2. आवेदक–विनय कुमार , पिता–मोहन किशोर<br>3. ग्राम–नियर नामधारी कॉलोनी, पोस्ट–आबादगंज , थाना–सदर मेदिनीनगर, प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–65/25 2. आवेदक–सुरेश कुमार , पिता–राजेश्वर राम<br>3. ग्राम–सरहू, पोस्ट–झरगड़ा , थाना–हुसैनाबाद प्रखण्ड–हुसैनाबाद<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें ठेहुना में जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सुलेमान अंसारी एवं लक्ष्मण ठाकुर द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–66/25 2. आवेदक–सौकत अंसारी , पिता–इमामदी मियां<br>3. ग्राम–बभन्डी , पोस्ट–नावाडीह, थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ में कटा हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–67/25 2. आवेदक–मकबुल अंसारी , पिता–स्व0 छकु मियाँ<br>3. ग्राम–चान्दो , पोस्ट–चान्दो, थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–68/25 2. आवेदक–मोईनुद्दीन अंसारी , पिता–अब्दुल मियां<br>3. ग्राम–बभन्डी , पोस्ट–नावाडीह, थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में गाटा के उपर लहसन। | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–69/25 2. आवेदक–नुरूल हक अंसारी , पिता–जसिम मियां<br>3. ग्राम–बभन्डी , पोस्ट–नावाडीह, थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–70/25 2. आवेदक–मो0 इजराईल अंसारी , पिता–अब्दुल बारी<br>3. ग्राम–तरहसी , पोस्ट–तरहसी , थाना–तरहसी , प्रखण्ड–तरहसी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में दाहिना तरफ मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–71/25 2. आवेदक–मोबीन अंसारी , पिता–रहमान मियां<br>3. ग्राम–बभन्डी , पोस्ट–नावाडीह, थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख पर तिलवा। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — PR 350389 (Home) 25-26 (D) — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

संपादकीय

# प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर लगाम कब लगेगी?

प्राइवेट स्कूलों द्वारा फीस में बेलगाम बढ़ोतरी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। प्राइवेट स्कूलों के संचालकों में मुनाफा कमाने का लालच इस कदर बढ़ता जा रहा है कि वे सारी सीमाओं को तोड़ते जा रहे हैं। स्कूल से जबरदस्ती महंगी किताबें खरीदने के लिए मजबूर करने का मामला हो या फिर तय की गई दुकानों से ही घटिया क्वालिटी की ड्रेस ज्यादा कीमत पर खरीदने का दबाव हो, ऐसा लगता है कि इनपर कोई कानून या नियम लागू नहीं होता है। प्राइवेट स्कूलों की लॉबी इतनी ज्यादा मजबूत हो गई है कि अब इन्हें सरकारों का भी कोई भय नहीं रहा है। शुक्रवार को दिल्ली के एक नामी-गिरामी स्कूल से ऐसी खबर आई जिसने सबको स्तब्ध कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दिल्ली के एक बड़े स्कूल ने तो बच्चों को ही बंधक बना लिया था। बताया जा रहा है कि दिल्ली के एक बड़े स्कूल में फीस बढ़ोतरी को लेकर वहां पढ़ने वाले बच्चों के अभिवावक प्रदर्शन कर रहे थे और इस बीच स्कूल के प्रबंधकों ने कुछ बच्चों को लाइब्रेरी में बंधक बना लिया। एक न्यूज चैनल ने तो यहां तक दावा किया है कि बच्चों को लाइब्रेरी में बंद करने के मामले की जांच साउथ वेस्ट डीएम लक्ष्य सिंहल ने की और उन्होंने यह भी माना कि जब वे जांच करने स्कूल पहुंचे तो उन्होंने खुद बच्चों को लाइब्रेरी में बैठे हुए पाया। डीएम ने जांच की रिपोर्ट शिक्षा विभाग को भेज दी है। उम्मीद करते हैं कि दिल्ली की बीजेपी सरकार इस स्कूल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए एक उदाहरण सेट करेगी ताकि भविष्य में कोई भी स्कूल इस तरह की हरकत करने के बारे में सोच भी नहीं सके। दिल्ली के कई प्राइवेट स्कूलों के बाहर मनमानी फीस बढ़ोतरी के खिलाफ अभिवावक प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वहीं वसंतकुंज स्थित एक प्राइवेट स्कूल ने तो अभिभावकों के स्कूल परिसर में आने पर प्रतिबंध तक लगा दिया है। सही मायनों में कहा जाए तो यह स्कूलों की तानाशाही है और इस देश की सरकारों और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कई तरह के सवाल खड़े करती है। देश की राजधानी दिल्ली में 1700 के लगभग प्राइवेट स्कूल हैं। इनमें सरकारी जमीन पर बने प्राइवेट स्कूल 448 हैं। सरकार द्वारा बनाए गए नियम के हिसाब से सभी स्कूलों को हर साल फाइनेंशियल स्टेटमेंट देना जरूरी होता है। अगर शिक्षा निदेशालय को फीस बढ़ोतरी गलत लगती है, तो वो इसे रोक सकती है और स्कूल को बढ़ी हुई फीस अभिवावकों को वापस देनी होगी। लेकिन सरकार चुप है, अधिकारी अपना काम नहीं कर रहे हैं और इसका नतीजा स्कूलों की मनमानी के रूप में सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि दिल्ली के कई प्राइवेट स्कूलों ने 10 प्रतिशत से लेकर 30 प्रतिशत तक फीस बढ़ा दी है। ये स्कूल ट्यूशन फीस, डिवेलपमेंट फीस, ट्रांसपोर्ट फीस के अलावा ओरिएंटेशन फीस, एसी, स्कूल ऐप और स्मार्ट क्लास के नाम पर भी तगड़ी वसूली कर रहे हैं। दिल्ली की बीजेपी सरकार के लिए यह एक बड़ी चुनौती से कम नहीं है। क्योंकि उनकी सरकार बनने के बाद शुरू हुए स्कूलों के नए सत्र में ही यह फीस बढ़ोतरी की गई है। ऐसे में स्वाभाविक तौर पर दिल्ली के लोगों को यह लगने लगा है कि भाजपा की सरकार बनने के बाद ही दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों के मालिकों में मनमानी करने की हिम्मत आ गई है। यह बात अगर दिल्लीवासियों के मन में बैठ गई तो फिर बीजेपी के लिए मुश्किलें खड़ी हो जाएगी। आम आदमी पार्टी इसे एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनाने की कोशिश लगातार कर रही है। समय की यह मांग है कि सरकार आगे आए और इन प्राइवेट स्कूलों की दादागिरी, मनमानी और तानाशाही भरे रवैए पर रोक लगाए या फिर कड़ी कार्रवाई करें। हालांकि यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि प्राइवेट स्कूलों की यह मनमानी किसी एक शहर या किसी एक राज्य तक ही सीमित भर नहीं है।

# बांग्लादेश के गारमेंट निर्यात को हो रहा नुकसान ?

**भारत के ट्रांस-शिपमेंट सुविधा रद्द करने से बांग्लादेश, दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा परिधान निर्यातक देश है. लगभग 45 बिलियन डॉलर का रेडीमेड गारमेंट उद्योग है. बांग्लादेश के रेडीमेड गारमेंट उद्योग को भारत द्वारा ट्रांस-शिपमेंट सुविधा वापस लेने के बाद एक बड़ा लॉजिस्टिक झटका लगा है. इस सुविधा के तहत बांग्लादेश के सामान को भारतीय क्षेत्र से होकर अंतरराष्ट्रीय बंदरगाहों तक भेजा जाता था. यह सुविधा, नेपाल, भूटान और अन्य जगहों पर तेजी से निर्यात के लिए महत्वपूर्ण थी. जिसे इस सप्ताह बंद कर दी गई. इससे निर्यातकों को शिपमेंट के नए रास्ते तलाशने और बढ़ती लागत का सामना करना पड़ रहा है. वैश्विक खरीदार समय पर डिलीवरी और सस्ती कीमत चाहते हैं, इसलिए बांग्लादेश के कपड़ा निर्माता ऑर्डर खोने और मुनाफा कम होने की चिंता जता रहे हैं.**

**अरुणिम भुयान**



इस सप्ताह एक प्रेस ब्रीफिंग में, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि बांग्लादेश को दी गई ट्रांस-शिपमेंट सुविधा से भारत के हवाई अड्डों और बंदरगाहों पर भीड़भाड़ बढ़ गई थी. उन्होंने कहा, इससे देरी हो रही थी और लागत बढ़ रही थी, जिससे हमारे अपने निर्यात प्रभावित हो रहे थे. इसलिए 8 अप्रैल, 2025 से यह सुविधा वापस ले ली गई है. उन्होंने यह भी कहा कि इसका बांग्लादेश के नेपाल और भूटान को होने वाले निर्यात पर कोई असर नहीं पड़ेगा. लेकिन हकीकत यह है कि पेट्रापोल सीमा पर चार बांग्लादेशी ट्रकों को, जो रेडीमेड कपड़ों से लदे थे, भारत में प्रवेश से रोक दिया गया. क्योंकि भारत ने ट्रांस-शिपमेंट सुविधा रद्द कर दी थी. इन ट्रकों को बेनापोल सीमा से ढाका वापस भेज दिया गया.

भारत ने 29 जून, 2020 को एक आदेश के माध्यम से ट्रांसशिपमेंट सुविधा शुरू की थी. जिससे बांग्लादेशी माल को भारतीय क्षेत्र का उपयोग करके तीसरे देशों में ले जाया जा सकता था. जनवरी 2024 से मार्च 2025 तक, 15 महीनों की अवधि में, बांग्लादेश ने भारतीय सड़क पारगमन का उपयोग करके 36 देशों को लगभग 462 मिलियन डॉलर मूल्य के वस्त्र निर्यात किए थे. हालांकि, भारतीय केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने 8 अप्रैल को आदेश रद्द कर दिया, जिससे ऐसे शिपमेंट रुक गए. निरस्तीकरण ने स्थापित व्यापार मार्गों को बाधित कर दिया है, जिससे बांग्लादेशी निर्यातकों को वैकल्पिक मार्गों की तलाश करने के लिए मजबूर होना पड़ा है. निर्यातकों को अब उच्च हवाई माल भाड़े और लंबे पारगमन समय का सामना करना पड़ रहा है. जिससे वैश्विक बाजार में उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हो रही है. भारत के अचानक उठाए गए कदम से बांग्लादेश से मध्य पूर्व और पश्चिमी बाजारों में तत्काल निर्यात के लिए प्रमुख पारगमन विकल्पों में से एक अवरुद्ध हो गया है. बांग्लादेशी समाचार पोर्टल ने बताया कि, हालांकि कुल निर्यात मात्रा पर तत्काल प्रभाव सीमित हो सकता है, लेकिन निर्यातकों का कहना है कि प्रतिबंध से डिलीवरी विकल्पों में लचीलापन कम हो जाता है और बांग्लादेश की निर्यात क्षमता कम हो सकती है. रिपोर्ट में एक निर्यातक के हवाले से कहा गया है कि, इसके लिए हमारी सरकार से कूटनीतिक हस्तक्षेप की आवश्यकता है. भारतीय बंदरगाहों और हवाई अड्डों तक पहुंच रोक देने के कारण बांग्लादेश के अपने लॉजिस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर दबाव बढ़ गया है. स्थानीय हवाई अड्डों पर कई महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जैसे कि उच्च कार्गो हैंडलिंग शुल्क और अपर्याप्त सुविधाएं इत्यादि.

बांग्लादेश के साथ ट्रांस-शिपमेंट समझौते को रद्द करने का भारत का निर्णय, इस महीने की शुरुआत में बैंकॉक में बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के साथ हुई बैठक के तुरंत बाद आया है. यह निरस्तीकरण अमेरिका द्वारा बांग्लादेशी निर्यात पर 37 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ लागू करने के साथ मेल खाता है. हालांकि 90 दिनों के लिए रोक दिया गया है, जिससे इस क्षेत्र पर और अधिक दबाव पड़ रहा है.

विशेषज्ञ भारत के इस कदम के बारे में गलतफहमियां देख रहे हैं. वे इसे चीन के साथ बांग्लादेश की बढ़ती भागीदारी के प्रति नई दिल्ली की प्रतिक्रिया के रूप में देखते हैं, जिसमें भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के रणनीतिक महत्व और इस क्षेत्र के लिए समुद्र के प्रवेश द्वार के रूप में बांग्लादेश की भूमिका के बारे में यूनुस की टिप्पणियां शामिल हैं. बैंकॉक में यूनुस के साथ अपनी बैठक के दौरान मोदी ने एक लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के प्रति भारत का समर्थन दोहराया था.

सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में यूनुस बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन से पहले चीन की अपनी यात्रा के दौरान एक आर्थिक शिखर सम्मेलन के दौरान यह कहते हुए दिखाई दिए कि भारत के सात राज्य, भारत का पूर्वी भाग, सात बहनें कहलाते हैं.वे भारत के एक भू-आबद्ध (लैंड लॉक) क्षेत्र हैं. उनके पास समुद्र तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं है. उन्होंने बांग्लादेश को भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए महासागर का संरक्षक बताया. इस पर भारत में राजनीतिक दलों से ऊपर उठकर गुस्सा भड़क उठा.

विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने मोदी-यूनुस की बैठक के बाद बैंकॉक में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, उन्होंने (मोदी) इस बात पर जोर दिया कि भारत संबंधों में लोगों पर केंद्रित दृष्टिकोण में विश्वास करता है और दोनों देशों के बीच लंबे समय से चल रहे सहयोग पर प्रकाश डाला, जिससे दोनों देशों के लोगों को ठोस लाभ मिला है. और, इसी भावना के साथ, उन्होंने एक बार फिर प्रोफेसर यूनुस को व्यावहारिकता की भावना के आधार पर बांग्लादेश के साथ सकारात्मक और रचनात्मक संबंध बनाने की भारत की इच्छा को रेखांकित किया. अगस्त 2024 में प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता से बाहर होने के बाद बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता की स्थिति पैदा हो गई. हसीना को सत्ता से हटाया जाना छात्रों की क्रांति के बाद हुआ, जो उनके शासन की सत्तावादी शैली के खिलाफ़ बड़े पैमाने पर विद्रोह में बदल गई. उनका डेढ़ दशक लंबा शासन अचानक समाप्त हो गया, जिससे एक राजनीतिक शून्य पैदा हो गया जिसने मौजूदा विभाजन को और बढ़ा दिया और नियंत्रण के लिए संघर्ष को जन्म दिया. हसीना के सत्ता से बाहर होने के तुरंत बाद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार का गठन हुआ. हसीना के भारत में शरण लेने के बाद से ही दोनों दक्षिण एशियाई पड़ोसियों के बीच संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं, जबकि पिछले साल दिसंबर में विदेश सचिव मिसरी ने संरचित विदेश कार्यालय परामर्श के लिए ढाका का दौरा किया था.इस बीच, बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने हसीना और उनके कई सहयोगियों के प्रत्यर्पण का आदेश दिया है, जो अगस्त में हुए उथल-पुथल के बाद देश छोड़कर भाग गए थे. हसीना के निष्कासन के बाद बांग्लादेश के राजनीतिक परिदृश्य में कट्टरपंथी इस्लामी तत्वों का उदय हुआ, जिसके कारण धार्मिक अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से हिंदुओं के खिलाफ बड़े पैमाने पर हिंसा हुई. भारत लगातार इन घटनाक्रमों पर अपनी चिंता व्यक्त करता रहा है.

पिछले साल अगस्त में सत्ता संभालने के बाद यूनुस ने भारत विरोधी कई बातें कीं. हालांकि, पिछले महीने एक ब्रिटिश मीडिया आउटलेट को दिए इंटरव्यू में यूनुस ने आश्चर्यजनक रूप से पलटवार करते हुए कहा कि बांग्लादेश के लिए भारत के साथ अच्छे संबंधों के अलावा कोई विकल्प नहीं है. यूनुस ने दावा किया कि भारत के साथ बांग्लादेश के संबंध बहुत अच्छे हैं और हमारे संबंध हमेशा बहुत अच्छे रहेंगे.

अध्यात्म

## दुख को कभी खुद पर हावी न होने दें

भगवान बुद्ध द्वारा दी गई सीख आज भी प्रासंगिक है। गौतम बुद्ध ने सारनाथ में दिए अपने पहले उपदेश में भी दुख के बारे में बात की है। बुद्ध ने कहा है दुख के बारे में अच्छे से जान लेने के बाद ही सुख मिलता है। उन्होंने बताया कि हर इंसान कभी न कभी दुखी होता ही है। हर इंसान को ये जान लेना चाहिए कि दुख का कारण क्या है, क्यों दुख आता है, हर तरह के दुख से छुटकारा पाया जा सकता है। और दुख को खत्म करने के क्या उपाय हैं। इन बातों को जो इंसान समझ लेता है वो किसी भी हालात में परेशान नहीं होता है।

आज हर इंसान किसी न किसी बात को लेकर परेशान है या कहा जा सकता है कि दुखी है। भगवान बुद्ध का कहना है कि दुखी होने से परेशानियां खत्म नहीं होती हैं। हर इंसान को दुख से छुटकारा पाने के लिए उससे जुड़ी बातों पर विचार करना चाहिए। इसके लिए भगवान बुद्ध की सीख से मदद मिलती है।

**दुख है:** महात्मा बुद्ध की पहली सीख कहती है कि संसार में दुःख है। बुद्ध कहते हैं कि इस संसार में कोई भी प्राणी ऐसा नहीं है जिसे दुःख ना हो। उनके मुताबिक दुख को एक सामान्य स्थिति समझना चाहिए। इसे खुद पर हावी नहीं होने देना चाहिए। इसलिए हर इंसान को दुखी होने पर चिंतित और परेशान नहीं होना चाहिए। इसके उलट खुद को खुश रखने की कोशिश करनी चाहिए।

**दुख का कारण है:** महात्मा बुद्ध ने अपनी दूसरी सीख में दुख के कारण का जिक्र किया है। बुद्ध का कहना है कि हर दुख की वजह तृष्णा यानी तेज इच्छा है। इसलिए किसी भी चीज के लिए तृष्णा नहीं रखना चाहिए। यानी कहा जा सकता है कि किसी चीज या इंसान से उम्मीद नहीं रखनी चाहिए।

**दुख का निवारण है:** महात्मा बुद्ध ने तीसरी सीख में बताया है कि किसी भी तरह का दुख हो उसको दूर किया जा सकता है। उनका कहना है कि हर इंसान को ये समझना चाहिए कि कोई भी दुख हमेशा नहीं रहता है, उसको खत्म किया जा सकता है।

**दुख निवारण का उपाय है:** बुद्ध का कहना है कि हर दुख को दूर करने का उपाय मौजूद होता है। निवारण के उपाय भी मौजूद है। दुःख को दूर करने के लिए इंसान को भगवान बुद्ध के बताए गए सद् मार्ग यानी अष्टांगिक मार्ग को जानना चाहिए। जिससे कभी दुख महसूस नहीं होगा।

# व्यापार युद्ध ~ भारत के लिए अवसर और चुनौतियां

**भारत के लिए यह एक चेतावनी है कि अगर हमने अपनी व्यापारिक नीतियों में सुधार नहीं किया तो उसका असर अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। सरकार की नीति है कि हमारी बनाई वस्तु हमें महंगी मिले और उसका निर्यात हो तो वह विदेश में सस्ती मिले। इसे बदलकर नए सिरे से किसी भी वस्तु के मूल्य तय करने की नीति बनानी होगी ताकि व्यापार संतुलन बनाए रखा जा सके। आत्मनिर्भर भारत की कल्पना यही है कि सबसे पहले देशवासियों की आवश्यकताएं पूरी हों। अधिकतम खुदरा कीमत के नाम पर बहुत ज्यादा बढ़ी हुई रकम का लेबल लगाया जाता है और मोलभाव करने पर कम दाम पर सौदा हो जाता है। यह गोरखधंधा है और देशवासी सिवाय यह कहने के कि बहुत महंगाई है, कुछ नहीं कर सकते।**

**पूरन चंद सरीन**


व्यापार युद्ध क्या है इसका उदाहरण अमरीका द्वारा दुनिया के उन देशों पर जिनके साथ उसके व्यापारिक संबंध हैं, अपने बनाए टैरिफ को लागू करना है। यह कदम उन देशों, विशेषकर चीन जो एक महाशक्ति बन चुका है और वे जो उसे चुनौती दे सकते हैं, पर लगाम लगाने की कोशिश करना है। इसे ब्लैकमेल करना भी कह सकते हैं। जो उस पर निर्भर हैं वह सोच सकते हैं कि अमरीका उनकी बनाई चीजों का सबसे बड़ा खरीददार है इसलिए उसकी बात न मानना खतरे को न्यौता देना है।

यह उसकी दरियादिली नहीं कि 3 सप्ताह तक चीन के अतिरिक्त बाकी देशों में टैरिफ लागू नहीं होंगे बल्कि इस बात का संकेत है कि यह व्यक्ति योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहा है। भारत को केवल अमरीका के संदर्भ से हटकर चीन के नजरिए से भी सोचना होगा क्योंकि वह महाशक्ति बन चुका है।

भारत के लिए चुनौती ~ जहां तक हमारे देश का संबंध है, इस बात पर डृक्षचतन और मनन करना जरूरी हो जाता है कि जो देश हमसे 2 वर्ष बाद सन् 1949 में स्वतंत्र हुआ, वह आज हमसे बहुत आगे निकल गया तो कुछ तो इसके कारण होंगे। वर्तमान समय में यह तुलना आवश्यक ही नहीं आर्थिक विकास की नीतियों पर दोबारा सोचने के लिए भी महत्वपूर्ण है। चीन में भी राजशाही थी और भारत में भी राजे रजवाड़े, नवाब और शहंशाह हुकूमत करते थे। हमारी नीतियां कम्युनिस्ट चीन से कोई मेल नहीं खातीं जिसने अपने आपको एक ऐसे पर्दे में कैद कर लिया था जिसे भेदना आसान नहीं था जबकि हम वसुधैव कुटुंबकम् की बात करते रहे हैं।

भारत और चीन ~ चीन न अपने यहां किसी को बुलाता है और न ही वहां बसने के लिए प्रेरित करता है। आज भी नौकरी या व्यापार के लिए चीन बेशक जाना पड़ जाए लेकिन जो लोग वहां गए हैं, वे चीन के विकास की ऊंचाइयों तक पहुंचने की बात तो करते हैं लेकिन उनके यहां के नियमों और पाबंदियों का हर किसी के लिए पालन करना मुश्किल है इसलिए वहां बसने की बात नहीं सोची जा सकती। चीन और भारत, आबादी तथा प्राकृतिक संसाधनों और खनिज संपदा में काफी मालामाल हैं। सन् 1978 के बाद चीन की अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव आया। उनके नेताओं की चीन प्रथम की सोच थी जैसे अब ट्रम्प अमरीका प्रथम और हम भारत प्रथम कहते हैं। इसके लिए यह सोच बदलनी होगी कि किसी भी तरह विदेश जाओ और वहां से पैसे कमाकर भारत भेजो और कभी घूमने या अपनी जन्मभूमि की सैर करने का मन करे तो आ जाओ।

अपने बच्चों को दिखाओ कि हम किस देश से आए हैं जो उन्हें कभी अपना नहीं लगता और जल्दी से जल्दी यहां से चले जाना चाहते हैं। चीन के विकास की गति पकडऩे का कारण है कि सरकार के नियमों के अनुसार जहां जिसे रहने के लिए कहा जाए, कोई कारखाना लगाने या कारोबार करने के लिए कहा जाए, वह मना नहीं कर सकता। इसके लिए कैसी भी रुकावट पैदा करना देशद्रोह की तरह है। समय सीमा में कोई भी प्रोजैक्ट पूरा करना अनिवार्य है बल्कि ऐसे उदाहरण हैं कि तय समय से पहले ही वे पूरे हो गए, यदि किसी बात का विरोध भी करना है तो उसका जवाब चक्का जाम नहीं बल्कि अधिक उत्पादन कर के देना है। हमारे देश में समस्या है कि कोई प्रोजैक्ट शुरू होने के बाद उसके पूरे होने के समय की कोई गारंटी नहीं कि कब पूरा होगा। चीन में स्त्री और पुरुष दोनों को काम करना पड़ता है और वह भी सरकार जिस तरह चाहे। कोई निठल्ला नहीं बैठ सकता। मानव संसाधन का भरपूर उपयोग कर अधिक उत्पादन करना और वेतन भी वही जो निश्चित है। चीनियों ने मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में सभी की जरूरत का ध्यान रखते हुए अपने उत्पाद तैयार किए, जैसी जिसकी जरूरत वैसे उसके दाम की नीति अपनाकर उसने निश्चित कर लिया कि ग्राहक कोई भी हो, उसके यहां से बिना खरीदे नहीं जाएगा। प्रत्येक उत्पाद में कोई न कोई चीनी पुर्जा लगता है। अमरीका की दुविधा है कि उसके यहां जो सामान बनता है उसमें एक न एक चीनी पुर्जे के इस्तेमाल की जरूरत होती है। चीन भी इसीलिए उससे डर नहीं रहा और वह जवाबी कार्रवाई कर रहा है।



इस व्यापार युद्ध में इन दोनों देशों का जो होना होगा वो तो होगा ही लेकिन इसका असर दूसरे देशों पर पड़ेगा, यह निश्चित है। भू-मंडलीकरण के दौर में कोई भी अलग रहकर व्यापार नहीं कर सकता, उसे किसी से कुछ खरीदना या किसी को कुछ बेचना ही है। चीन और अमरीका के आपसी व्यापारिक संबंधों का असर दूसरे देशों पर भी पड़ता है। वे एक-दूसरे का सामान महंगा करते हैं तो बाक़ी देश भी प्रभावित होते हैं। यह टैरिफ का मुद्दा नहीं विश्व व्यापार का है। जहां तक फ्री ट्रेड यानी मुक्त व्यापार का सवाल है तो वही देश कर सकते हैं जो बराबरी कर सकें।

भारत के लिए यह एक चेतावनी है कि अगर हमने अपनी व्यापारिक नीतियों में सुधार नहीं किया तो उसका असर अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। सरकार की नीति है कि हमारी बनाई वस्तु हमें महंगी मिले और उसका निर्यात हो तो वह विदेश में सस्ती मिले। इसे बदलकर नए सिरे से किसी भी वस्तु के मूल्य तय करने की नीति बनानी होगी ताकि व्यापार संतुलन बनाए रखा जा सके। आत्मनिर्भर भारत की कल्पना यही है कि सबसे पहले देशवासियों की आवश्यकताएं पूरी हों। अधिकतम खुदरा कीमत के नाम पर बहुत ज्यादा बढ़ी हुई रकम का लेबल लगाया जाता है और मोलभाव करने पर कम दाम पर सौदा हो जाता है। यह गोरखधंधा है और देशवासी सिवाय यह कहने के कि बहुत महंगाई है, कुछ नहीं कर सकते।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपकी व्यक्तिगत समस्याओं का निदान होगा। अपने विचारों को नकारात्मक न होने दें। पार्टनरशिप में किसी कारण अनबन हो सकती है।

**वृषभ**
आज आपको अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिये। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। छात्रों को परिश्रम का सार्थक परिणाम मिलेगा।

**मिथुन**
व्यापार में नवीन प्रस्ताव मिल सकते हैं। ईर्ष्या की भावना के कारण आपका मन उद्वेलित रहेगा। सामाजिक कार्यों में आपको साझेदारी करनी चाहिये।

**कर्क**
आज आपके व्यवहार से लोग प्रसन्न रहेंगे। शाम के समय मनोरञ्जक यात्रा हो सकती है। रुके हुये पैसे आपको मिल सकते हैं।

**सिंह**
माता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। परिवार के किसी सदस्य की चिन्ता रहेगी। तकनीक क्षेत्र से जुड़े लोगों को कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

**कन्या**
जीवनसाथी के साथ धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। लोग आपसे काफी प्रेरणा लेंगे। कारोबार में उच्च आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

**तुला**
धर्म-कर्म में आपकी रुचि कम हो सकती है। प्रेम सम्बन्ध किसी कारण प्रभावित हो सकते हैं। जोखिम भरे कार्यों से आपको बचना चाहिये।

**वृश्चिक**
आपके कार्य की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। कोई भी निर्णय लेने से पूर्व आपको थोड़ी परेशानी होगी।

**धनु**
आप दूसरों के काम के लिये भागदौड़ करेंगे। आज आप काफी व्यस्त रहेंगे। सम्पत्ति के क्रय-विक्रय से आपको धन लाभ मिलेगा। प्रेमी जनों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर रहने वाले हैं।

**मकर**
नये कार्यों में रुकावटें आने की आशंका है। ऐसा कोई भी कार्य न करें जिससे लोग आपकी आलोचना करें। दूर के रिश्तेदारों से आज मुलाकात होगी। मन काफी आनन्दित रहेगा।

**कुंभ**
आपको कोई बुरा समाचार मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको थोड़ी परेशानी होगी। अधूरे काम समय पर पूर्ण न होने से मन व्यथित होगा।

**मीन**
आज सम्पत्ति को लेकर बड़े निर्णय लेने के योग बन रहे हैं। कारोबारी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। सुख-सुविधाओं में आप काफी ध्यान देंगे।

# रिफाइनरी में राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस आयोजित

## 1944 को बाम्बे विक्टोरिया डक में फोर्ट स्ट्रिकिन जहाज की विनाशकारी आग में मृत वीरो को दी गई श्रद्धांजलि




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी में कार्यकारी निदेशक सत्य प्रकाश ने सोमवार को अर्धनत ध्वज फहराया। साथ ही 14 अप्रैल 1944 को बम्बे विक्टोरिया डक में फोर्ट स्ट्रिकिन जहाज (जो कपास की बेलों एवं विस्फोटक से भरी थी) में लगी विनाशकारी आग का सामना करने वाले 66 वीर अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि दी। उन सभी वीर अग्निशमन सेनानियों की याद में दो मिनट का मौन रखा गया। अग्निशमन सेवा दिवस 2025 का विषय एकजुट हों, एक अग्नि-सुरक्षित भारत के लिए प्रेरणा जगाएं पर अपने संबोधन में श्री प्रकाश ने कहा कि औद्योगिक सुरक्षा की आधारशिला अग्नि सुरक्षा है। रिफाइनरी जैसे अत्यंत संवेदनशील परिसरों में कार्य करते हुए हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि हम सुरक्षा नियमों का पूर्ण पालन करें। अपने उपकरणों का समय पर रखरखाव करें और जागरूकता के माध्यम से एकजुट होकर आग से सुरक्षित भारत की प्रेरणा जगाएं। इस अवसर पर इंडियन ऑयल के अध्यक्ष एवं निदेशक (रिफाइनरीज) का संदेश भी पढ़ा गया। तत्पश्चात अग्नि सुरक्षा पर केंद्रित सुरक्षा दर्पण बुलेटिन का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक (परियोजना व कोर ग्रुप) संजय रायजादा, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) भास्कर हजारिका, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) एस.के. सरकार, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी सेवायें व एचएसई) हंसराज गणवीर, राजू मशहरी सहित वरिष्ठ अधिकारीगण, आईओओए एवं बीटीएमयू के प्रतिनिधिगण तथा अग्नि एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।आगामी सप्ताह के दौरान विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों, प्रशिक्षण सत्रों एवं मक ड्रिल्स के माध्यम से अग्नि सुरक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

## बरौनी रिफाइनरी में याद किये गए बाबा अंबेडकर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी टाउनशिप में भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती सोमवार को श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अपने संबोधन में सत्य प्रकाश ने कहा बाबा साहब के जीवन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उन्होंने समाज की विषम परिस्थितियों से संघर्ष करते हुए न केवल अपने लिए सम्मानजनक स्थान बनाया। बल्कि समूचे राष्ट्र को एक समतामूलक दिशा में ले जाने का कार्य किया। एक बहुआयामी व्यक्तित्व के रूप में वे भारत के संविधान निर्माता, आर्थिक योजनाकार, महिला एवं श्रमिक अधिकारों के समर्थक और समाज सुधारक थे। उन्होंने कहा था 'मैं किसी समुदाय की प्रगति को उसकी महिलाओं की प्रगति के स्तर से मापता हूं। हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समानता और समरसता से परिपूर्ण समाज के निर्माण में सहभागी बनना चाहिए। बरौनी रिफाइनरी इस दिशा में प्रतिबद्ध है और विभिन्न सीएसआर व सीईआर पहलों के माध्यम से समाज के वंचित वर्गों के लिए अवसर सृजित कर रही है।इस अवसर पर बीआर टाउनशिप के बच्चों द्वारा ड. अंबेडकर को समर्पित सांस्तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें उनके जीवन और




विचारों को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम के दौरान 100 से अधिक गरीब महिलाओं और पुरुषों को साड़ी, धोती और टी-शर्ट प्रदान की गई। इस अवसर पर आयोजित प्रभातफेरी के उपरांत, टाउनशिप स्थित अंबेडकर पार्क में ड अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश, कार्यकारी निदेशक (परियोजना व कोर ग्रुप) संजय रायजादा एवं अन्य गणमान्यों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## एसी कोच के अनाधिकृत यात्रियों पर लगा जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बेगूसराय स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा गाड़ी संख्या 12567 अप, 15713 अप, 15553 अप के एसी कोचों में अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत कुल 22 व्यक्तियों को पकड़ा गया। जिसमे 8 व्यक्तियों को उपरोक्त गाड़ियों के एसी कोचों में बिना उचित टिकट के यात्रा करते हुए पकड़ा गया। एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में पाया गया। एक व्यक्ति अनाधिकृत रूप से खाद्य पदार्थ बेचते हुए पाया गया। सभी के खिलाफ रेल अधिनियम के अंतर्गत केस पंजीकृत करके रेल न्यायालय बरौनी भेजा गया। वहां सभी से जुर्माना वसूल के मुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न गाड़ियों के एसी कोचों में यात्रा करने वाले कुल 12 व्यक्तियों को पकड़ा गया। इन सभी के द्वारा जुर्माना राशि देने की स्वी.ति के बात टिकट परीक्षक द्वारा जुर्माना वसूल करा कर मुक्त किया गया।

## करंट लगने से बिजली मिस्त्री की मौत, परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका

### पुलिस कर रही मामले की जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर/शिवाजीनगर।** जिले के शिवाजी नगर में मंगलवार की सुबह एक बिजली मिस्त्री का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। इसकी खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की सुचना पर पहुंची पुलिस ने इस स्थान को सुरक्षित कर जांच पड़ताल में जुट गई है। मृतक की पहचान परसा गांव के राजकुमार झा का पुत्र संतोष कुमार झा (40) के रूप में हुई है। परिवार के लोगों ने साजिश के तहत हत्या करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में मृतक के चचेरे भाई मिंटू झा ने बताया कि देर शाम किसी ने बिजली ठीक करने के लिए फोन कर बुलाया था। जिसके बाद वह घर से निकले थे। देर होने पर फोन किया गया तो उनका मोबाइल बंद आया। जिससे घर के लोग रात भर परेशान रहे और फिर सुबह 7 बजे तक फोन लगाया तब भी कॉल नहीं लगा। जिसके बाद उनकी मां ने मुझे बताया कि संतोष रात भर घर नहीं लौटा है और उसका मोबाइल भी बंद मिल रहा है। इस दौरान गांव के लोगों से खबर मिली कि इजराहा चैर में एक शव पड़ा हुआ है। इसके बाद हमलोग जब मौके पर पहुंचे तो देखे कि वह संतोष का शव था। उसकी बाइक और बिजली ठीक करने का सारा सामान और चप्पल पास में खड़ी बाइक पर रखा हुआ है। उनके भाई का कहना है कि साजिश के तहत उसकी हत्या कर शव को यहां लाकर फेंका गया है, क्योंकि अगर करंट लगने से इसकी मौत हुई होती तो इसके हाथ में दास्ताना होना चाहिए था। पैर में पहनने वाला चप्पल होना चाहिए था। जबकि सारा सामान बाइक पर बैग में ही था। इधर शिवाजी नगर थाना अध्यक्ष छोटेलाल सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पर पहुंची शिवाजी नगर थाने की पुलिस ने मृतक के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पुलिस द्वारा हर बिन्दु पर मामले की छानबीन की जा रही है। शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल भेजा गया है, ताकि यह स्पष्ट हो सके की मौत किस कारण से हुई है।

## एनडीए घटक दलों की बैठक में विपक्ष पर जम कर बरसे नेता, कहा प्रधानमंत्री के आगे विपक्ष पस्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** अगामी 24 अप्रैल 2025 को मधुबनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा की सफलता को लेकर समस्तीपुर के कर्पूरी सभागार में एनडीए की बैठक आयोजित की गई। अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन के बाद विशाल माला से सभी दलों के नेताओं के स्वागत अभिनंदन किया गया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने विपक्ष पर जम कर हमला बोला



और कहा कि प्रधानमंत्री के विकास योजनाओं के आगे पूरा विपक्ष पस्त है। वहीं प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सुनने के लिए समस्तीपुर की जनता काफी उत्साहित है। वक्ताओं ने कहा वक्फ बिल पर विपक्षी नेताओं की पोल खुल गई है। विपक्ष को मुद्दा नहीं मिल रहा है, इसलिए आये दिन उटपटांग हरकत करते रहते हैं। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह, जदयू राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जदयू सांसद संजय झा, सांसद शाम्भवी चैधरी, बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार, नितिन नवीन, अशोक चैधरी एवं महेश्वर हजारी, के अलावा पूर्व सांसद अश्वमेघ देवी, भाजपा प्रदेश महामंत्री शिवेश राम, विधायक राजेश सिंह, एवं वीरेंद्र पासवान, विधान पार्षद देवेश कुमार, डॉ तरुण कुमार के अलावा जदयू जिलाध्यक्ष डॉ दुर्गेश राय, भाजपा जिलाध्यक्ष नीलम सहनी, रामसुमिरन सिंह एवं सिद्धेश्वर झा, लोजपा रा जिलाध्यक्ष अनुपम कुमार सिंह सहित एनडीए के सभी घटक दलों के जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

## फरार वारंटी गिरफ्तार

**बछवाड़ा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना पुलिस ने बीती रात इलाके के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी कर दो अलग-अलग मामलों में फरार दो वारंटी को गिरफ्तार किया है। मामले को लेकर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने दो फरार वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार वारंटी चमथा तीन पंचायत के चिरैयाटोंक निवासी भूखल राय के पुत्र चंदन कुमार और रानी दो पंचायत के वार्ड संख्या 5 बेगमसराय गांव निवासी स्वर्गीय मोहम्मद लतीफ के पुत्र मोहम्मद अताउल हैं।

## एक नजर

### शार्ट सर्किट से लगी आग

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड मुख्यालय अवस्थित विद्युत पावर सब स्टेशन नावकोठी के सामने मार्केट के कपड़े सिलाई दुकान में आग लगने से उसमें रखे कपड़े, सिलाई मशीन आदि जलकर राख हो गया। घटना मंगलवार की अहले सुबह की है। सुबह वॉक में निकले ग्रामीणों ने दुकान के अंदर से धुंआ निकलता हुआ देखा। इसकी सूचना हसनपुर बागर के दुकानदार हिफजुर्रहमान को दिया। सूचना पाकर दुकानदार अपनी दुकान पर आया। दुकान का सटर खोला गया। अंदर आग की लपटें निकल रही थी। पावर सब स्टेशन फोन कर बिजली लाइन को कटवाया गया। सूचना पाकर फायर फाइटिंग की टीम घटनास्थल पर पहुँच कर आग बुझाने में जूट गई। ग्रामीणों तथा फायरिंग टीम के सदस्यों ने ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाने में कामयाब हुआ। पीड़ित ने बताया कि सोमवार को अन्य दिनों की तरह कपड़े की सिलाई कर रात्रि 9.30 बजे दुकान बंद कर घर हसनपुर बागर चला गया। मंगलवार की अहले सुबह फोन पर दुकान में आग लगने की सूचना दी गई। सूचना पाकर दुकान पर आकर शटर खोला तो अंदर दो सिलाई मशीन, इनवर्टर, बैट्री, ग्राहक के कपड़े तथा दुकान में रखे सिले, सिलाये कपड़े सहित अन्य कपड़े जलकर राख हो चुके थे। लगभग दस लाख रुपए क्षति का अनुमान लगाया गया है। अगलगी का कारण बिजली का शार्ट सर्किट का होना बताया गया।

### भाजपा नेता की नदी में डूबने से मौत

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विष्णुपुर पंचायत के भाजपा के पूर्व पंचायत अध्यक्ष मनीष साह का शव गाँव पहुंचते ही परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। वे 46 वर्ष के थे। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि गाँव के ही जुगो साह की पत्नी जागो देवी का निधन शनिवार को हो गया। रविवार को उसके दाहसंस्कार हेतु सिमरिया ले जाया गया। दाहसंस्कार के उपरांत स्नान करने के क्रम में उनका पैर फिसल गया, असंतुलित होकर गहरे पानी में चले गए तथा नदी की धारा में बह गए। एनडीआरएफ की टीम ने उसकी तलाश की पर सफलता हाथ नहीं लगी। सोमवार को उसके उफनते शव को बरामद किया गया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव को देर शाम उसके परिजनों को सुपूर्द किया गया। उनके परिवार में दो-दो शादियां 16 अप्रैल को होनी थी। ये शादियां भी बाधित हो गईं। घटना की सूचना पाकर जिला परिषद अध्यक्ष सुरेन्द्र पासवान, भाजपा के रामशंकर पाकर, अध्यक्ष मुकेश कुमार महतो, विश्व नाथ सिंह, कपिल देव पोद्दार, दीपक कुमार, धर्मेन्द्र भारती, पंकज जायसवाल, नीतीश जायसवाल सहित दर्जनाधिक कार्यकर्ताओं ने इनके पार्थिव शरीर पर पुष्प, माला, झंडा देकर श्रद्धांजलि दी।

### लूटी गई पिकअप वैन बरामद

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सोमवार की रात पहसारा चमरडीहा के पास तीन बदमाशों ने आग्नेयास्त्र का भय दिखाकर पिक अप भान रोका और मारपीट करते हुए पिक अप भान लेकर फरार हो गया। पुलिस की तत्परता से लूटा गया पिक अप भान के साथ दो बदमाश आर्म्स के साथ धराया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि खगड़िया जिले के अलौली थाने के बूचाई टोल वार्ड नंबर दो निवासी हेमंत यादव के पुत्र साकेत यादव तथा उसका साला सहरसा जिले के सौर बाजार थाने के कटैया निवासी विनोद यादव का पुत्र रणवीर यादव यूपी के गाजियाबाद जिले में रहकर पिकअप वैन चलाता था। उसी पिकअप वैन नम्बर यूपी 37 टी 2911 पर सामान लादकर पीले तिरपाल से ढंककर गांव आ रहा था। चमरडीहा के पास पेड़ गिरता हुआ देखकर धीरे किया। फिर गाड़ी को आगे बढ़ाना चाहता तो तीन बदमाशों ने गाड़ी रोककर पिस्तौल की बट से मारपीट कर जख्मी कर दिया। दोनों का मोबाइल छीन लिया और गाड़ी लेकर भाग गया। पूछताछ कर नावकोठी थाने पहुंचा तथा इसकी सूचना थानाध्यक्ष को दी। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने इसकी सूचना जिले तथा सीमावर्ती थाने को दी। अलौली थाने की पुलिस ने दो बदमाशों को आर्म्स के साथ धर दबोचा तथा पिकअप वैन भी बरामद कर लिया।

### बाइक की चोरी


**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बलिया नगर के छोटी बलिया स्टेशन रोड स्थित रोज मेडिकल में कार्य करने वाले कामगार की बाइक चोरी हो गयी। उक्त आशय का पीड़ित कामगार तेघड़ा थाना क्षेत्र के दुलारपुर नया टोला निवासी स्व बिजय कुमार सिंह का पुत्र गौतम कुमार सिंह ने लिखित आवेदन बलिया थाना को दिया। कामगार ने बताया रोज की भांति अपनी बाइक नं. बीआर09टी -2287 को अपनी बाइक मेडिकल स्टोर के दक्षिण खड़ा कर चाभी अपने पास रखकर कार्य मे लग गया। दो घंटे बाद गाड़ी गायब मिली। काफी खोजबीन के बाद भी नही मिला तो थाना को लिखित आवेदन दिया।

## वैज्ञानिक तकनीक से करें लीची बगान की देखभाल व प्रबंधन : आरके तिवारी

### केवीके बिरौली ने जारी की एडवाइजरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** इस वर्ष लीची में काफी अच्छी फलत देखने को मिल रही है। ऐसे में लीची से अच्छी आमदनी प्राप्त करने के लिए लीची उत्पादक किसानों को सजग एवं सचेत रहते हुए वैज्ञानिक तरीके से बागीचे की देखभाल एवं प्रबंधन करने की आवश्यकता है। कृषि विज्ञान केन्द्र, बिरौली के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ आरके तिवारी ने उक्त बातें लीची उत्पादक किसानों केलिए जारी सुझाव में कही है। जिसमें उन्होंने कहा है कि वैज्ञानिक तकनीक व विधि से लीची बगान की देखभाल व प्रबंधन से लीची के फल स्वस्थ होंगे। जिससे बाजार में उनकी अच्छी कीमत मिल सकती है। इसी क्रम में केन्द्र के उद्यानिकी विशेषज्ञ डॉ धीरू कुमार तिवारी ने सलाह देते हुए कहा कि लीची के फल इलायची के आकार के हो



जायें तो पेड़ों के थालों में हल्की सिंचाई नियमित रूप से करते रहना चाहिए। ताकि बाग में नमी की कमी नहीं हो और फल का समुचित विकास हो सके। सिंचाई करते वक्त ध्यान देना चाहिए कि बाग में पानी ज्यादा नहीं लगे, अन्यथा फायदे की जगह नुकसान हो सकता है। उन्होंने बताया कि फलों के गुणवत्तापूर्ण विकास हेतु 8-12 वर्ष के पेड़ों में 350 ग्राम यूरिया एवं 250 ग्राम पोटाश (एमओपी) का व्यवहार करें। वहीं 15 वर्ष के उपर पेड़ों केलिए 450-500 ग्राम यूरिया एवं 300 से 350 ग्राम पोटाश का व्यवहार करें। छत्रक के बाहरी फैलाव से 1 मीटर अंदर की तरफ जमीन पर 2 फीट चैड़ाई में पेड़ के चारों तरफ गोलाई में उर्वरक डालकर कुदाल/फावड़ा से मिट्टी में मिला दें। डॉ तिवारी कहा कि उर्वरकों का प्रयोग पर्याप्त नमी होने पर ही करें। फल फटने की समस्या के समाधान हेतु बोरेक्स 5 ग्रा/ली पानी के घोल का छिड़काव करना चाहिए। अक्सर देखा जाता है कि लीची फल बेधक (बोरर) कीट से लीची की फसल को काफी नुकसान होता है। जिससे किसानों की आमदनी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। फल बेधक कीट से बचाव के लिए थियाक्लोप्रिड (21: एस.सी) 0.6 मिलीध्लीटर पानी अथवा नोवाल्यूरान 10 ई.सी. 1.5 मिलीध्लीटर या संयुक्त उत्पाद (नेवाल्यूरान 5.25: इन्डोक्साकार्ब 4.5:) एस.सी. 1.5 मिलीध्लीटर पानी का घोल बनाकर छिड़काव करें। झुलसा एवं अन्य रोग से बचाव के लिए कीटनाशक के साथ ही कवकनाशी थायोफ़ेनेट मिथाइल 70 प्रतिशत डब्ल्यू. पी. 2 ग्राम प्रति लीटर का छिड़काव करें। इन दवाओं को फल के बड़ी लौंग के आकार के हो जाने के बाद ही छिड़काव करें । अच्छे परिणाम के लिए कीटनाशीध्कवकनाशी के साथ स्टिकर 0.3 मिली. लीटर या सर्फ एक चम्मच प्रति 15 लीटर पानी में प्रयोग अवश्य करें।

## गेहूं कटाई के बाद लेजर लैंड लेवलिंग बेहद उपयोगी : डा. आरके तिवारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूसा।** अभी गेहूं की कटाई की जा रही है इसके पश्चात किसान के खेत खाली हो रहे हैं। ऐसे में अगली फसल को किफायती और लाभकारी बनाने केलिए खेत का लेजर लेवलर के द्वारा लेवलिंग करने का यह बहुत ही उचित समय है। खेत की गहरी जुताई करने के पश्चात उसे सही तरीके से तैयार कर लेने के बाद लेजर लैंड लेबलर से एक समान लेवलिंग कर लेने पर किसान भाई को अगले फसल में काफी सुविधा हो जाती है। कृषि विज्ञान केंद्र बिरौली के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ आरके तिवारी ने गेहूं कटने के बाद खेत तैयार करने को लेकर किसान भाईयों केलिए सुझाव जारी करते हुए उक्त बातें कही है। उन्होंने कहा है कि अगली फसल केलिए खेत तैयार में लेजर लैंड लेबलर बेहद उपयोगी उपकरण है। इसी क्रम में कृषि विज्ञान केंद्र की विषय वस्तु विशेषज्ञ इंजीनियर विनीता ने बताया कि लेजर लैंड लेवलिंग खेत में एक समान नमी सुनिश्चित करता है और खरपतवार की समस्या को खत्म करता है। सटीक भूमि समतलीकरण से फसल की वृद्धि एवं परिपक्वता और उपज भी एक समान होती है। लेजर नियंत्रित भूमि समतलीकरण तकनीक का उपयोग करने से पानी कम बर्बाद होता है। जिससे करीब 30: तक पानी की बचत की जा सकती है।

ई. विनीता इस मशीन के बारे में बताते हुए कहती हैं कि यह एक लेज़र तकनीक पर आधारित यंत्र है जिसमें एक लेज़रए जनरेटर और रिसीवर होता है। लेज़र जनरेटर एक निश्चित ऊंचाई पर एक लेज़र बीम का उत्सर्जन करता है जो भूमि की सतह पर निर्देशित होता है। रिसीवर इस बीम को पकड़कर यंत्र को बताता है कि भूमि कहां उंची है और कहां नीची। इस जानकारी के आधार पर यंत्र में लगे हल या अन्य उपकरणों की सहायता से मिट्टी को समतल किया जाता है। उन्होंने कहा कि लेजर ट्रांसमीटर लेजर बीम को सिग्नल भेजता है जिसे लेवलिंग बकेट पर लगे लेजर रिसीवर के द्वारा पकड़ लिया जाता है। ट्रैक्टर पर लगे कंट्रोल पैनल द्वारा रिसीवर के सिग्नल का विवेचन किया जाता है तथा हाइड्रोलिक नियंत्रण वाला वॉल्व को खोलता एवं बंद करता है। जिससे बकेट को आवश्यकतानुसार ऊपर उठाया व गिराया जा सकता है। ई विनिता ने बताया कि कुछ लेजर ट्रांसमीटर 0º01 से 15 प्रतिशत वर्गीकृत ढाल पर काम करने की क्षमता से युक्त होते हैं तथा भूमि पर दोहरे नियंत्रण ढाल बनाने के लिए प्रयुक्त होते हैं। नियंत्रण खोल ट्रैक्टर के 3.पॉइंट पर लगाकर अथवा ट्रैक्टर के ड्रॉ बार से खींचा जा सकता है। खोल के आयाम पहियों की संख्या और क्षमता शक्ति स्रोत तथा क्षेत्र की परिस्थिति के अनुसार कम या अधिक हो सकती है। लेजर लैंड लेवलर को चलाने के लिए 45 से 60 हॉर्स पॉवर तक के ट्रैक्टर की आवश्यकता होती है। सामान्यतः एक एकड़ भूमि को समतल बनाने के लिए लगभग दो से ढाई घंटे का समय लगता है। यदि भूमि काफी ऊबड़.खाबड़ है तो इससे अधिक समय भी लग जाता है। सबसे अच्छी बात यह है कि यह यंत्र किसान भाईयों केलिए कृषि विज्ञान केंद्र बिरौली में भाड़े पर भी उपलब्ध है। इसके लिए आवश्यकता तिथि से कुछ दिन पहले केवीके में आवेदन देना पड़ता है। उसके बाद किसानों को यह मशीन उपलब्ध कराया जाता है।


**कार्यालय नगर निगम, गिरिडीह**
ई–मेलः giridihmunicipalcorporation@gmail.com

**आम सूचना**

नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार की अधिसूचनासं०–SUDA/AMRUT/Amendment-06/2022/UDHD/1511,रांची, दिनांक 29.04.2022 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 का होल्डिंग टैक्स 30 जून 2025 के पहले जमाकरने पर गिरिडीह नगर निगम के करदाताओं को करवर्तमान वित्तीय वर्ष में छूट इस प्रकार है–

- सभी करदाताओं को 5% की छूट।

इसके अतिरिक्त :–

- होल्डिंग महिला के नाम होने से 5% की छूट।
- वरिष्ठ नागरिक होने से 5% की छूट।
- स्वयं कार्यालय में आकर जमा करने पर 2.5%की छूट।
- आर्मी, ट्रांसजेंडर होने पर 5% की छूट।
- विकलांग होने पर 5% की छूट।

यह छूट केवल आवासीय धृतियों पर लागू होगी।
Online (https://suda.jharkhand.gov.in)जमा करने पर 5% की छूट।
नोट :– 30 जून के उपरांत बकाए टैक्स पर प्रतिमाह 1% की दर से ब्याज देय होगा।

प्रशासक,
नगर निगम, गिरिडीह

PR 350314 Urban Development(25-26).D



**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 03/वर्ष 2025–26**

1. विभाग का नाम :– मेदिनीनगर नगर निगम।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दि0 **22.04.2025** को **11.00** बजे पूर्वाह्न से **1.00** बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– दि0 23.04.2025 को **11.00** बजे अपराह्न से 01.**00** बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दि0 23.04.2025 को 02:**00** बजे पूर्वाह्न नगर निगम सभागार में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
8. **कार्य का नाम**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Beautification of Nagar Nigam Premises in ward no. 24 under Medininagar Municipal Corporation | 848987 | 16980 | 5000 | दो माह |
| 2 | Laying of Paver Block old Nagar Nigam Campus in ward no. 24 under Mediniangar Municipal Corporation | 806603 | 16200 | 5000 | दो माह |

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 350347 District(25-26)#D

# राज्यपाल ने सत्याग्रह सम्मेलन का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने चम्पारण को राष्ट्रीय तीर्थ की संज्ञा देते हुए कहा कि यहीं से मोहनदास करमचंद गांधी महात्मा गांधी बने और स्वतंत्रता संग्राम का बिगुल फूंका गया। वे महात्मा गांधी के मोतिहारी आगमन के 108वें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित 'चम्पारण सत्याग्रहः गांधी एवं किसान' सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम महात्मा गांधी फाउंडेशन, मोतिहारी और कृषि विज्ञान केंद्र, पिपराकोठी के संयुक्त तत्वावधान में गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। राज्यपाल ने कहा कि गांधी भगवद्गीता के मूल्यों से प्रेरित थे और उनका कहना था, मेरा जीवन ही मेरा संदेश है। चम्पारण से शुरू हुए सत्याग्रह ने न केवल भारत की आजादी की नींव रखी, बल्कि गांधी को विश्व में सत्य और अहिंसा का प्रतीक बनाया। उनकी नैतिक शक्ति, जिसे योगबल कहा जाता है, ने ब्रिटिश साम्राज्य को झुकने पर मजबूर किया। उन्होंने बताया कि दक्षिण अफ्रीका की आजादी में नेल्सन मंडेला और अमेरिका में मार्टिन लूथर किंग के आंदोलनों पर गांधी का गहरा प्रभाव था। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भी स्वीकार किया था कि गांधी के बिना मार्टिन लूथर का संघर्ष अधूरा रहता। राज्यपाल ने चम्पारण सत्याग्रह पर आधारित प्रो. अरुण कुमार द्वारा संपादित स्मारिका का विमोचन किया। उन्होंने चरखा पार्क का भ्रमण कर बापू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और चम्पारण के 455 स्वतंत्रता सेनानियों के नाम वाली पट्टिका का लोकार्पण किया। इसके बाद उन्होंने 'मोहन से महात्मा तक' थीम पार्क का अवलोकन भी किया। उन्होंने मोतिहारी सांसद राधामोहन सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से चम्पारण में गांधी की स्मृतियां जीवंत हुई हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह ने कहा कि चम्पारण अब केवल ऐतिहासिक स्थल नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर शिक्षा का केंद्र बन गया है। उन्होंने बताया कि पिपराकोठी, जो कभी अंग्रेजों के अत्याचार का गढ़ था, आज किसानों के कल्याण और शिक्षा का प्रतीक है। गांधी का स्वच्छता, गांव और किसान समृद्धि का सपना चम्पारण में साकार हो रहा है। उन्होंने गांधी के चम्पारण आगमन और सत्याग्रह की ऐतिहासिक घटनाओं का विस्तार से उल्लेख किया।

समारोह में बिहार सरकार के गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान, नगर विधायक प्रमोद कुमार, ढाका विधायक पवन जायसवाल, पिपरा विधायक श्याम बाबू यादव, गोविंदगंज विधायक सुनील मणि तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज सहित हजारों लोग उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत महात्मा गांधी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष शरण ने किया, जबकि संचालन मोतिहारी नगर निगम के उपमेयर डॉ. लालबाबू प्रसाद ने किया।

यह आयोजन चम्पारण की ऐतिहासिक विरासत और गांधी के आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।





## महिला प्रकोष्ठ की सदस्यों ने चलाया स्वछता जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** महापरिवर्तन आंदोलन से जुड़े जिला महिला प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा शहर के मुख्य बाजार में स्वछता जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व शिक्षिका डिम्पी कुमारी और शब्दाक्षर के जिलाध्यक्ष सावित्री सुमन कर रही थीं। जहानाबाद शहर के अस्पताल मोड़ से अरवल मोड़ तक चलाए गए। इस अभियान में दुकानदारों से अपील की गई कि वे दुकान के आगे डस्टबिन रखें। महिलाएं सभी दुकानदारों से मिलकर दुकान के आगे साफ-सफाई रखने का आग्रह कर रही थीं। डिम्पी कुमारी ने बताया कि शहर की छवि को अच्छा बनाने के लिए शहर को साफ-स्वच्छ रखना बहुत आवश्यक है। स्वच्छता का सीधा सम्बन्ध आपके स्वस्थता से है। ऐसे में स्वच्छ रहिये और परिवार को स्वस्थ रखिए।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों का बनाया जा रहा 'फार्मर आईडी'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** कृषि विभाग द्वारा मंगलवार को प्रखंड के खड़तरी पूर्वी पंचायत अंतर्गत बरैठा राम जानकी मठ परिसर में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी किसानों का फार्मर आईडी तैयार किया गया। शिविर में एग्रीस्टेक परियोजना के अंतर्गत किसानों का पंजीकरण बिहार भूमि के डेटा से समेकित कर किया गया। राज्य स्तर से प्रत्येक राजस्व गांव में समान नाम व पिता के नाम वाले किसानों की ऑनलाइन बकेट तैयार कर, फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू की गई है। इस प्रक्रिया के तहत पूर्वी चंपारण जिले के प्रत्येक अंचल से दो-दो ऐसे राजस्व गांवों का चयन किया गया है, जहां पीएम किसान योजना के सर्वाधिक लाभार्थी हैं। प्रखंड अंतर्गत खड़तरी और मीरपुर को इस योजना के पहले चरण के लिए चिन्हित किया गया है। इन गांवों के किसानों को डिजिटल फार्मर आईडी प्रदान की जा रही है, जो आधार कार्ड की तरह उनके पहचान पत्र के रूप में कार्य करेगा। इस आईडी में किसान का पूरा विवरण दर्ज होगा, जिससे उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त हो सकेगा। शिविर में राजस्व कर्मचारी प्रिंस कुमार और कृषि सलाहकार अजय कुमार सिंह ने किसानों से अपील की कि जिनका फार्मर आईडी अब तक नहीं बना है, वे शिविर में सक्रिय भागीदारी करें, ताकि वे भी योजना के लाभ से वंचित न रहें। शिविर में राजेंद्र सिंह, विक्की कुमार गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता, मुन्ना कुमार केशरी, शैल कुमारी देवी, भोला सिंह सहित दर्जनों किसानों ने भाग लिया और पंजीकरण कराया।

## जहानाबाद की छात्राओं ने मुख्यमंत्री खेल ज्ञानोत्सव 2025 में पाया प्रमंडलीय स्तर पर तीसरा स्थान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के काको प्रखंड के दक्षिण स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय बालिका विद्यालय की कक्षा 8 की छात्राएं - सरिता कुमारी एवं प्रतिमा कुमारी ने मुख्यमंत्री खेल ज्ञानोत्सव 2025 के प्रमंडलीय स्तर की प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर जिला पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता, ब्रजेश कुमार ने दोनों छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे जहानाबाद जिले के लिए गर्व का विषय है और अन्य छात्राओं को भी प्रेरणा लेनी चाहिए ताकि वे भी अपनी प्रतिभा से जिले का नाम रोशन कर सकें। मुख्यमंत्री खेल ज्ञानोत्सव 2025 न केवल खेलों के प्रति छात्रों की रुचि को बढ़ाता है, बल्कि उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस प्रतियोगिता में खेल-आधारित क्विज के माध्यम से छात्र विभिन्न खेलों, उनके इतिहास, नियमों, महान खिलाड़ियों की उपलब्धियों एवं खेल संस्कृति से जुड़ी रोचक जानकारियां प्राप्त करते हैं।




## गोपालगंज में गेहूं खरीद केंद्रों का निरीक्षण, दो घंटे में किसानों को मिला भुगतान

### एफसीआई के कार्यकारी निदेशक ने बताया—151 केंद्रों पर पारदर्शी तरीके से हो रही अधिप्राप्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गोपालगंज।** भारतीय खाद्य निगम के कार्यकारी निदेशक दिव्य प्रकाश शुक्ला ने सोमवार को गोपालगंज जिले में गेहूं खरीद प्रक्रिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एफसीआई द्वारा संचालित पीईजी दानापुर केंद्र और सहकारिता विभाग के अंतर्गत संचालित शेखपरसा पैक्स, मांझा प्रखंड केंद्र का जायजा लिया गया। इस दौरान जिलानिबंधक सहकारिता (डीसीओ) और बिहार राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम (बीएसएफसी) के जिला प्रबंधक भी मौजूद रहे। खरीद केंद्र पर रबी विपणन वर्ष 2025-26 के तहत गेहूं अधिप्राप्ति की गई। खास बात यह रही कि किसानों को उनकी उपज का भुगतान केवल दो घंटे के भीतर उनके खातों में ट्रांसफर कर दिया गया। यह त्वरित और पारदर्शी भुगतान व्यवस्था किसानों को खासा उत्साहित और प्रफुल्लित करने वाली रही। कार्यकारी निदेशक ने बताया कि बिहार में एफसीआई द्वारा कुल 151 गेहूं खरीद केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों पर अधिप्राप्ति से लेकर भुगतान तक की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और ऑनलाइन माध्यम से की जा रही है। अब तक यानी 15 अप्रैल तक राज्य में कुल 4721 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। निरीक्षण के दौरान केंद्रों की व्यवस्था, तौल प्रक्रिया, भंडारण प्रबंधन और किसानों से संवाद के जरिये अधिप्राप्ति व्यवस्था की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया गया। किसानों ने भी त्वरित भुगतान और पारदर्शी प्रक्रिया को लेकर संतोष जाहिर किया। भारतीय खाद्य निगम की इस पहल से न केवल राज्य में गेहूं अधिप्राप्ति प्रक्रिया को गति मिल रही है, बल्कि किसानों का भरोसा भी मजबूत हो रहा है।

## लोगों को जागरूक करने निकाला गया सारथी रथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** जिले में मिशन परिवार विकास अभियान पखवाड़ा के तहत 17 मार्च से 29 मार्च के बीच 2060 महिलाओं का सफलतापूर्वक बंध्याकरण कराया गया। इसके साथ ही 9 पुरुषों की नसबंदी, 1551 महिलाओं को आईयूसीडी (कॉपर-टी) तथा 3757 को अंतरा इंजेक्शन की सुविधा दी गई। यह जानकारी जिला सामुदायिक उत्प्रेरक नंदन झा ने दी। उन्होंने बताया कि राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशों के आलोक में जिले में परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत सभी 27 प्रखंडों के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्थायी व अस्थायी गर्भनिरोधक साधनों की सुविधा दी गई। इस दौरान सारथी रथ के माध्यम से गांव-गांव जाकर लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक किया गया। वहीं, सास-बहू-बेटी सम्मेलन, परिवार नियोजन दिवस, मेलों व परामर्श शिविरों के माध्यम से भी जनसंख्या नियंत्रण का संदेश दिया गया। सिविल सर्जन डॉ. रविभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि परिवार नियोजन योग्य दंपतियों को जागरूक करना और उन्हें परामर्श देना जनसंख्या नियंत्रण की दिशा में अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि अस्पतालों में बंध्याकरण एवं नसबंदी को लेकर परामर्श स्टॉल लगाए गए। डीसीएम नंदन झा ने कहा कि युवाओं को सही उम्र में विवाह करने, पहले बच्चे में देरी और दो बच्चों के बीच कम से कम तीन वर्षों का अंतर रखने की सलाह दी जा रही है। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर इस अभियान को सफल बनाने में जुटी हैं। बैनर, पोस्टर, माइकिंग के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा बंध्याकरण एवं नसबंदी कराने वाले लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है ताकि वे परिवार नियोजन के लिए प्रेरित हों और छोटा परिवार -सुखी परिवार की अवधारणा को अपनाएं।

## शिक्षा, स्वास्थ्य और शोध में उत्कृष्टता का सशक्त माध्यम है एआई : डॉ सरफराज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्थानीय एसएस कॉलेज में आइक्यूएसी एवं मनोविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शैक्षणिक व शोध महत्व से जुड़े सेमिनार में समकालीन विषय वस्तु पर विशेषज्ञों एवं शोधार्थियों ने अपने बहुमूल्य विचार रखे। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मिर्ज़ा गालिब कॉलेज, गया के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सरफराज खान ने सामाजिक परिप्रेक्ष्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, शोध आदि के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक सशक्त माध्यम है। इस दौरान अपने अध्यक्षीय संबोधन में मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ0 सुनीता तिवारी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की जटिल प्रकृति को देखते हुए समाज पर इसके सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों के संबंध में विस्तृत अध्ययन किए जाने की जरूरत है। इस अवसर पर उपस्थित पूर्व प्रभारी प्राचार्य प्रो. डॉ. कृष्णानंद ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारी मानवता और पूरे वैश्विक समुदाय के लिए वरदान साबित होगा और नई वैश्विक क्रांति का वाहक बनेगा। सेमीनार में कई अन्य वक्ताओं ने अपने महत्वपूर्ण विचार रखे जिनमें डॉ. श्रीनाथ शर्मा, डॉ. विनोद कुमार रॉय, डॉ. रागिनी सिन्हा, डॉ. नम्रता कुमारी, डॉ. मधु सिंह, डॉ. कसक कुमारी आदि शामिल रहे। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुधांशु कुमार ने किया।

## खेमचंद ताराचंद महाविद्यालय में श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई अम्बेडकर जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** सोमवार को रक्सौल स्थित खेमचंद ताराचंद महाविद्यालय में संविधान निर्माता और सामाजिक न्याय के अग्रदूत डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य संत साह ने की, जबकि दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बिहार विश्वविद्यालय सेवा आयोग के सदस्य प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार सिन्हा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का स्वतंत्रता संग्राम और संविधान निर्माण में अतुलनीय योगदान है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने दलितों और वंचितों के अधिकारों की रक्षा की।

## विद्यालयों में नामांकन प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रवेशोत्सव पखवाड़ा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025-26 के आरंभ को लेकर जहानाबाद जिले में इस माह के 1 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025 तक प्रवेशोत्सव नामांकन पखवाड़ा का सफल आयोजन किया गया। इस पखवाड़े के अंतर्गत चिन्हित स्कूल वंचित एवं विशेष ध्यान देने योग्य आयु वर्ग के बच्चों को चिन्हित कर निकटवर्ती प्राथमिक, पूर्व-माध्यमिक एवं उच्च विद्यालयों में नामांकित किया गया। प्रवेशोत्सव के आखिरी दिन मंगलवार को विशेष रूप से प्रवेशोत्सव दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालयों में नव प्रवेशित नामांकित बच्चों का अभिवादन शिक्षकों ने गर्मजोशी के साथ किया। नव प्रवेशित बच्चों को शिक्षकों ने पुष्प वर्षा कर, तिलक लगाकर एवं स्वागत गीतों के विद्यालय में अभिनंदन किया। इस दौरान नव प्रवेशित बच्चों के साथ आए उनके अभिभावकों का भी विद्यालय परिवार द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विद्यालयों में गठित बाल संसद, विद्यालय शिक्षा समिति एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के संयुक्त प्रयास से विविध रचनात्मक व प्रेरणादायक गतिविधियां जैसे - रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता आदि का आयोजन भी इस दौरान किया गया। बताया गया कि इसका उद्देश्य समुदाय में शिक्षा के प्रति जागरूकता एवं सहभागिता को बढ़ावा देना था।इस अवसर पर नव नामांकित बच्चों को एक सेट पाठ्य पुस्तक प्रदान की गई, ताकि वे पढ़ाई में उत्साहपूर्वक भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। प्रवेशित बच्चों और आए उनके अभिभावकों को विद्यालय की विभिन्न सुविधाओं से परिचित कराया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रेरणादायक संवाद भी आयोजित किए गए। नामांकन अभियान के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, रतनी फरीदपुर द्वारा विद्यालय पोषक क्षेत्र में व्यापक भ्रमण कर बालिकाओं को विद्यालय में नामांकन हेतु प्रेरित किया गया।




## अग्निकांड से बचाव और सुरक्षा हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** 14 अप्रैल को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस के उपलक्ष्य में जहानाबाद जिले में अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन 14 से 20 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। बताया जाता है कि इस अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को अग्निकांड से सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक करना है। प्रभारी जिला पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न रचनात्मक और जनजागरुकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को अग्निशमन सेवा सप्ताह के दूसरे दिन, जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रभा कुमारी एवं अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी विनोद कुमार के संयुक्त नेतृत्व में अग्निशमन कर्मियों द्वारा सामूहिक योगाभ्यास किया गया। इसके उपरांत राज्य संपोषित बालिका उच्च विद्यालय, जहानाबाद की छात्राओं के साथ मिलकर प्रभात फ़ेरी निकाली गई। इस दौरान प्रभात फ़ेरी के माध्यम से नगरवासियों को आग लगने की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों एवं प्राथमिक उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा जनजागरुकता हेतु उत्साहपूर्वक नारे भी लगाए गए।

इससे पूर्व 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस के अवसर पर जिला अग्निशमन पदाधिकारी द्वारा जहानाबाद सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण एवं फायर ऑडिट किया गया। जिला अग्निशमन पदाधिकारी ने अग्निशमन उपकरणों की कार्यप्रणाली की जांच की तथा अस्पताल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रभा कुमारी ने बताया कि अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत जिले भर में विविध कार्यक्रमों जैसे - मॉक ड्रिल, प्रशिक्षण सत्र, नुक्कड़ नाटक, जागरूकता रैली, फायर सेफ्टी डेमोंस्ट्रेशन आदि का आयोजन किया जाएगा, जिससे आमजन में सतर्कता और आपदा प्रबंधन की संस्कृति को बढ़ावा मिल सके।

## प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के अंतिम दिन विशाल भंडारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**केसरिया (पूर्वी चम्पारण)।** पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के अंतिम दिन सोमवार को गोछी कुशहर पंचायत के गोछी गिरी टोला में श्री शिव परिवार, शनिदेव, हनुमान जी, संतोषी माता का मुर्ती का विधिवत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ संपन्न हुआ। अंतिम दिन विशाल भंडारा आयोजित की गई। वहीं संध्या समय बिहार के कोने कोने से आए संत महात्माओ का हजारों भक्तों ने पूजन दर्शन किया गया। वहीं मंदिर निर्माण में तन, मन, धन, से सहयोग करने वाले समाज के प्रबुद्ध लोगों को मंदिर निर्माण समिति ने श्रद्धा भाव से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

## मेहसी बना लीची की राजधानी : लीचीपुरम उत्सव-2025 का भव्य समापन

**मेहसी (पूर्वी चम्पारण)।** बिहार के प्रमुख लीची उत्पादक क्षेत्रों में अग्रणी मेहसी अब 'लीची की राजधानी' के रूप में अपनी पहचान मजबूत करता जा रहा है। इसी क्रम में ऐतिहासिक तिरहुत उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित तीन दिवसीय 17वें लीचीपुरम उत्सव-2025 का भव्य समापन सोमवार, 14 रात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगीन छटा के बीच हुआ। यह आयोजन लीची की खेती, कृषि, विज्ञान, परंपरा और लोकसंस्कृति का अनूठा संगम रहा, जिसमें देशभर से आए वैज्ञानिकों, कलाकारों और किसानों ने भाग लिया। उत्सव का शुभारंभ लीची अनुसंधान केंद्र, मुसहरी (मुजफ्फरपुर) के निदेशक डॉ. विकास दास, प्रसिद्ध लीची वैज्ञानिक डॉ. उपग्ज्ञा, डॉ. आलोक मिश्रा, मुखिया संघ अध्यक्ष राकेश पाठक और उत्सव समिति के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।इस अवसर पर 40 पन्नों की एक रंगीन स्मारिका पुस्तक का विमोचन भी किया गया, जिसमें मेहसी की लीची विरासत और इस आयोजन की यात्रा को दर्शाया गया है। शाही लीची का संरक्षण और जियो-टैगिंग की घोषणा डॉ. विकास दास ने अपने संबोधन में कहा कि मेहसी में मौजूद दो से तीन सौ साल पुराने शाही लीची के वृक्ष को बिहार की धरोहर घोषित कर उसे सरकारी संरक्षण और जियो-टैगिंग के दायरे में लाया जाएगा।

## एक नजर

### शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई स्नातक तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा

**मोतिहारी।** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के अंतर्गत स्नातक तृतीय सेमेस्टर सत्र 2023-27 की परीक्षा का सातवां दिन मंगलवार को शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न हुआ। मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी परीक्षा केंद्र पर 15 अप्रैल 2025 को आयोजित परीक्षा के प्रथम पाली में मनोविज्ञान, राजनीति विज्ञान, इतिहास एवं संस्कृत विषयों की परीक्षा ली गई। इस पाली में 1225 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में हिंदी विषय की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 1688 परीक्षार्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि की सूचना नहीं मिली। परीक्षा की संपूर्ण प्रक्रिया कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण रूप से संचालित हुई। यह जानकारी महाविद्यालय के सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. मनोहर कुमार श्रीवास्तव के हवाले से मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने दी।

### साक्षात्कार के बाद औपबंधिक मेधा सूची का होगा प्रकाशन

**जहानाबाद।** मिशन शक्ति के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन में नियुक्ति हेतु उप विकास आयुक्त, जहानाबाद धनंजय कुमार की अध्यक्षता में 20 फरवरी, 2025 को लैंगिक विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता में विशेषज्ञ, लेखा सहायक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर पदों के लिए काउंसलिंग एवं साक्षात्कार का आयोजन किया गया था। इस दौरान साक्षात्कार के लिए कुल 14 अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया था, जिनमें से तीन अभ्यर्थी ही साक्षात्कार में उपस्थित हुए। जिला चयन समिति द्वारा, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई मार्गदर्शिका के अनुसार, पदवार औपबंधिक मेधा सूची तैयार की गई है। यह औपबंधिक मेधा सूची जिले के आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी गई है। इस सूची के संबंध में अभ्यर्थी 16 अप्रैल 2025 तक दावा/आपत्ति समर्पित कर सकते हैं। बताया गया कि प्राप्त दावों/आपत्तियों का समुचित निराकरण उपरांत अंतिम मेधा सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

### शराब कारोबारी गिरफ्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के उमता धरनई थाना की पुलिस ने पूर्व के केस में फरार चल रहे एक शराब कारोबारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने पूर्व के केस में फरार चल रहे न्यायालय द्वारा वारंटी ललन मांझी को उसके घर बेलदारी बिगहा से गिरफ्तार करजेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि ललन मांझी के विरुद्ध पूर्व से शराब कारोबार का दो केस चल रहा है। जिसमें उसकी गिरफ्तारी की गई है। उसे मंगलवार को जेल भेज दिया गया।

### राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए डॉ सतीश चयनित

**कल्याणपुर (पूर्वी चम्पारण)।** शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, शिक्षा विभाग बिहार सरकार के सचिव अजय यादव, एससीईआरटी के निदेशक सज्जन आर, पटना के जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार सहित राज्य भर के पदाधिकारियों की उपस्थिति में रविवार 13 अप्रैल को पटना के एएनसिन्हा इंस्टिट्यूट में टीचर्स आफ बिहार के वार्षिकोत्सव के अवसर पर बिहार भर से चयनित राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए कल्याणपुर प्रखंड के शिक्षक डॉ सतीश कुमार साथी का भी चयन किया गया। उन्हें यह सम्मान राज्य स्तरीय पदाधिकारीयों की उपस्थिति में दिया गया। शिक्षक सतीश ने कहा कि मैं अपना यह सम्मान कल्याणपुर के समस्त शिक्षकों के श्री चरणों में एवं सभी सरकारी स्कूल के बच्चों को समर्पित करता हूं। ज्ञात हो कि शिक्षक सतीश कुमार साथी विद्यालय एवं विद्यालय के बाहर अपने शैक्षिक कार्यों के लिए काफी चर्चित है। इनकी 14 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है और कई राज्य स्तरीय पुरस्कार भी प्राप्त हो चुके हैं।

### स्कूली बच्चों को अग्नि सुरक्षा के बारे में दी जानकारियां

**मोतिहारी।** अग्निशमन सेवा सप्ताह (14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक) के दूसरे दिन जिला अग्निशमन पदाधिकारी तृप्ति सिंह एवं अनुमंडल अग्निशमालय पदाधिकारी मोतिहारी के द्वारा प्रभात फेरी के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया और स्कूल के बच्चों को अग्नि सुरक्षा के जानकारी दिया गयाद्य अग्नि सुरक्षा सप्ताह के दूसरे दिन लुटहा मिडिल स्कूल और बाल निकेतन राजा बाजार के बच्चों के सहयोग से प्रभात फ़ेरी कचहरी चौक राजा बाजार होते हुए पुनः स्कूल वापस आईं। स्कूल में बच्चों के बीच मॉकड्रिल कर अग्नि सुरक्षा के विषय में जानकारी दी गई। इस आयोजन में अग्नि शमन पदाधिकारी सुनीति कुमारी, रंजीत कुमार और अग्नि शमन सेवा के कर्मी उपस्थित थेद्य

### फसल कटनी प्रयोग का आयोजन

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** प्रखंड क्षेत्र के पंडितपुर राजस्व में मधुछपरा गांव में उत्पादन व उत्पादकता के आकलन हेतु शंकर सहनी के खेत में रब्बी गेहूं फसल कटनी प्रयोग का आयोजन उपनिदेशक शशिभूषण कुमार व बीडीओ बुसरा नावेद के द्वारा किया गया। जिसमें कटनी कर हरा दाना का वजन 21.100 किलोग्राम प्राप्त किया गया। इस सम्बंध में प्रखंड सांख्यकी पदाधिकारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि सरकार के गाइडलाइन के अनुसार प्रत्येक वर्ष प्रत्येक पंचायत में पांच-पांच गेहूं फसल की फसल कटनी प्रयोग की जाती है। जिसमें कृषि विभाग के कर्मी तथा पदाधिकारी के साथ-साथ अन्य विभाग के कर्मी एवं पदाधिकारी भी प्रयोगकर्ता के रूप में फसल कटनी करते हैं। फसल कटनी प्रयोग से गेहूं फसल की उत्पादकता एवं उत्पादन का आकलन किया जाता है। जो सरकार और कृषि विभाग को आगे के रोडमैप तय करने में मदद करती है। उक्त प्रयोग को सम्पादित करने में सहायतार्थ पदाधिकारी प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी अजय सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी कमलदेव प्रसाद व कृषि सलाहकार विजय कुमार तथा आम ग्रामीण उपस्थित थे।

### श्रीमद्भागवत कथा श्रवण मात्र से ही मनुष्य आसानी से जीवन की नैया को करता पार

**पकड़ीदयाल (पूवी चम्पराण)।** श्रीमद् भागवत कथा श्रवण मात्र से ही मनुष्य आसानी से जीवन की नैया को पार पा लेता है। उक्त बातें पूर्व विधायक शिवजी राय ने चोरमा बांकीपुर चौक पर आयोजित श्री श्री 1008 शिवशक्ति महारूद्र यज्ञ में कहा। इन्होंने कहा कि महायज्ञ होने से वातावरण शुद्ध हो जाता है। वहीं अयोध्या से पधारे संत धर्मेंद्र शास्त्री ने श्री कृष्ण एवं गोपियों के प्रेम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अगर सच्चे मन से भगवान से प्रेम किया जाए तो भगवान भक्ति रूपी प्रेम के डोर से खींचे चले आते हैं। वहीं मेला में तैनात पुअनि अनूप कुमार को संत धीरेन्द्र शास्त्री ने माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर प्रभू प्रसाद चौरसिया, रामजन्म चौरसिया, शशी भूषण चौरसिया,उप प्रमुख छोटू चौरसिया, बबलू गुप्ता, छोटेलाल पंडित, मनोज केशरी, रामजी चौरसिया सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### डॉ. एस के सिन्हा कॉलेज में परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न

**मोतिहारी।** बी.आर.ए बिहार विश्वविद्यालय, मुज़फ्फरपुर के तत्वावधान में स्नातक (सी.बी.सी.एस.) तृतीय सत्रार्द्ध, सत्र -2023-27 की परीक्षा 03/04/2025 से प्रारंभ है। 15/04/2025 को परीक्षा के सातवाँ दिन डॉ. श्री कृष्ण सिन्हा महिला महाविद्यालय, मोतिहारी परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में मेजर विषयों में इतिहास, मनोविज्ञान, राजनीती शास्त्र, सामाजिक विज्ञान की परीक्षा हुई। प्रथम पाली में उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 605 रही। वहीं द्वितीय पाली में मेजर विषयों में हिन्दी 3, गणित 3 की परीक्षा हुई। दूसरी पाली में उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 2052 रही। परीक्षा कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हुई। यह जानकारी डॉ. श्री कृष्ण सिन्हा महिला महाविद्यालय, मोतिहारी के परीक्षा नियंत्रक डॉ. नीतू के द्वारा दी गई है।

### दो घरों से लाखों की संपत्ति चोरों ने उड़ाई

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** मखदुमपुर प्रखंड में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताज़ा मामला मखदुमपुर डीह बगीचा स्थित मोहल्ले का है, जहां सोमवार की रात चोरों ने दो बंद घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। पीड़िता शबनम परवीन ने बताया कि वे अपने देवर की शादी में शामिल होने के लिए 26 मार्च से कुर्था गई हुई थीं। मंगलवार दोपहर जब वे अपने घर लौटीं तो दरवाजा बाहर और अंदर से बंद मिला। किसी तरह घर में प्रवेश करने पर उन्होंने देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा था, बक्सों का ताला टूटा हुआ था और उनमें रखे लगभग 6 से 7 लाख रुपये मूल्य के गहने गायब थे। चोरी के बाद बक्से घर के बाहर फेंके मिले। अंदेशा है कि चोर छत के रास्ते घर में घुसे और वारदात को अंजाम दिया।

# गोह बस स्टैंड होगा अतिक्रमण मुक्त जल्द होगा सौंदर्यीकरण : डीडीसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित बस स्टैंड की बदहाल स्थिति को लेकर जिला उप विकास आयुक्त (डीडीसी) अभ्येंद्र मोहन सिंह ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बस स्टैंड की अव्यवस्था पर गहरी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में डीडीसी ने पाया कि बस स्टैंड की स्थिति अत्यंत दयनीय है। यात्रियों को न तो बारिश से बचने की कोई व्यवस्था है और न ही ठहरने के लिए कोई सुविधा। डाक बंगला भवन जर्जर स्थिति में है, वहीं उसके आसपास गुमटी, मांस-मछली की दुकानें खुली हुई हैं, जिससे यात्रियों को



दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। बस स्टैंड तक पहुंचने वाले मार्गों पर गहरे गड्ढे हैं, जिससे आवागमन में भी दिक्कत होती है। स्थानीय चालकों और यात्रियों की समस्याएं सुनने के बाद डीडीसी ने गोह बीडीओ डॉ. राजेश कुमार दिनकर को निर्देश दिया कि बस स्टैंड को जल्द से जल्द अतिक्रमण से मुक्त कराएं, ताकि नए डाक बंगला भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि बस स्टैंड की चहारदीवारी के आसपास सौंदर्यीकरण कार्य कराया जाएगा, जिससे यात्रियों को स्वच्छ और सुगम परिवेश मिल सके। निरीक्षण के बाद डीडीसी ने प्रखंड कार्यालय में आवास योजना की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने बीडीओ से कहा कि योजना से वंचित पात्र लाभार्थियों को चिह्नित कर जल्द से जल्द लाभान्वित किया जाए।

## अग्नि सप्ताह दिवस पर मौक ड्रिल एवं जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज(औरंगाबाद)।** प्रखंड के बदोपुर उत्क्रमित उच्च विद्यालय मे अग्नि सप्ताह दिवस पर विभाग के पदाधिकारियों ने मौक ड्रिल किया साथ ही जागरूकता अभियान चलाया। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि प्रखंड अग्निशामालय पदाधिकारी एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा आग से बचाव संबधित मौक ड्रिल कर हमारे विद्यालय के शिक्षको, बच्चो एवं रसोईया को गैस, बिजली एवं अन्य प्राकृतिक रूप से आग लगने से बचाव हेतू जागरूक किया गया और इससे संबंधित पम्पलेट एवं मोबाइल नंबर दिया गया। इस अवसर पर पदाधिकारी अनिता कुमारी, प्रधान अग्निक मुना कुमार, चालक रामनाथ कुमार, सौरव कुमार, सोनम कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## नामांकन पखवाड़े के आखिरी दिन प्राचार्य ने जागरूकता टीम को हरी झंडी दिखा पोषक क्षेत्र के लिए किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने बिहार सरकार के आदेशानुसार 1 से 15 अप्रैल तक सघन नामांकन पखवाड़ा चलवाया। इसी क्रम में आखिरी दिन भी पूरे विद्यालय परिवार को निर्धारित पोषक क्षेत्र में अंतिम दिन भी शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए प्रधानाध्यापक ने हरी झंडी दिखाकर शिक्षकों, बाल संसद एवं मीना मंच के सदस्यों को रवाना किए। हेडमास्टर उदय कुमार सिंह ने बताया कि हालिया वर्षों में




विद्यालय में बढ़े संसाधनों एवं उन्नत शैक्षणिक गुणवत्ता के कारण बड़ी संख्या में निजी विद्यालयों से भी बच्चे नामांकन के लिए आए। स्कूल के अंदर एक अत्याधुनिक लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास, कम्प्यूटर लैब, खेल कूद की सामग्री, वीसी नोड आदि के कारण बच्चे काफी आकृष्ट हुए और तेजी से नामांकन कराए। छोटे वर्गों में नामांकन को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष प्रयास पोषक क्षेत्र में किया गया है। प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा एकमात्र टूल है जिसकी मदद से बच्चे अपने जीवन को श्रेष्ठतम बना सकते हैं। पीरामल फाउंडेशन की नेहा ने कहा कि एफएलएन किट, रीडिंग स्किल कैंपेन एवं अन्य नवाचारी प्रयासों से सरकारी विद्यालय बेहतर शिक्षा प्रदान करने के केंद्र में आ गए है। इस अवसर पर मंजु कुमारी, योगेंद्र पाल, पीरामल फाउंडेशन की ब्लॉक प्रमुख नेहा, प्रभावती कुमारी, नैयर शाहीन सोनम आस्था सुप्रिया ज्योति आदि उपस्थित रहें।

## समाज सेवा में भी अग्रणी है स्टेट बैंक : मुख्य महाप्रबंधक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) न केवल उत्कृष्ट बैंकिंग सेवाओं के लिए जाना जाता है, बल्कि सामाजिक सरोकारों के निर्वहन में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यह बात बैंक के मुख्य महाप्रबंधक के.वी. बंगाराजू ने मंगलवार को पटना स्थित ए.एन. सिन्हा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल स्टडीज में कही, जहाँ एसबीआई की अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी संघ द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर और महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन कर मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. भीम सिंह भवेश, विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव, प्रभाष बोस, आर. नटराजन, सुमित रॉय, जोरा सिंह



और अन्य गणमान्यजनों ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान बाबा साहेब और महात्मा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य महाप्रबंधक बंगाराजू ने अपने संबोधन में कहा, एसबीआई देश की एक ऐसी संस्था है, जो बैंकिंग दायित्वों के साथ-साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी पूरी संवेदनशीलता के साथ निभा रही है। हमें खुशी है कि कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं को कंप्यूटर, स्कूल बैग और पाठ्य सामग्री वितरित कर हम उनके शैक्षणिक सशक्तिकरण में भागीदार बन रहे हैं। पद्मश्री डॉ. भीम सिंह भवेश ने एसबीआई द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि, हर सक्षम व्यक्ति और संस्था को समाज के कमजोर वर्गों की सेवा में योगदान देना चाहिए। संघ के महासचिव लक्ष्मी नारायण पासवान ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया और बाबा साहेब अंबेडकर व महात्मा फुले के जीवन व आदर्शों पर प्रकाश डाला।

## विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स, दाउदनगर में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर।** विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स, दाउदनगर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर चारों विद्यालयों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें मुख्य समारोह विद्या निकेतन, शुक बाजार के प्रोग्राम हॉल में संपन्न हुआ। समारोह की शुरुआत संस्था के निदेशक सुरेश कुमार गुप्ता ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण, तिलक, वंदन और आरती के साथ की। इस अवसर पर प्राचार्य सरयू प्रसाद तांती, प्रशासक संदीप कुमार, डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर, रमा रानी जैन, राजेश पांडे, सुमन कुमारी, राजेश कुमार, सुरेश प्रसाद, अखिलेश कुमार सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। डॉ. अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में विद्यालय में क्विज और वाद-विवाद



प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं के लिए डॉ. अंबेडकर के जीवन पर आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। फाइनल राउंड में अभिनंदन कुमार, लवकुश कुमार, अनुष्का कुमारी, वैष्णवी पांडे और भास्कर पांडे पहुंचे। इस रोमांचक मुकाबले में तृतीय कक्षा की छात्रा वैष्णवी पांडे ने प्रथम स्थान हासिल किया और उन्हें मोमेंटो, मेडल व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

छठी से दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के बीच डॉ. अंबेडकर के जीवन पर आधारित वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें लगभग 20 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में मुस्कान कुमारी (कक्षा 9 बी) ने प्रथम, शुभम कुमार (कक्षा 8) ने द्वितीय और राशि सोनी (कक्षा 10 ए) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं का चयन शिक्षक अखिलेश कुमार, गिरजा ठाकुर और सुमन कुमारी की निर्णायक मंडली ने किया। सभी विजेताओं को निदेशक सुरेश कुमार गुप्ता ने मोमेंटो, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक सुरेश कुमार गुप्ता ने कहा, डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान हमें सुरक्षित, सहज और सुकून भरा जीवन प्रदान करता है। सीईओ आनंद प्रकाश ने कहा, किसी भी कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए अनुशासन और नियम-कानून आवश्यक हैं, जो हमें बाबा साहब ने प्रदान किए। डिप्टी सीइओ इंजीनियर विद्यासागर ने जोर देकर कहा, डॉ. अंबेडकर का जन्मदिवस हम सहजता और समानता के प्रतीक के रूप में मनाते हैं। शिक्षा ही वह शक्ति है, जो व्यक्ति को सही और गलत का बोध कराती है। हमें समानता की भावना को अपनाकर समाज को आगे बढ़ाना है। छात्र-छात्राओं ने पूरे ध्यान से बाबा साहब के आदर्शों को सुना और उनके जीवन से प्रेरणा लेकर सफलता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल डॉ. अंबेडकर की विरासत को सम्मान देने का अवसर था, बल्कि छात्रों में अनुशासन, समानता और शिक्षा के प्रति जागरूकता जगाने का भी माध्यम बना।

## एक नजर

### पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोईलवर/भोजपुर।** अपराध नियंत्रण और यातायात नियमों के अनुपालन के लिए कोईलवर पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र के कपिलदेव चौक के समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस जांच अभियान से वाहन चालको में हड़कंप मच गया। बिना कागजात वाले वाहन घुमा कर भागते नजर आये। इस दौरान वाहनों के कागजातों की जांच करने के साथ ही वाहन सवार लोगों की भी तलाशी ली जा रही थी। थाना क्षेत्र में पिछले कुछ समय से आपराधिक घटनाएं बढ़ गई है। जिससे देखते हुए पुलिस ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। पुलिस द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान दर्जनों छोटे-बड़े वाहनों को रोककर पुलिस ने तलाशी ली। वाहनों के कागजातों की जांच करने के साथ ही वाहन पर सवार लोगों की भी तलाशी ली गई। वाहन जांच के दौरान हथियार की टोह में वाहनों की डिक्की की भी तलाशी ली गई। इस बाबत थानाध्यक्ष नरोतम चंद्र ने बताया कि अपराध नियंत्रण व सुरक्षा को लेकर थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान चार चक्के व दो पहिया वाहनों की जांच की गई।

### 20 दिव्यांगजनों को मिले सहायक उपकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** डीएम तनय सुलतानिया के निर्देशानुसार, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग भोजपुर द्वारा मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना-संबल के अंतर्गत तरारी प्रखंड स्थित बुनियाद केंद्र में 20 दिव्यांगजनों के बीच सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। सहायक उपकरण प्राप्त कर दिव्यांगजनों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब उन्हें शिक्षा और रोजगार के नए अवसरों तक पहुंचने में काफी सहूलियत होगी। इस सहयोग के लिए उन्होंने सरकार और प्रशासन के प्रति हृदय से आभार प्रकट किया। अधिकारियों ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी तथा बुनियाद केंद्र से डॉ. अमितेश उपाध्याय समेत अन्य कर्मी मौजूद रहे।

### श्री रुद्र महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के कुरमाईन गांव के शिव मंदिर के समीप सोमवार को श्री रुद्र महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण किया गया। आगामी 31 मई से शुरू होने वाले प्राण प्रतिष्ठात्मक श्री रुद्र महायज्ञ को लेकर यह आयोजन हुआ। कामख्या से पधारे पंडित राकेश पाण्डेय के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर ध्वजारोहण किया। महायज्ञ को लेकर युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है। महायज्ञ को लेकर बनी कमिटी के अध्यक्ष अरुण यादव ने बताया कि 31 मई को कलश यात्रा निकलेगी। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं महिलाएं भाग लेंगी। 31 मई से 6 जून तक चलने वाले महायज्ञ में 5 जून को भगवान शिव को प्राण प्रतिष्ठा एवं 6 जून को हवन, पूर्णाहुति और भंडारे के साथ यज्ञ संपन्न होगा। यज्ञ में दूर-दूर से आए विद्वान प्रवचन करेंगे। स्थानीय लोग महायज्ञ को लेकर अलग-अलग जिम्मेदारी को निभाने में लगे है। यज्ञ की तैयारी के लिए कई कमिटी बनाई गई है। ध्वजारोहण के दौरान, अजय कुशवाहा कोषाध्यक्ष सुबोध कुमार, अमिताभ, कुमार, सुरेन्द्र यादव, मंटू यादव, अरविंद यादव, रविन्द्र मेहता एवं सभी ग्रामीण जनता एवं सदस्य उपस्थित थे।

### नौसेना कर्मी के परिजनों से मिले उपेंद्र कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा मंगलवार को गोह प्रखंड अंतर्गत दधपी गांव पहुंचे, जहां उन्होंने सड़क दुर्घटना में मृत नौसेना कर्मी विक्रम वर्मा के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। कुशवाहा ने शोक-संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और घटना की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विक्रम वर्मा देश की सेवा में समर्पित थे और उनका असमय निधन समाज व राष्ट्र दोनों के लिए अपूरणीय क्षति है। गौरतलब है कि मृतक विक्रम वर्मा, गांव के निवासी धनंजय वर्मा के पुत्र थे और भारतीय नौसेना में कार्यरत थे। हाल ही में एक सड़क दुर्घटना में उनकी दुखद मृत्यु हो गई थी। इस अवसर पर गोह विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ. रणविजय कुमार सिंह, ओबरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अजय कुमार, रामकुमार वर्मा, निर्भय पासवान, गुड्डू कुशवाहा, विनय सिंह, राकेश रौशन, चितरंजन वर्मा, विजय पासवान, कृष्णा मेहता समेत कई अन्य स्थानीय नेता एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

72वीं औपबंधिक सूची जिला– पलामू (पार्ट–4)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | **विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बालकिशुन उराँव एवं दाऊद केरकेट्टा के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर।** | |
| 163. | 1. आवेदन क्र0–147/25 2. आवेदक–जसमुदीन मिंया , पिता–सदिक मियां<br>3. ग्राम–नेउरा , पोस्ट–चैनपुर , थाना– चैनपुर , प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 164. | 1. आवेदन क्र0–148/25 2. आवेदक–विद्या भूषण सिंह , पिता–नरेश सिंह<br>3. ग्राम–सीताडीह , पोस्ट–लेस्लीगंज , थाना– लेस्लीगंज , प्रखण्ड– लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां भौ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 165. | 1. आवेदन क्र0–149/25 2. आवेदक–प्रमिला कुँवर , पति–स्व0 जयपाल महतो<br>3. ग्राम–गाडी खास , पोस्ट–गाड़ी खास , थाना–पंडवा , प्रखण्ड– पंडवा<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 166. | 1. आवेदन क्र0–150/25 2. आवेदक–सीता राम सिंह , पिता–गुणी सिंह<br>3. ग्राम–सोकरा , पोस्ट–चान्दो , थाना– चैनपुर , प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 167. | 1. आवेदन क्र0–151/25 2. आवेदक–बिनायक रसुल , पिता–श्री रोजित मिंया<br>3. ग्राम–कुदागा , पोस्ट–सेमरा, थाना– चैनपुर , प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने केहुनी के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 168. | 1. आवेदन क्र0–152/25 2. आवेदक–निर्मल सिंह , पिता–स्व0 हरिहर सिंह<br>3. ग्राम–बसरिया खुर्द , पोस्ट– चैनपुर , थाना– चैनपुर , प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–लिलाट में गोदना का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 169. | 1. आवेदन क्र0–153/25 2. आवेदक–निरंजन सिंह , पिता–लक्ष्मण सिंह<br>3. ग्राम–सोकरा , पोस्ट–चान्दो , थाना– चैनपुर , प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आँख के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 170. | 1. आवेदन क्र0–154/25 2. आवेदक–धर्मी देवी , पति–मनोहर सिंह<br>3. ग्राम–सिक्की खुर्द , पोस्ट–सिक्की कला , थाना–पाटन , प्रखण्ड– पाटन<br>4. लिंग–महिला , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में गोदना का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 171. | 1. आवेदन क्र0–155/25 2. आवेदक–बसंत सिंह , पिता–मुन्द्रिका सिंह<br>3. ग्राम–हिसरा , पोस्ट–पोल पोल , थाना– मेदनीनगर , प्रखण्ड– मेदनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 172. | 1. आवेदन क्र0–156/25 2. आवेदक–बुधराम मुण्डा , पिता–नातो मुण्डा<br>3. ग्राम–करमा , पोस्ट–सेमरा , थाना– चैनपुर , प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने घुटना में कटा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 173. | 1. आवेदन क्र0–157/25 2. आवेदक–सिरनुस बरला , पिता–स्व0 जकरियस बरला<br>3. ग्राम–मुसुरमू , पोस्ट–उलेडडा , थाना– रामगढ़ , प्रखण्ड– पलामू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 174. | 1. आवेदन क्र0–158/25 2. आवेदक–कान्ता कुँवर , पति–स्व0 नन्दु सिंह<br>3. ग्राम–सोकरा , पोस्ट–चान्दो , थाना– चैनपुर , प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर के सुपला में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 175. | 1. आवेदन क्र0–159/25 2. आवेदक–राजेन्द्र चौबे , पिता–अलखदेव चौबे<br>3. ग्राम–दोकरा , पोस्ट– चैनपुर , थाना– चैनपुर , प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 176. | 1. आवेदन क्र0–160/25 2. आवेदक–मनु सिंह , पिता–भागीरथी सिंह<br>3. ग्राम–अलगडीह , पोस्ट– चान्दो , थाना– चैनपुर , प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–ओठ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 177. | 1. आवेदन क्र0–161/25 2. आवेदक–भुनेष्वर सिंह , पिता–स्व0 प्रसाद सिंह<br>3. ग्राम–वसरिया काला , पोस्ट– चैनपुर , थाना– चैनपुर , प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 178. | 1. आवेदन क्र0–111/25 2. आवेदक–बिरा भुईयाँ , पिता–स्व0 सगुनी भुईयाँ<br>3. ग्राम–जगतू , पोस्ट– कोपे , थाना–मनिका , प्रखण्ड– मनिका<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां घुटने में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 179. | 1. आवेदन क्र0–162/25 2. आवेदक–अम्बिका देवी , पति–राजकुमार सिंह<br>3. ग्राम–गोपालगंज , पोस्ट– लेस्लीगंज , थाना– लेस्लीगंज , प्रखण्ड– लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाया गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 180. | 1. आवेदन क्र0–163/25 2. आवेदक–रामेष्वर साव , पिता–खेदरू साव<br>3. ग्राम–मुरमुसी , पोस्ट– लेस्लीगंज , थाना– लेस्लीगंज , प्रखण्ड– लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर चोट का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 181. | 1. आवेदन क्र0–164/25 2. आवेदक–विष्वनाथ मेहता , पिता–राम खेलावन महतो<br>3. ग्राम–घांगरडीह , पोस्ट– राजवाडीह , थाना– मेदनीनगर , प्रखण्ड– मेदनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां आँख में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 182. | 1. आवेदन क्र0–165/25 2. आवेदक–कमरूदीन अंसारी , पिता–श्री समसुदीन अंसारी<br>3. ग्राम–कुदागा कला , पोस्ट– सेमरा , थाना– चैनपुर , प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 183. | 1. आवेदन क्र0–16/25 2. आवेदक–षिबनारायण सिंह , पिता–केष्वर सिंह<br>3. ग्राम–बीरबांध , पोस्ट–सेवाडीह , थाना–रंका , प्रखण्ड– रंकाराज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 184. | 1. आवेदन क्र0–166/25 2. आवेदक–जिरमानी देवी , पति–राजकुमार सिंह<br>3. ग्राम–काचन , पोस्ट– रामगढ़ , थाना– रामगढ़ , प्रखण्ड– रामगढ़<br>4. लिंग–महिला , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां केहुनी में कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 185. | 1. आवेदन क्र0–167/25 2. आवेदक–अजीमुद्दीन अंसारी , पिता–जिन्नत हुसैन<br>3. ग्राम–बुढीबीर , पोस्ट–हरिनामाड़ , थाना– चैनपुर , प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 186. | 1. आवेदन क्र0–17/25 2. आवेदक–कुंभकरन कोरावा , पिता–मरच्छू कोरावा<br>3. ग्राम–डोल , पोस्ट–डोल , थाना– चिनिया , प्रखण्ड– चिनिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने अंगुली में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 187. | 1. आवेदन क्र0–168/25 2. आवेदक–अगिना देवी , पति–नित्य कुमार<br>3. ग्राम–डुमरी , पोस्ट– चैनपुर , थाना– चैनपुर , प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरे पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 188. | 1. आवेदन क्र0–18/25 2. आवेदक–सुरेन्द्र कोरवा , पिता–प्रेम कोरवा<br>3. ग्राम–खाला , पोस्ट–धुरकी , थाना–धुरकी , प्रखण्ड– धुरकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां आँख के उपर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 189. | 1. आवेदन क्र0–169/25 2. आवेदक–सहोदरी देवी , पति–रामवृक्ष महतो<br>3. ग्राम–सिक्का , पोस्ट– नौडिहा , थाना–पंडवा , प्रखण्ड– पंडवा<br>4. लिंग–महिला , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 190. | 1. आवेदन क्र0–170/25 2. आवेदक–दिलीप यादव , पिता–नरेष यादव<br>3. ग्राम–काचन , पोस्ट– रामगढ़ , थाना– रामगढ़ , प्रखण्ड– रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने नाक पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 191. | 1. आवेदन क्र0–171/25 2. आवेदक–गोपाल यादव , पिता–नरेष यादव<br>3. ग्राम–काचन , पोस्ट– रामगढ़ , थाना– रामगढ़ , प्रखण्ड– रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां ठेहुना में जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 192. | 1. आवेदन क्र0–172/25 2. आवेदक–अर्जुन यादव , पिता–नरेश यादव<br>3. ग्राम–काचन , पोस्ट– रामगढ़ , थाना– रामगढ़ , प्रखण्ड– रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने बाह में गोदना का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 193. | 1. आवेदन क्र0–173/25 2. आवेदक–उमेश कुमार यादव , पिता–नरेश यादव<br>3. ग्राम–काचन , पोस्ट– रामगढ़ , थाना– रामगढ़ , प्रखण्ड– रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में कटिंग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 194. | 1. आवेदन क्र0–174/25 2. आवेदक–हेरन हेमरोम , पिता– प्रभु सहाय हेमरोम<br>3. ग्राम–हिसरा , पोस्ट–नवाडीह , थाना– रामगढ़ , प्रखण्ड– रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरे के दाहिने ओर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 195. | 1. आवेदन क्र0–175/25 2. आवेदक–रामपति देवी , पति–कपिलदेव सिंह<br>3. ग्राम–चोरहट , पोस्ट– रामगढ़ , थाना– रामगढ़ , प्रखण्ड– रामगढ़<br>4. लिंग–महिला , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरे पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 196. | 1. आवेदन क्र0–176/25 2. आवेदक–अमृत राज मुण्डा , पिता– डगरू मुण्डा<br>3. ग्राम–कुंडपानी , पोस्ट– रामगढ़ , थाना– रामगढ़ , प्रखण्ड– रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 197. | 1. आवेदन क्र0–177/25 2. आवेदक–भुनेष्वर सिंह , पिता– जिमेदार सिंह<br>3. ग्राम– चोरहट , पोस्ट– रामगढ़ , थाना– रामगढ़ , प्रखण्ड– रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–आँख के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 198. | 1. आवेदन क्र0–178/25 2. आवेदक–सम्भू पाल , पिता– बुधन पाल<br>3. ग्राम–बघमनना , पोस्ट– विश्रामपुर , थाना– विश्रामपुर , प्रखण्ड– विश्रामपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–ओठ पर सफेद दाग का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 199. | 1. आवेदन क्र0–179/25 2. आवेदक–जेरेमिअस हेमरोम , पिता– फिलिप हेमरोम<br>3. ग्राम–मुसुरमू , पोस्ट– रामगढ़ , थाना– रामगढ़ , प्रखण्ड– रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 200. | 1. आवेदन क्र0–19/25 2. आवेदक–इनरमनिया देवी , पति–सजीवन कोरवा<br>3. ग्राम–डोल , पोस्ट–डोल , थाना– चिनिया , प्रखण्ड– चिनिया<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरे पर मासा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 201. | 1. आवेदन क्र0–180/25 2. आवेदक–कामेष्वर सिंह , पिता– जगीर सिंह<br>3. ग्राम–नकटी , पोस्ट–वसौरा , थाना– लेस्लीगंज , प्रखण्ड– लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 202. | 1. आवेदन क्र0–20/25 2. आवेदक–अंतु यादव , पिता– स्व0 रामदेव यादव<br>3. ग्राम–डोल , पोस्ट–डोल , थाना– चिनिया , प्रखण्ड– चिनिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां जांघ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 203. | 1. आवेदन क्र0–21/25 2. आवेदक–बरन भुईयाँ , पिता– सीताराम भुईयाँ<br>3. ग्राम–नगसिली , पोस्ट–रजपुरा , थाना– चिनिया , प्रखण्ड– चिनिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 47 वर्ष, पहचान चिन्ह–गला में जला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 204. | 1. आवेदन क्र0–181/25 2. आवेदक–राम नरेष प्रजापति , पिता– पंचम प्रजापति<br>3. ग्राम–गोदरमा कला , पोस्ट–रेहला , थाना–रेहला , प्रखण्ड– विश्रामपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने चेहरा में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 205. | 1. आवेदन क्र0–182/25 2. आवेदक–अनिल गुड़िया , पिता– स्व0 आगुस्तीन गुड़िया<br>3. ग्राम–माके , पोस्ट– रामगढ़ , थाना– रामगढ़ , प्रखण्ड– रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया तर्जनी में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 206. | 1. आवेदन क्र0–183/25 2. आवेदक–रामनाथ बैठा , पिता– किसुन बैठा<br>3. ग्राम–बाधी , पोस्ट– रामगढ़ , थाना– रामगढ़ , प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 68 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां अंगुठा में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 207. | 1. आवेदन क्र0–184/25 2. आवेदक–हदीश अंसारी , पिता– नेजाम मियाँ<br>3. ग्राम–नेउरा , पोस्ट– चैनपुर, थाना– चैनपुर, प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां गाल पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 208. | 1. आवेदन क्र0–185/25 2. आवेदक–विजय प्रजापति , पिता– सुकन प्रजापति<br>3. ग्राम–सिकनी , पोस्ट–कामगारपुर , थाना– हुसैनाबाद , प्रखण्ड– हुसैनाबाद<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 67 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 209. | 1. आवेदन क्र0–22/25 2. आवेदक–प्रताप कोरवा , पिता– शिव कोरवा<br>3. ग्राम–खाला , पोस्ट–धुरकी , थाना– धुरकी , प्रखण्ड–धुरकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां जांघ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 210. | 1. आवेदन क्र0–23/25 2. आवेदक–सुरेष कोरवा , पिता– घुरन कोरवा<br>3. ग्राम–भंडार , पोस्ट–टाटीदिरी , थाना– धुरकी , प्रखण्ड–धुरकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने घुटने पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 211. | 1. आवेदन क्र0–186/25 2. आवेदक–अंजेला मड़की , पति–जेरेमियस हेमरोम<br>3. ग्राम–मुसुरमू , पोस्ट– रामगढ़ , थाना– रामगढ़ , प्रखण्ड– रामगढ़<br>4. लिंग–महिला , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ के अंगुली में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 212. | 1. आवेदन क्र0–112/25 2. आवेदक–तूफान सिंह , पिता– केष्वर सिंह<br>3. ग्राम–मंडल , पोस्ट– मंडल , थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 67 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 213. | 1. आवेदन क्र0–113/25 2. आवेदक–झुबली देवी , पति– तूफान सिंह<br>3. ग्राम–मंडल , पोस्ट– मंडल , थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–महिला , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 214. | 1. आवेदन क्र0–187/25 2. आवेदक–अख्तर अली , पिता– सेर मो0 मियाँ<br>3. ग्राम–बोड़ी , पोस्ट– कसरो , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 215. | 1. आवेदन क्र0–188/25 2. आवेदक–तौहीद अंसारी , पिता– अख्तर अली<br>3. ग्राम–बोड़ी , पोस्ट– कसरो , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 216. | 1. आवेदन क्र0–189/25 2. आवेदक–मोजाहिद अंसारी , पिता– अख्तर अली<br>3. ग्राम–बोड़ी , पोस्ट– कसरो , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | **विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अषोक कुमार सिंह एवं बेनीलाल सिंह द्वारा आयोग के सदस्य श्री भुवनेष्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा झामुमो की वर्ष 1995 की बैठक पार्टी में नाम के आधार पर।** | |
| 217. | 1. आवेदन क्र0–190/25 2. आवेदक–मोहम्मद हलीम अंसारी , पिता–मोहम्मद बसरूद्दीन अंसारी<br>3. ग्राम–मोहम्मदाबाद , पोस्ट–जपला , थाना–हुसैनाबाद , प्रखण्ड–हुसैनाबाद<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 218. | 1. आवेदन क्र0–191/25 2. आवेदक–मो0 अलीम अंसारी , पिता–मोहम्मद बसरूदीन अंसारी<br>3. ग्राम–मोहम्मदाबाद , पोस्ट–जपला , थाना–हुसैनाबाद , प्रखण्ड–हुसैनाबाद<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 219. | 1. आवेदन क्र0–192/25 2. आवेदक–संतोष कुमार पाण्डेय , पिता–रामधनी पाण्डेय<br>3. ग्राम–बुधन डीह सुदना , पोस्ट–मेदिनीनगर सुदना , थाना–मेदिनीनगर , प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 220. | 1. आवेदन क्र0–193/25 2. आवेदक–सिकंदर अंसारी , पिता–स्व0 मुदीन मियां<br>3. ग्राम–डुमरी, पोस्ट–लामिपतरा , थाना–पंडवा, प्रखण्ड–पंडवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 221. | 1. आवेदन क्र0–194/25 2. आवेदक–हफिजुल्लाह अंसारी , पिता–मो0 रफीक<br>3. ग्राम–मुनकेरी , पोस्ट–मुन्केरी , थाना–छतरपुर , प्रखण्ड–छतरपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में ठेहुना के नीचे लहसन का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 222. | 1. आवेदन क्र0–195/25 2. आवेदक–शमशाद अंसारी, पिता– सिकंदर अंसारी<br>3. ग्राम–डुमरी, पोस्ट–लामिपतरा , थाना–पंडवा, प्रखण्ड–पंडवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 223. | 1. आवेदन क्र0–196/25 2. आवेदक–षाहनवाज , पिता–मो0 मतिउवाह<br>3. ग्राम–पहाड़ी मोहवावार्ड न0–5,पोस्ट–मेदिनीनगर सुदना, थाना–मेदिनीनगर , प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR.NO.350394 Home(25-26):D

# तेज आंधी-पानी से किसानों की फसल तबाह, मसौढ़ी के भैंसवां में भारी नुकसान

## करीब दो सौ किसानों को लाखों की क्षति, सरकारी मदद की आस


नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** बेमौसम आई तेज आंधी और बारिश ने मसौढ़ी के किसानों की मेहनत पर पानी फ़ेर दिया है। विशेषकर भैंसवां पंचायत के किसान इस बार भारी नुकसान से जूझ रहे हैं। खेतों में खड़ी रबी फसल- गेहूं, चना और विशेषकर मकई बुरी तरह प्रभावित हुई है।
बताया जा रहा है कि भैंसवां पंचायत में करीब 100 बिघा भूमि पर मकई की खेती की गई थी, जिसमें लगभग 200 किसानों ने मेहनत की थी। लेकिन तेज आंधी-पानी के कारण मकई की फसल पूरी तरह गिर गई है और किसानों को लाखों रुपये की क्षति हुई है। जगपुरा गांव के किसान सीताराम शर्मा, पंकज कुमार, नारायण प्रसाद, श्यामजी महतो, रणविजय महतो, शत्रुघ्न मिस्त्री, विजय कुमार यादव, राधे महतो आदि ने बताया कि इस बार फसल की पूरी बर्बादी हो गई है। सीताराम शर्मा ने कहा कि 'बेमौसम बारिश ने हमारी कमर तोड़ दी है, अब केवल सरकार की मदद ही सहारा है। वहीं जिला पार्षद प्रतिनिधि विजय कुमार यादव ने बताया कि भैंसवां पंचायत के करीब 200 किसान मकई की खेती करते हैं, और इस बार सभी को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने सरकार से शीघ्र सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## पीपला महुआबीघा मार्ग पर गिरा बिजली का पोल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में तेज आए आंधी पानी से हर तबका परेशान है। ऐसे में मसौढ़ी प्रखंड के पीपला से महुआ बीघा जाने वाली रास्ते में सड़क के बीचो-बीच एक ट्रांसफार्मर लगा बिजली का पोल तार सहीत उखड़ कर सड़क पर ही गिर गया है। जिसे न केवल आवागमन में राहगीरों को कई तरह के परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बल्कि आसपास के इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। पीपला महादलित टोला के वार्ड नंबर 10 में तकरीबन सैकड़ो परिवारों को तीन दिनों से बिजली नसीब नहीं हुई है। यहां तक की पानी के लिए लोगों को तरसना पड़ रहा है। सरकारी चापाकल भी नहीं है, नल जल की भी सुविधा नहीं है। ऐसे में अब दूसरे गांव से पानी लाने को विवश है। राजद के प्रदेश महासचिव संटू कुमार यादव ने कहा कि लगातार बिजली दुरुस्त करने को लेकर बिजली की आला अधिकारियों के पास कई बार कॉल कर रहे हैं लेकिन लोग कॉल रिसीव नहीं कर रहे है किसी कर्मचारी से बात भी हो रही है तो वह सिर्फ टाल दे रहे हैं ऐसे में लोगों को बिना बिजली का जीना मुहाल हो गया है। वहीं स्थानीय लोगों में सुरेन्द्र चौधरी, अर्जून लोहार, रामप्रवेश बिंद, संजय बिंद, बिनोद कुमार एवं अन्य लोगों ने बताया की बिजली की किल्लत से परेशान है।

## चोरी की बाइक पर घूम रहे तीन शातिर चोर धराए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज (पटना)।** दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र के भरतपुरा के पास वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने चोरी की गई अपाची बाइक पर सवार तीन अंतरजिला चोरों को देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों की निशानदेही पर पुलिस ने दो चोरी की गई ट्रैक्टरों को भी बरामद कर लिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष भृगुनाथ सिंह ने बताया कि भरतपुरा में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को एक ब्लू रंग की अपाची बाइक पर सवार तीन युवकों पर शक हुआ। बाइक का निबंधन, इंजन और चेसिस नंबर स्पष्ट नहीं दिखने पर पुलिस ने जब युवकों से पूछताछ की तो वे स्पष्ट जवाब नहीं दे सके। गिरफ्तार युवकों की पहचान दुल्हिनबाजार थाने के पंसारी गांव निवासी सूरज कुमार (18 वर्ष), मसौढ़ी थाने के डोरीपुर निवासी शंकर कुमार (26 वर्ष), तथा रानीतालाब थाने के बरा गांव निवासी नीरज कुमार (21 वर्ष) के रूप में हुई है।
तलाशी के दौरान सूरज कुमार की कमर से एक देशी कट्टा और शंकर कुमार की जेब से 315 बोर की एक जिंदा गोली बरामद हुई।
पुलिस पूछताछ में युवकों ने स्वीकार किया कि अपाची बाइक को नबौतपुर थाना क्षेत्र से चोरी किया गया था। साथ ही उन्होंने दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र से दो ट्रैक्टर चोरी करने की बात भी कबूल की। एक ट्रैक्टर को पंडारक थाना क्षेत्र के टाल इलाके में और दूसरे को सिंगोड़ी थाना क्षेत्र में छिपाकर रखा गया था।
पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों ट्रैक्टरों को बरामद कर लिया है और दुल्हिनबाजार थाना लाया गया है। पकड़े गए तीनों चोरों पर पहले से ही दुल्हिनबाजार और रानीतालाब थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## नकदी समेत बीस हजार की दवा ले भागे बदमाश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** भगवानगंज थाना के दौलतपुर बाजार में स्थित एक दवा दुकान के शटर की उखाड़ कर बदमाशों ने बीते सोमवार की देर रात नकदी समेत करीब बीस हजार की दवा गायब कर दी इसकी जानकरी दुकानदार ललन प्रसाद को दी गई। पुलिस ने श्वान दस्ता के सहयोग से मामले की छानबीन की। इस संबंध में दवा दुकानदार ललन प्रसाद ने मंगलवार को अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। मिली जानकरी के मुताबिक ललन प्रसाद ने दौलतपुर बाजार निवासी सत्येंद्र प्रसाद के मकान में दवा की एक दुकान कर रखी है इस बाबत ललन प्रसाद ने बताया कि वे रोज की तरह सोमवार की रात करीब साढ़े नौ बजे अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे इसीबीच देर रात बदमाशों ने उनकी दुकान के शटर की पती उखाड़ दुकान में रखा हुआ करीब छह हजार रूपए , करीब दस - पंद्रह हजार की दवा और कई कागजात गायब कर दिया।

## जन जागरूकता के साथ मनाया गया अग्निशमन सेवा सप्ताह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत मंगलवार को मसौढ़ी शहर में अग्निशमन विभाग और स्कूली छात्र छात्राओं के द्वारा हाथो में अग्निशमन जागरूकता के पंपलेट. लिये प्रभात फ़ेरी का आयोजन किया गया। इसके अलावा लहसुना और पुनपुन के कई स्कूलों में मॉकड्रिल के जरिए आग से बचाव की जानकारी दी गई वही फीट इंडिया मूवमेंट के तहत सभी अग्निशमन कर्मचारियों के द्वारा योगा किया गया। गौरतलब है की आगामी 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया है। जहां अग्निशमन पदाधिकारी जयंत शर्मा ने बताया की गांव गांव में नुक्कड़ नाटक और मॉक ड्रिल के जरिए आग से बचाव की जानकारी दी जा रही है इसके साथ ही अचानक आग लग जाने, घर के गैस सिलेंडर में लगी आग को कैसे बुझा कर खुद को और दूसरे को नुकसान होने से बचाया जाए। वहीं आपातकालीन स्थिति में आग पर कैसे काबू पाया जा सके और लोग अपने घर में सुरक्षित हो। वहीं विद्यालय प्रशासन को भी अपने स्कुलो में इस तरह के जागरूकता अभियान हमेशा चलाने की अपील की गई।

## नूरीचक विद्यालय को मर्ज करने के खिलाफ पुनपुन में धरना-प्रदर्शन

### स्कूल बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले ग्रामीणों का आक्रोश, बच्चों की सुरक्षा को लेकर जताई चिंता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी/पुनपुन।** पुनपुन प्रखंड के ग्राम नूरीचक स्थित विद्यालय को बंद कर उसे अकौना हाई स्कूल में विलय किए जाने के सरकार के फैसले के खिलाफ मंगलवार को पुनपुन प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। 'स्कूल बचाओ संघर्ष समिति' के बैनर तले आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीण और अभिभावक शामिल हुए। इस धरने का नेतृत्व नूरीचक के पूर्व मुखिया मदन पासवान ने किया। धरना को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक गोपाल रविदास ने इस निर्णय को ल्लशिक्षा विरोधी और गरीब विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2007 में लागू की गई त्रिस्तरीय विद्यालय प्रणाली को खत्म कर 2020 में द्विस्तरीय प्रणाली लागू कर दी, जिसके कारण नूरीचक विद्यालय को अकौना हाई स्कूल में मर्ज करने का फरमान जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि नूरीचक से अकौना की दूरी लगभग 2 किलोमीटर है और उस रास्ते में बच्चों को व्यस्त बिहटा-सरमेरा मुख्य सड़क पार करनी पड़ेगी, जो बच्चों की जान के लिए जोखिम भरा है। उन्होंने इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि भाकपा माले इस अन्याय के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी।

## एलएनएमयू में डॉ. अंबेडकर पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

### देश-विदेश के विद्वानों की सहभागिता, सामाजिक न्याय व समानता पर हुआ विमर्श

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी हाइब्रिड मोड में आयोजित हुई, जिसमें देश-विदेश के प्रख्यात विद्वानों ने अपनी सहभागिता देकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया।
कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी ने की। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. अजय कुमार पंडित, डॉ. बी.आर. आंबेडकर चेयर के संरक्षक प्रो. अनिल कुमार झा, सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. शाहिद हसन, ए.एन. कॉलेज पटना के डॉ. संजय कुमार तथा इईआईपीए बिहार शाखा के सचिव डॉ. आर.के. वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अंतरराष्ट्रीय सहभागिता- संगोष्ठी में ऑनलाइन माध्यम से महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी से डॉ. सतीश कुमार, बेरहमपुर विश्वविद्यालय, ओडिशा से प्रो. विष्णु चरण चौधरी एवं अमेरिका के जॉर्जिया विश्वविद्यालय से ओलिविया औरब्रिट ने विचार प्रस्तुत किए। विमोचन कार्यक्रम- कार्यक्रम के दौरान कुलपति एवं शिक्षाविदों द्वारा त्रैमासिक शोध पत्रिका 'ज्ञानलोक' एवं पुस्तक 'भारत रत्न जननायक कर्पूरी की समाजवादी दृष्टि में विकसित बिहार' का विमोचन किया गया।
वक्ताओं के प्रमुख विचार- कुलपति प्रो. चौधरी ने कहा कि आरक्षण का लाभ केवल कुछ वर्गों या परिवारों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि समाज के वंचित तबके को मुख्यधारा से जोड़ना चाहिए। विभागाध्यक्ष प्रो. मुनेश्वर यादव ने बिहार में और विश्वविद्यालयों की स्थापना कर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता बताई। प्रो. सतीश कुमार ने कहा कि डॉ. आंबेडकर सामाजिक समानता और न्याय के प्रतीक हैं। प्रो. अनिल कुमार झा ने सामाजिक एकता और समरसता पर बल दिया। प्रो. आर.के. वर्मा ने कहा कि डॉ. आंबेडकर के विचारों को समाज के प्रभावशाली वर्ग द्वारा वह मान्यता नहीं मिली, जिसके वे अधिकारी थे। डॉ. संजय कुमार ने विविध विचारों में सामंजस्य स्थापित कर समतामूलक समाज निर्माण की आवश्यकता बताई। अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के संयोजक सह यू आर कॉलेज, रोसड़ा के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ घनश्याम राय ने सामाजिक लोकतंत्र की स्थापना पर जोर दिया। प्रो. शाहिद हसन ने कहा कि शिक्षा और सामाजिक चेतना, सामाजिक पुनर्निर्माण की आधारशिला हैं। डॉ. भारती सेहता (बिहार विश्वविद्यालय) ने भी विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी में सहभागिता- कार्यक्रम का संचालन प्रो. मुकुल बिहारी वर्मा ने किया। तकनीकी सत्र की समाप्ति की घोषणा पूर्व छात्र नीतीश नायक ने विभागाध्यक्ष के निर्देश पर की। इस अवसर पर विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. नीतू कुमारी, डॉ. रघुवीर कुमार रंजन, डॉ. दिव्या झा (सी.एम. कॉलेज), डॉ. गंगेश कुमार झा, डॉ. अविनाश कुमार सहित कई शिक्षक, शोधार्थी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। डॉ. मनोज कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी अतिथियों व प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. रामनाथ शर्मा, प्रदीप कुमार, सिद्धार्थ राज, केशव कुमार चौधरी, राम कृपाल, रुपेश कुमार यादव, डिंपी कुमारी, अंकु कुमारी, साहिल सहित अनेक छात्रों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।
यह संगोष्ठी डॉ. आंबेडकर के विचारों को वर्तमान संदर्भ में पुनः समझने और सामाजिक न्याय, समानता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति नई पीढ़ी को जागरूक करने की दिशा में एक सफल और सार्थक प्रयास साबित हुई।

## एनटीपीसी कहलगांव में अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कहलगांव।** एनटीपीसी कहलगांव परिसर में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। यह सप्ताह, औद्योगिक क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने और कर्मचारियों को सतर्क बनाए रखने के उद्देश्य से मनाया जाता है।
इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री रबीन्द्र पटेल महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) केएचएसटीपीपी कहलगाँव, प्रभात रंजन बारीक महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) केएचएसटीपीपी कहलगाँव, भारती नंदन (कमांडेंट/केओसुब) केएचएसटीपीपी कहलगाँव) मनीष कुमार सहायक (कमांडेंट/अग्नि) केएचएसटीपीपी कहलगाँव तथा सीआईएसएफ के बल सदस्य और एनटीपीसी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदी स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पण से हुई, जहाँ 14 अप्रैल 1944 को बॉम्बे डॉकयार्ड में हुई भयावह अग्निकांड में शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। इस हृदयविदारक घटना की स्मृति में ही प्रतिवर्ष 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक 'अग्नि सुरक्षा सप्ताह' का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान संयंत्र में कार्यरत कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। इसके अंतर्गत 'फायर सेफ्टी बुकलेट' तथा 'लीफ़लेट' का विमोचन मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया, जिसमें आग से बचाव के उपाय, प्राथमिक सुरक्षा तकनीकें एवं आपातकालीन प्रक्रियाएं सम्मिलित हैं।
महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में अग्नि सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए सभी कर्मियों से आग्रह किया कि वे सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करें एवं स्वयं को सतत जागरूक बनाए रखें। सीआईएसएफ कमांडेंट ने बल की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए अग्नि सुरक्षा को प्रत्येक औद्योगिक संस्थान की मूल आवश्यकता बताया। इस अवसर पर सीआईएसएफ एवं एनटीपीसी के अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी के संकल्प के साथ हुआ कि वे अपनी-अपनी जिम्मेदारियों के साथ फायर सेफ्टी को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। निरीक्षिक/अग्नि काली चरण द्वारा अग्निशमन द्वारा अग्निशमन सेवा दिवस कार्यक्रम के अंत मे उपस्थित मुख्य अतिथि मोहदय श्री रबीन्द्र पटेल महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) कीचेसटीपीपी कहलगाँव, सभी माह प्रबंधक विभाग अध्यक्षक, सभी अधिकारियों एवं कारांचारियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## मुख्य सचिव ने की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**आरा।** मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग से विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति पर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल आरा, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, कार्यपालक अभियंता, विद्युत, आरा और जगदीशपुर, डीआईओ एनआईसी, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल आरा पीरो और जगदीशपुर, पथ प्रमंडल आरा, नगर आयुक्त आरा नगर निगम, प्रभारी पदाधिकारी पर्यटन शाखा, जिला योजना पदाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान मुख्य रूप से भवन प्रमंडल, उद्योग विभाग, विद्युत विभाग, पीएचईडी, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ प्रमंडल, पर्यटन विभाग, योजना विभाग और नगर निगम द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने इन योजनाओं के प्रगति की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली एवं संबंधित पदाधिकारियों को समय पर योजनाओं को पूर्ण करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

## विधायक ने किया उद्घाटन

**गड़हनी/भोजपुर (नव बिहार टाइम्स संवाददाता)।** विधायक शिव प्रकाश रंजन ने प्रखंड अंतर्गत बराप पंचायत के रमडीहरा गांव में विधायक निधि से निर्मित पीसीसी रोड का विधिवत उद्घाटन फीता काटकर किया। ये पीसीसी सड़क 14 लाख 96 हजार 6 सौ रुपये की लागत से बनाई गई है। रमडीहरा गांव में ये सड़क शंकर सिंह के घर से उत्क्रमित मध्य विद्यालय तक बना है।

## एक नजर

### माले ने निकाला संविधान सुरक्षा न्याय मार्च

**धनरूआ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखित संविधान की रक्षा और सामाजिक न्याय की स्थापना के उद्देश्य से भाकपा माले ने मंगलवार को धनरूआ बाजार में 'संविधान सुरक्षा न्याय मार्च' का आयोजन किया। इस मार्च के बाद बडीहा मोड़ पर एक नुक्कड़ सभा भी आयोजित की गई, जिसमें दर्जनों कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले के प्रखंड सचिव अकलू पासवान ने कहा कि भारत का संविधान हमें सामाजिक न्याय, राजनीतिक स्वतंत्रता और धार्मिक सहिष्णुता प्रदान करता है। लेकिन वर्तमान सरकार इन मूल्यों को खत्म कर देश को धार्मिक उन्माद और विभाजन की ओर धकेल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि संविधान को तोड़-मरोड़कर मौजूदा सरकार सांप्रदायिक और दमनकारी राजनीति को बढ़ावा दे रही है। ल्लआज दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और गरीब तबकों पर हमले बढ़े हैं। समय आ गया है कि हम सभी मिलकर संविधान की रक्षा के लिए एकजुट हों। इस अवसर पर भगवान पासवान, कामरेड निरंजन वर्मा, खुर्शीद अंसारी, कमलेश यादव, रिंकू देवी, सुरेंद्र दास सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा में उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के संविधान की रक्षा करने और हर हाल में लोकतांत्रिक मूल्यों को कायम रखने का संकल्प लिया।

### देसी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** देसी शराब की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक्साइज पुलिस को मंगलवार को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुनपुन थाना क्षेत्र के बेहरावां चकिया के पास से 60 लीटर देसी शराब के साथ एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सुधीर साव, पिता लालबाबू साव, निवासी मुस्तफापुर, बिहटा के रूप में हुई है। एक्साइज पुलिस के अनुसार, सुधीर साव स्कूटी के माध्यम से पॉलीथिन में भरकर देसी शराब की खेप बिहटा ले जा रहा था। उसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। पुलिस के मुताबिक, आरोपी लंबे समय से चकिया क्षेत्र से देसी शराब की आपूर्ति करता रहा है और इस रूट पर सक्रिय तस्करों में से एक है। पकड़े गए धंधेबाज से पूछताछ की जा रही है और इसके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश शुरू कर दी गई है। एक्साइज विभाग ने इस कार्रवाई को शराब माफियाओं के खिलाफ बड़ी सफलता बताया है और ऐसे ही अभियान लगातार जारी रखने की बात कही है।

### 'मिल्लत बचाओ, मुल्क बचाओ' कार्यक्रम को लेकर बैठक

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ऑल इंडिया यूनाइटेड मुस्लिम मोर्चा, जकात भवन ट्रस्ट और सेंटर फॉर पीस के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 20 अप्रैल को पटना के बापू सभागार में आयोजित होने वाले मिल्लत बचाओ, मुल्क बचाओ कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मसौढ़ी में एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान राष्ट्रीय प्रवक्ता हाफिज गुलाम सरवर ने कहा कि आज माइनॉरिटीज, विशेष रूप से आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर तबके, उसी स्थिति से गुजर रहे हैं जिस दशा में 80 के दशक तक दलित और आदिवासी समुदाय था। हमें उनके लिए कानूनी संरक्षण की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम नफरत और सांप्रदायिक राजनीति के खिलाफ एक मजबूत आवाज बनेगा। यह वही एक्ट है जो देश को दंगे-फसाद और नफरत की राजनीति से बचा सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा। इस बैठक में सारण कमिश्नरी अध्यक्ष मोहम्मद समीर, गोव्सहबाज आलम, डॉ. हसन ईमाम, मोहम्मद शाहिद, शहजाद खान, अनवरफी आलम, मेराज अहमद, छोटू सहित कई अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनी

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के संयुक्त आह्वान पर सोमवार को जगदीशपुर प्रखंड के देवघर गांव के महादलित टोला में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। समारोह में महादलित टोले की महिलाओं एवं पुरुषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संचालन प्रखंड अध्यक्ष भोला खान ने किया। सर्वप्रथम नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं महादलित टोलावासियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सभा के माध्यम से विधायक रामविशुन सिंह लोहिया ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को अद्वितीय बताया और कहा कि आज हम सभी बाबा भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखे गए संविधान का पालन कर रहे हैं। लेकिन आज भाजपा सरकार भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखे गए संविधानों को मिटाने का प्रयास कर रही है, लेकिन जब तक हमारे नेता राजद सुप्रीमो एवं तेजस्वी प्रसाद यादव रहेंगे, महादलित, दलितों, अल्पसंख्यकों एवं अति पिछड़ों का हक कोई नहीं छीन सकता। आज नीतीश कुमार, जीतन राम मांझी और चिराग पासवान महादलित, अल्पसंख्यक, अति पिछड़ा और 90 प्रतिशत लोगों की हत्या कर रहे हैं। इन तीनों से हमें सावधान रहने की जरूरत है। ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने देवघर महादलित टोला में डॉ भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा लगाने की घोषणा की। इस मौके पर अजय यादव, देव सुंदर यादव, रवि यादव, अनिल यादव, अजय यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

### मध्य विद्यालय नदौल में सरकारी राशि का गबन उजागर

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सरकार भले ही शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए बड़े-बड़े दावे कर रही हो, लेकिन मसौढ़ी प्रखंड के कई विद्यालय आज भी इन दावों को झुठलाते नज़र आ रहे हैं। ताजा मामला प्रखंड के मध्य विद्यालय नदौल का है, जहां निरीक्षण के दौरान भारी पैमाने पर सरकारी राशि के गबन का मामला सामने आया है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईईओ) राजेंद्र ठाकुर द्वारा विद्यालय में निरीक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पंजी में फर्जीवाड़ा पकड़ा गया। उपस्थिति को जानबूझकर बढ़ाकर दर्शाया गया, ताकि मध्याह्न भोजन योजना के तहत अधिक चावल और राशि ली जा सके। जांच में यह भी पाया गया कि कुछ शिक्षक शिक्षण कार्य की बजाय आपस में बातचीत में लगे थे, और वर्ग संचालन की स्थिति भी बेहद खराब थी। मिड-डे मील में इस्तेमाल होने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता भी संदेह के घेरे में है। रसोई में ब्रांडेड तेल और मसालों के स्थान पर लोकल उत्पादों का उपयोग पाया गया। इतना ही नहीं, समग्र शिक्षा योजना के तहत करीब 90 हजार रुपये बिना कार्य के खर्च दिखाए गए हैं।इस पूरे मामले में बीईईओ ने विद्यालय के सभी शिक्षकों और प्रभारी प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार सिंह से स्पष्टीकरण मांगा है।


**कार्यालय-असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा**
**(राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम, जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा)**

**सूचना**

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा द्वारा विज्ञापन संख्या–06/2024–25 से स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों यथा–Pharmacist, STLS, LT & STS पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु औपबंधिक मेधा सूची गढ़वा जिला के वेबसाईट पर दिनांक–29.03.2025 को प्रकशित कराते हुए अन्तिम तिथि दिनांक–04.04.2025 तक लिखित आपत्ति आमंत्रित की गई थी। अन्तिम तिथि तक प्राप्त कुल तीन आपत्ति आवेदनों का निराकरण garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

PR 350305 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)#D

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रों के बीच स्कूल बैग का वितरण



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हुसैनगंज प्रखंड के दरवेशपुर उर्दू राजकीय प्राथमिक विद्यालय के छात्रों के बीच यूनिमनी फाइनेंशियल सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्कूल बैग का वितरण किया गया.कंपनी के रीजनल मैनेजर प्रवीण कुमार ने छात्रों को स्कूल बैग दिया.स्कूल बैग पाकर छात्रा काफी प्रसन्न हुए.शाखा प्रबंधक नवीन कुमार ने बताया कि सामाजिक जिम्मेदारी के तहत बच्चों को स्कूल बैग दिया गया.इस अवसर पर सत्यप्रकाश एवं रंजन कुमार सहित स्कूल के शिक्षक मौजूद थे.

### भाजपा ने किया अम्बेडकर सम्मान अभियान आयोजित



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संविधान के निमार्ता भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की 135 वीं जयंती के अवसर पर भाजपा द्वारा सम्मान अभियान कार्यक्रम पूरे जिला मे चलाया गया। उस कड़ी में बेतिया के जगजीवन नगर, अम्बेडकर कालोनी, पिउनीवाग एवं अम्बेडकर छात्रावास में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि किया गया। उक्त कार्यक्रम बेतिया नगर पूर्वी मंडल के अध्यक्ष आशीष गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। वही भाजपा जिला अध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव ने डॉ भीमराव आंबेडकर जी के जीवनी के बारे में कुछ जानकारी दी। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष दीपेन्द्र सराफ जिला उपाध्यक्ष रवि सिंह नगर निकाय के क्षेत्रिय प्रभारी राहुल कुमार महादलित प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कृष्ण मुरारी विजय राऊत मिडिया प्रभारी मुकेश सहाय उर्फ गाँधीबाबा राधेश्याम पटेल सुरज कुमार राउत निरज कुमार विनोद सोनी राज कुमार आदि बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाकपा-माले, ऐपवा ने निकाला न्याय मार्च

**बच्चियों की हत्या-बलात्कार पर रोक लगाने की मांग**




**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बलात्कार और हत्या के खिलाफ भाकपा-माले, ऐपवा और इंसाफ मंच ने बेतिया में न्याय मार्च निकाल कर समाहरणालय गेट पर सभा किया। मार्च के दौरान कोमल- काजल - स्नेहा को न्याय दो, बच्चियों की हत्या-बलात्कार की घटनाओं पर रोक लगाओ, भाजपा-जदयू शर्म करो, बलात्कारियों का संरक्षण बंद करो, .हत्या - बलात्कार के सभी आरोपियों को गिरफ्तार करो, कोमल- काजल - स्नेहा के परिवार को 25-25 लाख रु मुआवजा दो आदि नारा लगाकर मांग किया। न्याय मार्च को भाकपा-माले जिला कमिटी सदस्य सुनील कुमार राव, ललिता देवी, इंकलाबी नौजवान सभा जिला अध्यक्ष फरहान राजा, अशोक महतो, विनोद कुशवाहा, जोखू चौधरी, जितेंद्र राम, गोपाल बैठा, कन्हैया पासवान, सुरेन्द्र चौधरी, जवाहिर प्रसाद, रामा शंकर राम, सोना देवी, जमिला खातून, अफाक अहमद आदि ने सम्बोधित किया।

### भूमिहीन होने के चलते नही मिल रहा आवास का लाभ

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से भूमिहीन लोगो ने अंचल कार्यालय पहुचकर सीओ को आवेदन दिया है। ग्रामीण सुभावती देवी, सरिता देवी, तारा मुनी देवी, विरझन मांझी, शिवबचन मांझी, शिवपूजन मांझी, गया मांझी,अरमान साईं, बुद्धा देवी, लाल मुन्नी देवी, फूलमती देवी, अमरावती देवी, दीपावली देवी, कलावती देवी, मीना देवी, नंदनी देवी, छठिया देवी, सुगनी देवी आदि ने बताया कि वो सभी भूमिहीन है। उनकी झोपड़ी जमीन पर न होने के चलते सभी लोग सड़क किनारे प्लास्टिक, तंबू लगाकर जीवन यापन कर रहे है। ग्रामीणों ने ये भी कहा कि उनके पास जमीन न होने की वजह से उन्हें आवास योजना का लाभ भी नही मिल रहा है। सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि आवेदन मिला है। ग्रामीणों द्वारा प्राप्त आवेदन की जांच राजस्व कर्मचारी से कराई जाएगी। जांच के बाद भूमिहीन पाए जाने पर आगे वरीय अधिकारि को रिपोर्ट भेजा जाएगा।

### इनरवा से भारी मात्रा में शराब जब्त

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इनरवा पुलिस ने झुमका से 150 लीटर शराब जब्त किया है। इधर पुलिस को देख कारोबारी फरार हो गया।थानाध्यक्ष जय कुमार ने बताया कि शराब को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### बरगद के पेड़ से लटका मिला 20 वर्षीय युवक का शव, हत्या की अशंका

**घटना एम एच नगर थाने के धनौती गांव की**

**हसनपुरा/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एमएच नगर थाना के धनौती स्थित एक बरगद के पेड़ से 20 वर्षीय युवक का शव लटका हुआ लोगों देखा। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मिहिर कुमार व पुअनि गौतम कुमार घटना स्थल पहुंच कर जांच में जुट गए। मृतक की पहचान इसी थाने के धनौती निवासी स्व मनु राम के 20 वर्षीय पुत्र गोविंद कुमार के रुप में की गयी। परिजनों के अनुसार



बीते कल शाम से लापाता था। परिजन काफी खोजबीन किए लेकिन पता नहीं चल सका। मंगलवार की शाम बकरी चराने वाली किसी महिला की नजर पेड़ पर लटकते हुए शव पर पड़ी। पेड़ पर शव लटकने की सूचना मिलते ही शव देखने के लिए लोगों का हूजूम उमड़ पड़ा। वहीं स्थानीय ग्रामीणों व परिजनों ने शव को नीचे उतारने नहीं दिया। फॉरेंसिक जांच टीम बुलाने की मांग करने लगे। वहीं परिजनों सहित अन्य लोगों का कहना है कि गोविंद की हत्या कर शव को पेड़ पर लटका दिया गया है। थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया का फॉरेंसिक जांच टीम गोपाल गंज से आ रही है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट व काल डिटेल से हत्या के कारणों का पता चल सकेगा। मृतक तीन भाई और दो बहनों में सबसे छोटा था। अभी उसकी शादी नहीं हुई थी। वह गांव पर रहकर मेहनत मजदूरी व ड्राइवर का काम करता था। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बीते कल सोमवार को धनौती गांव में आयोजित बाबा साहेब की जयंती में बढ़-चढ़ कर भाग लिया था।

# एपीएचसी बलिया में स्वास्थ्य मंत्री ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई

## 15 दिनों के अंदर एपीएचसी बलिया में गर्भवती महिलाओं का होगा प्रसव



**एपीएचसी बलिया में प्रसव के लिए शिशु रोग एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की हुई प्रतिनियुक्ति**

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री बिहार सरकार मंगल पांडे ने महाराजगंज अनुमंडल के एपीएचसी बलिया का पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण किया. उन्होंने स्वयं अपना स्वास्थ्य जांच कराकर एपीएचसी में मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया. निरीक्षण के बाद उन्होंने एपीएचसी में उपलब्ध सुविधाओं से संतुष्ट दिखे. उन्होंने एपीएचसी के वार्ड, ओपीडी एवं पैथोलॉजी विभाग की जांच की तथा उपचार कराने आए मरीजों एवं उनके परिजनों से भी अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवा के संबंध में पूछताछ किया. उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि पंद्रह दिनों के अन्दर एपीएचसी बलिया में गर्भवती महिलाओं का प्रसव कराना शुरू करें. इसके लिए विभाग द्वारा बालरोग विशेषज्ञ डॉ सचिन कुमार एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ खुशबू तोगड़िया की प्रतिनियुक्ति महाराजगंज अनुमंडलीय अस्पताल से एपीएचसी बलिया में की गई है.मेडिकल ऑफिसर डॉ अमित चंद्र मिश्रा ने बताया कि अस्पताल में 24x7 सेवा देने के लिए डॉक्टरों की रोस्टर ड्यूटी लगाई गई है.अस्पताल में लगभग सभी तरह के आवश्यक पैथोलॉजिकल जांच की सुविधा उपलब्ध है.मरीजों को आपातकालीन सेवा भी दी जाती है.उन्होंने बताया कि ओपीडी में प्रतिदिन दो सौ मरीजों को देखा जाता है.इस अवसर पर बीजेपी जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी,जिला कार्यक्रम प्रबंधक विशाल कुमार सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी उपस्थित थे.

# नरकटियागंज से अपहृत किशोर की हत्या, रामनगर में मिला शव



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के मल्दहिया गांव से बीते 12 अप्रैल को अपहृत 15 वर्षीय किशोर इम्तियाज अली की हत्या कर दी गई है। उसका शव रामनगर थाना के तौलाहा सरेह में रेलवे लाईन के समीप मिली है। 12अप्रैल को स्कूल से टीसी लाने के लिए घर से निकले इम्तेयाज अली का अपहरण कर लिया गया था। घटना के दिन ही उसकी मां के मोबाइल पर अज्ञात अपराधियों ने मैसेज कर दस लाख की फिरौती की मांग की थी। घटना के बाद उसकी मां मिसरुन खातून के आवेदन पर शिकारपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। घटना के चार दिन बाद उसके पुत्र का शव रामनगर थाना क्षेत्र के तौलाहा रेलवे लाइन के समीप मिला है। पुलिस ने शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए बगहा भेज दिया है। घटना के बाद बेतिया एसपी डॉ सौर्य सुमन ने घटना स्थल का जायजा लिया है। इस दौरान एसपी ने घटना में शामिल अपराधियो को जल्द गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। एसडीपीओ जय प्रकाश सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए बगहा भेज दिया गया है।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत

**बेतिया/ नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के अलग अलग जगहोंपर हुयी दुर्घटना में दो की मौत हो गयी है। बेतिया मैनाटांड़ पथ में गोपालपुर थाना क्षेत्र के बैसखवा चौक पर ट्रक और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार की मौत हो गई । मृतक सिकटा थाना क्षेत्र के बेहरा गांव निवासी हीरालाल साह (50) बताये गये है। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर एक ट्रक बेतिया के तरफ से आ रही थी । बाइक सवार भी बेतिया की तरफ से आ रहा था ।इसी बीच बैसखवा चौक के समीप ओवरटेक करने के क्रम में बाइक सवार ट्रक के पिछ्ले पहिए के नीचे आ गया। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई है । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया भेज दिया है। थाना अध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए बेतिया भेजा गया है । नरकटियागंज प्रतिनिधि के अनुसार नरकटियागंज ठोरी मुख्य मार्ग में सोमवार की रात्रि एक अज्ञात वाहन की ठोकर से एक बाइक सवार की मौत हो गई। वही एक गंभीर रूप से जख्मी है। घटना के बाद स्थानीय लोगो की मदद से दोनों को अनुमंडलीय अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया। वही घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बेतिया रेफर कर दिया गया है। मृतक की पहचान साठी थाना क्षेत्र के दनियाल परसौना निवासी 40 वर्षीय बसीर खान के रूप में की गई है। घायल की पहचान शिकारपुर थाना क्षेत्र के भतौड़ा निवासी 25 वर्षीय शेख मोजाहिर के रूप में की गई है। दोनों आपस मे साले और बहनोई है।

# आठ लाख की लागत से बनी पीसीसी सड़क का पूर्व विधायक ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा (सारण)।** एकमा प्रखंड के एकसार पंचायत स्थित गलिमापुर वार्ड 13 में आठ लाख की लागत से बनी 800 फीट लंबी पीसीसी सड़क का उद्घाटन पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह धूमल सिंह व जिला परिषद प्रतिनिधि पंकज सिंह ने संयुक्त रूप से मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना करके, नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया। यह सड़क नंदु साह के घर से आंगनबाड़ी केंद्र तक बनाई गई है। इसके उद्घाटन के मौके पर पूर्व विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ धूमल सिंह ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से गरीब परिवारों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह निर्माण कार्य जिला परिषद प्रतिनिधि पंकज सिंह के सहयोग से कराया गया है। इस अवसर पर जिला परिषद प्रतिनिधि पंकज सिंह ने कहा कि स्थानीय लोगों ने शिकायत की थी कि पूर्व के जिला परिषद प्रतिनिधियों के कार्यकाल में कोई काम नहीं हुआ। इसके बाद हमने इलाके का दौरा किया और सड़क निर्माण की स्वीकृति दी। अब जब यह सड़क बनकर तैयार हो गई है, जिससे लोगों में खुशी की लहर है। कार्यक्रम में राजेश्वर सिंह, विपिन सिंह, गजेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, अभिमन्यु सिंह, प्रमोद, सत्येंद्र प्रसाद, जयराम साह, सतीश साह, जयप्रकाश साह, राकेश पांडेय आदि अनू लोग मौजूद थे।



## रामपुर बिंदालाल में चौक से छठ घाट तक जाने वाली पीसीसी सड़क का शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा (सारण)।** एकमा प्रखंड के रामपुर बिंदालाल पंचायत में चौक से मठिया यानी छठ घाट तक जाने वाली लगभग एक किलोमीटर लंबी पीसीसी सड़क का शिलान्यास पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि पंकज सिंह ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना करके व नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर



पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह धूमल ने बताया कि अपने कार्यकाल में उन्होंने इस सड़क का निर्माण कराया था, लेकिन समय के साथ सड़क जर्जर हो गई है। अब इसका पुर्ननिर्माण जिला परिषद प्रतिनिधि पंकज सिंह के सहयोग से कराया जाएगा। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि पंकज सिंह ने कहा कि छठ पूजा के दौरान छठ व्रतियों को छठ व्रत के अर्घ्य सामग्री लेकर इस मार्ग से गुजरना पड़ता है। लोगों की मांग पर शीघ्र ही सड़क का निर्माण कार्य शुरू कराया जा रहा है। शिलान्यास कार्यक्रम में अभिषेक कुमार मिश्रा उर्फ बैजनाथ प्रसाद, राजा गुप्ता, अरविंद मिश्रा, रवि कुमार, गणेश मिश्रा, अनुज कुमार आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के बाद रामपुर बिंदालल पंचायत के चौक पर पूर्व विधायक धूमल सिंह व जिला परिषद प्रतिनिधि पंकज सिंह द्वारा स्थानीय जनता की समस्याएं सुनी गई। जहां महिलाओं ने पूर्व विधायक धूमल सिंह से पीएम आवास की मरम्मत राशि नहीं मिलने की शिकायत भी की। पूर्व विधायक व जिला पार्षद प्रतिनिधि के द्वारा क्षेत्रीय जनता की समस्याओं के शीघ्र समाधान कराने के लिए आश्वासन दिया गया।

# जिस दिन होनी थी गृहपूजा उसी दिन सैनिक का हुआ अंतिम संस्कार



**सेना के जवान की विद्युत स्पशार्घात से हुई मौत**

**गुठनी /सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुठनी के डरैला गांव के सटे यूपी के दगपुरा गांव निवासी सेना के जवान (आर्मी) जम्मू कश्मीर में हवलदार पद पर तैनात उपेंद्र कुशवाहा की विद्युत स्पशार्घात से रविवार रात मौत हो गयी। उपेंद्र छुट्टी लेकर लखनऊ के गीता आश्रम,सरोजनी नगर में खरीदे फ्लैट का गृह प्रवेश कराने आये थे। मंगलवार को घर का गृह प्रवेश होना था और उसी दिन उपेंद्र का अंतिम संस्कार करना पड़ गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उपेंद्र पिछले सप्ताह जम्मू कश्मीर से आये थे और लखनऊ स्थित अपने नए मकान का गृह प्रवेश करने का अनुष्ठान शुरू किया था। मकान में वायरिंग का काम चल रहा था और कारीगरों द्वारा घर के बाहर विद्युत धारा प्रवाहित तार को एक पौधा से लटका दिया गया था। आर्मी मैन उपेंद्र उस तार को देख न सके और विद्युत धारा प्रवाहित तार उनके कनपटी के पास सट गया जिससे वे वहीं गिर कर घायल हो गये। घायलावस्था में उन्हें सैनिक अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गयी। जवान की मौत के बाद सैनिकों का एक दल सैनिक वाहन से तिरंगा में लपेटा उनका शव पैतृक गांव दगपुरा लाया और सैनिक सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार करवाया। सैनिक उपेंद्र कुशवाहा की शव यात्रा पैतृक घर दगपुरा से आरंभ हुआ जिसमें काफी संख्या में नौजवान हाथ मे तिरंगा लिए आगे आगे चल रहे थे। गुठनी के ग्यासपुर अवस्थित पवित्र सरयू नदी तट पर सेना के जवानों द्वारा सलामी देने व परिजन को तिरंगा सौंपने के बाद अंतिम संस्कार किया गया। मंगलवार को ही जवान के घर का गृह प्रवेश पूजा था और उसी समय उसी मुहूर्त में उसका अंतिम संस्कार हुआ यह जानकर मौजूद सभी लोगों की आंखे नम हो गयी। शवयात्रा में गुठनी पुलिस के एएसआई उपेंद्र यादव मय पुलिस बल के साथ आगे आगे चल रहे थे। सरयू तट पर सैनिक को उसका 13 वर्षीय पुत्र अनीश ने मुखाग्नि दिया। घटना के बाद जवान की पत्नी प्रमिला देवी,माता सनकेशी देवी बेटी अंशिका( 16 वर्ष) की रो रो कर हाल बुरा है।

# सारण में राजस्व व पुलिस अनुमंडलों के पुनर्गठन की तैयारी शुरू

## पश्चिमी क्षेत्र के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन की पहल का किया स्वागत

**के. के. सिंह सेंगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**छपरा (सारण)।** सारण जिला में प्रशासनिक कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने और विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अमन समीर ने राजस्व एवं पुलिस अनुमंडलों के क्षेत्राधिकार में एकरूपता लाने के लिए बैठक आयोजित की। बताया गया है कि वर्तमान में जिले में पांच पुलिस अनुमंडल हैं, जबकि केवल तीन राजस्व अनुमंडल कार्यरत हैं। इस असमानता के कारण प्रशासनिक कार्यों में समन्वय की कमी व विधि-व्यवस्था बनाए रखने में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि कम से कम एक नया राजस्व अनुमंडल गठित किया जाएगा। जिसमें कुछ प्रखंडों को सदर अनुमंडल से अलग कर नए अनुमंडल में शामिल किया जाएगा। इस संबंध में आगामी 15 दिनों में अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जाएगी। इसके पश्चात जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक संयुक्त रूप से प्रस्ताव तैयार कर उच्च स्तर पर भेजेंगे। यह पहल जिले में प्रशासनिक ढांचे को अधिक प्रभावी व समन्वित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिससे नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी। उधर जिला प्रशासन की इस पहल का छपरा सदर अनुमंडल के पश्चिमी क्षेत्र के नचाप, भजौना, सिंगही, लालपुर, टेघरा, नरवन, रेवल, कटोखर, कलान, खानपुर, सालिमपट्टी, मुबारकपुर, महम्मदपुर, मटियारी, ताजपुर, चेंफुल, गोबरही, चंदउपुर, डुमाईगढ़, रसूलपुर, देवपुरा, अतरसन, योगिया, घुरापाली, लाकठ छपरा, आमडाढ़ी, एकमा , परसागढ़, हरपुर, माने, रामपुर विंदा लाल, नवादा, चनचौरा, एकसार, असहनी, चैनवा, आदि गांवों के ग्रामीणों ने स्वागत करते हुए कहा है कि इससे उन्हें सहज व सुलभ सुविधा नजदीकी स्तर पर मिल सकेगी। जिससे उनके समय व धन की बचत सहित भाग-दौड़ लगाने से भी मुक्ति मिलेगी

## अम्बेडकर जयंती पखवाड़ा शुरू

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की सतभीड़वा में सम्पन्न एक बैठक में बाबा साहब भीम राव अम्बेदकर की जयंती पखवाड़ा के अवसर पर अगले सप्ताह मझौलिया में एक सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसमें दलित व पिछडो को सम्मानित किया जायेगा, तथा उनके चतुर्दिक उत्थान के लिये रण नीति बनायी जायेगी। कल्याणकारी योजनाओं से बंचित लोगों तक विकास की योजनाओं से जोड़ा जायेगा।बैठक की अध्यक्षता भाजपा एससी एसटी के जिलाध्यक्ष सह मझौलिया पंचायत के मुखिया सत्यप्रकाश ने की। अंबेदकर सम्मान समारोह के लिये मलंग बाबा स्थित मैदान को चुना गया। भाजपा के पदधारियों ने मलंग बाबा स्थान पहुंचकर समारोह के लिये सर्व सम्मति से स्थल का चयन किया।इस समारोह में पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर के लोग शामिल होंगे।बताते चले कि अबेदकर जयंती समारोह को लेकर भाजपा ने कमर कस लिया है। 13 अप्रैल से लेकर 25 अप्रैल तक कार्यक्रमों की धुम मची है।

# अगलगी में एक घर जलकर राख, लाखों की संपत्ति का नुकसान

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के नौतन खुर्द पंचायत के वार्ड नम्बर 8 में देर रात अचानक आग लग जाने से एक घर सहित करीब लाखो की संपत्ति जलकर राख हो गया।इस अगलगी की घटना में गृहस्वामी का दो घर सहित नई बाईक, नगदी, फर्नीचर, साइकिल, अनाज, कपड़ा, बर्तन सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। हालांकि ग्रामीणों द्वारा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। लेकिन तब तक सबकुछ जल चुका था। पीड़ित गृहस्वामी रघुनाथ महतो के पुत्र कन्हैया महतो ने बताया कि मंगलवार की रात करीब 1 बजे वे लोग खाना खाकर सो गए थे। देर रात करीब साढ़े 1 बजे आग लगने का शोर सुनकर परिवार संग जब बाहर निकले तो देखा कि घर को आग ने पूरी तरह अपने आगोश में ले रखा है। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक सबकुछ जलकर राख हो चुका था। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पंचायत के मुखिया सौदागर साह और



उप मुखिया जय प्रकाश यादव ने पीड़ित गृहस्वामी से मिलकर परिवार को ढांढस बंधाया । साथ ही हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। घटना की सूचना उन्होंने स्थानीय प्रशासन को दी । घटना के संदर्भ में अंचलाधिकारी राजीव रंजन ने बताया कि राजस्व कर्मचारी अंकित कुमार को घटनास्थल पर भेजा गया है।क्षति का आकलन कराकर अग्नि से पीड़ित परिवारों को सरकारी सहायता राशि उपलब्ध करा दी जाएगी।

# सारण जिला भोजपुरी साहित्य सम्मेलन की नई कार्यकारिणी समिति का गठन

## वार्षिक अधिवेशन व जेपीयू में भोजपुरी की पढ़ाई शुरू कराने पर भी बनी सहमति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**छपरा (सारण)।** प्रभुनाथ नगर स्थित यमुनापुरी के प्रतीक्षा परिसर में सारण जिला भोजपुरी साहित्य सम्मेलन की कार्यकारिणी की बैठक संस्था के अध्यक्ष ब्रजेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि सम्मेलन के संरक्षक व प्रसिद्ध भोजपुरी पुरुष डॉ. जौहर शफियाबादी थे। बैठक में सर्वसम्मति से सारण जिला भोजपुरी साहित्य सम्मेलन की नई कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। संरक्षक मंडल में डॉ. जौहर शफियाबादी, प्रो. के. के. द्विवेदी व चंद्रकेतु नारायण सिंह को शामिल किया गया। नयी कार्यकारिणी में ब्रजेंद्र कुमार सिन्हा को अध्यक्ष, डॉ. ऐनुल बरौलवी को कार्यकारी अध्यक्ष, नागेंद्र गिरि, शिवजी सुमन, अजय कुमार, शुभ नारायण सिंह 'शुभ' और कामेश्वर प्रसाद सिंह को उपाध्यक्ष, सुरेश कुमार चौबे को महासचिव, प्रियंका कुमारी को संयुक्त सचिव, सुजीत कुमार सिंह को उप सचिव, निर्भय नीर को संगठन व प्रचार सचिव, बबन सिंह को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में विष्णु शंकर ओझा, चंद्रकांत तिवारी, प्रो. डॉ. अमरनाथ प्रसाद, कश्मीरा सिंह, कमलदेव सिंह, डॉ. रविकांत सिंह, डॉ. श्वेता गजल, डॉ. अमरेन्द्र सिंह 'बुलेट', मैनुद्दीन अंसारी व मोहित सिंह को शामिल किया गया। इसके अतिरिक्त संस्था के बायलॉज निर्माण हेतु एक उप-समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष व विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में डॉ. जौहर शफियाबादी को शामिल किया गया। उधर सम्मेलन की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व सदस्यों को पत्रकार के के सिंह सेंगर ने हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है।

**बैठक में लिए गए यह प्रमुख निर्णयः**

नवगठित समिति के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों की नियुक्ति पर सर्वसम्मति से मुहर लगाई गई। बैठक में हर माह के अंतिम रविवार को यमुनापुरी के प्रतीक्षा परिसर में नियमित बैठक करने का निर्णय लिया गया। वहीं सम्मेलन का वार्षिक अधिवेशन आयोजित करने पर भी सहमति बनी। इस दौरान जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति से मिलकर भोजपुरी भाषा की पढ़ाई फिर से शुरू कराने हेतु एक प्रतिनिधिमंडल भेजने का निर्णय लिया गया। बताया गया है कि सम्मेलन की एक पत्रिका प्रकाशित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमें संस्था का इतिहास, पदाधिकारियों व सदस्यों का सचित्र संक्षिप्त परिचय प्रकाशित होगा।

# मिया तनिष्क ने उतारा बेतिया में अपना उत्पाद

## 17 तक ग्राहको के लिए 20 प्रतिशत तक की छुट



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अपनी आकर्षक एवं अनोखी डिजाईनों के लिए प्रसिद्ध मिया तनिष्क ने बेतिया में अपना उत्पाद उतारा है। सुप्रिया रोड एनएच 727 पर इसका नये शोरुम का उदघाटन मंगलवार को किया गया। शोरुम का उदघाटन तनिष्क के रिजनल बिजनेस हेड सोमप्रभ सिंह, रिजनल बिजनेस मैनेजर मोनी सेन गुप्ता, एरिया बिजनेस मैनेजर चितरंजन सिंह एवं तनिष्क के अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रुप से किया। मौके पर आगत अतिथियों का स्वागत मनोज गोयनका ने किया। रिजनल बिजनेस हेड श्री सिंह ने बताया कि मिया तनिष्क का एक सब ब्रांड है। जो कामकाजी महिलाओं के लिए डिजाईन किया गया है। काम करनेवाली महिलाओं के लिए अधुनिक और सुरुचिपूर्ण आभूषण मिया प्रदान करता है। इस शोरुम में बोल्ड, आधुनिक और ठाठ कीमती बढ़िया आभूषणों का रेंज उपलब्ध है। विदित हो कि तनिष्क टाटा समूह का एक ब्रांड है जो आभूषणों के लिए जाना जाता है। श्री सिंह ने बताया कि हम अपने संग्रह को लाइफ ज्वेलरी कहते है। मौके पर मदन लाल गोयनका, मनोज गोयनका, मुकेश गोयनका के अलावे गोयनका परिवार के अन्य सदस्य के साथ हीं साथ पूर्व विधायक प्रकाश राय, युवा नेता विजय चौधरी, राहुल कुमार, शिक्षाविद समाजेसेवी अमीत गिरी, संतोष कुमार गुप्ता, डा. एन डी सिंह समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे। प्रतिष्ठान के निदेशक मनोज गोयनका ने बताया कि उदघाटन के मौके पर आगामी 17 अप्रैल तक के लिए ग्राहकों को प्रत्येक खरीदारी पर 20 प्रतिशत तक की छुट दी जा रही है।

CMYK

# रैयतों को मुआवजे का शीघ्र होगा भुगतान : श्रीकांत शास्त्री

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में भू- अर्जन से संबंधित समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** समाहरणालय सभागार में जिला भू- अर्जन से सबंधित समीक्षा बैठक जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में जिलाधिकारी द्वारा भू अर्जन से संबंधित अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन, भूमि की विवरणी, कुल परियोजना, भू अर्जन पूर्ण परियोजना, भुगतान की जा रही परियोजना एवं बिंदुओं पर संबंधित पदाधिकारी के साथ समीक्षा किया गया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि कुल 11 परियोजनाएं संचालित हैं जिसमें सभी परियोजनाओं में जो रैयत प्रभावित हुए हैं उनका मुआवजा भुगतान के लिए अधियाची पदाधिकारियों के द्वारा भू-अर्जन के पश्चात योजनाओं के क्रियान्वयन कराए जाने एवं मुआवजा भुगतान में उत्पन्न हो रही समस्याओं के बारे में समीक्षा की गई। सभी अधियाची पदाधिकारियों के द्वारा भू-अर्जन के पश्चात मुआवजा भुगतान में उत्पन्न हो रही समस्याओं के यथाशीघ्र निराकरण करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वैसी भूमी जिसका रैयतीकरण- सह-सरकारीकरण (गैरमजरूआ मालिक खास सहित) किया जाना है। भूमि का रैयतीकरण का प्रस्ताव संबंधित भूमि सुधार उपसमाहर्ता के पास भेजें साथ ही साथ रैयतों का एलपीसी अतिशीघ्र निर्गत करें। साथ ही सभी अंचल अधिकारी एवं संबंधित कार्यपालक अभियंता को उक्त परियोजन के संचालन में कहीं कोई दिक्कत नहीं हो इसके लिये नियमित समीक्षा एवं कार्य की प्रगति को समीक्षा करने का निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त संबंधित एजेंसी को भूमि का दखल कब्जा प्राप्त होने के उपरांत फसल कटने के बाद पथ निर्माण कार्य शुरू करने का निर्देश दिए गए। इस बैठक में अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, जिला भू अर्जन पदाधिकारी सच्चिदानंद सुमन एवं वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, सभी अंचल अधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## कारोबारी हत्याकांड में 11 गिरफ्तार

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** पुणे से पटना बुलाकर स्क्रैप कारोबारी लक्ष्मण साधु शिंदे (55) का अपहरण कर उनकी हत्या कर दी गई। शिंदे की बॉडी जहानाबाद में मिली थी। हालांकि, उस दिन उसकी पहचान नहीं हुई थी। 14 अप्रैल की शाम कारोबारी की पहचान की गई। मंगलवार को पटना पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए एक लड़की समेत 11 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में रंजीत (37), करण (25), लाल बिहारी (25), विकास, कुंदन कुमार, संगीता कुमारी (19), सचिन रंजन और विपतारा कुमार शामिल हैं। 3 आरोपितों के नाम पुलिस की ओर से बताया नहीं गया है। पुलिस ने बताया कि 'इस गैंग का सरगना सुमित फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपितों ने लक्ष्मण साधु को बिजनेस के बहाने पटना बुलाया। इसके बाद लूट के मकसद से लक्ष्मण को किडनैप कर नालंदा के हिलसा ले गया। 'हिलसा में लक्ष्मण से पैसे निकलवाने को लेकर टॉर्चर किया। इस दौरान व्यवसायी की मौत हो गई।

# डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान से आच्छादित होंगे एससी-एसटी परिवार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान से संबंधित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति टोला में विशेष विकास शिविर आयोजन से संबंधित समीक्षा बैठक जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने विभाग से संबंधित शिविर का आयोजन कर लोगों की समस्याओं का निष्पादन करें। शिविर आयोजन के पूर्व ही अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति टोलों में वंचित एवं योग्य परिवारों से आवेदन प्राप्त करने एवं निष्पादन करने की कार्रवाई करेंगे। कैंप में छूटे हुए परिवारों से आवेदन प्राप्त कर यथासंभव ऑन-स्पॉट निष्पादन किया जाएगा। गौरतलब कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा सर्वांगीण विकास हेतु उठाए गए लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सर्व- सुलभ कराना एवं अभियान चलाकर लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के व्यक्तियों को आच्छादित करना एवं अभियान के दौरान जो छूट गए हो उन्हें भी ऑन स्पॉट लाभ दिलाना है। मौके पर अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, डीपीआरओ इफ्तेखार अहमद, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सच्चिदानंद सुमन, सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी सुरेश कुमार एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी के साथ-साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## बच्चों के नामांकन को लेकर चलाया जा रहा विशेष अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय महथू में प्रवेशोत्सव नामांकन पखवारा कार्यक्रम के तहत शिक्षकगण गांव- गांव जाकर छात्रों को नामांकन के लिए अभिभावक को प्रेरित कर रहे हैं। इस दौरान शिक्षकों ने डॉ भीमराव अंबेडकर के जयंती पर माल्यार्पण के पश्चात, उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। मौके पर कई बच्चों का नामांकन भी हुआ। प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार सिन्हा के साथ सभी शिक्षकों ने जनसंपर्क अभियान के तहत अभिभावकों के बताया कि अपने बच्चों को नामांकन कराए। बच्चे नामांकन लेंगे और गुणवतापूर्ण शिक्षा प्राप्त करेंगे, तभी समाज और देश का विकास होगा। मौके पर शिक्षक संजय कुमार सिंह, दीपक कुमार, संजय कुमार, लक्ष्मी प्रसाद बैठा समेत अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# बीआरबीसीएल में धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती

■ चित्रकला, काव्य और निबंध प्रतियोगिताओं से रौनक हुआ आयोजन स्थल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नबीनगर (औरंगाबाद)।** भारत रत्न बोधिसत्व बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती बीआरबीसीएल परिसर में श्रद्धा, सम्मान और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित भव्य समारोह की अध्यक्षता बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी ने की। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) बी.के. साहा समेत कई अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके पश्चात श्री श्री अकादमी के बच्चों के बीच चित्रकला और काव्य लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीं बीआरबीसीएल के कर्मचारियों के लिए निबंध लेखन और ऑनलाइन क्विज का आयोजन किया गया। गृहिणियों के लिए विशेष रूप से काव्य रचना प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें प्रतिभागियों ने सामाजिक सरोकारों और अंबेडकर जी के विचारों को रचनात्मक अभिव्यक्ति दी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा, 'बाबा साहब न केवल संविधान निर्माता थे, बल्कि वे सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के प्रतीक भी थे। आज उनके विचार पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं। हमें उनके जीवन दर्शन को आत्मसात कर एक समतामूलक समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए।' कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। बीआरबीसीएल द्वारा आयोजित यह समारोह एक सांस्कृतिक और वैचारिक पर्व के रूप में यादगार बन गया।

## सड़क दुर्घटना में महिला जख्मी

**मदनपुर (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** अनियंत्रित बाइक से गिरकर एक महिला घायल हो गई। घटना मदनपुर थाना रोड की हैं। घायल महिला की पहचान थाना क्षेत्र के उमगा पंचायत के सोईनगर निवासी लालदेव भुइयां की पत्नी चंचला देवी के रूप में हुई है। ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर रहे चिकित्सक डॉ आयुष्मान ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## दहेज हत्या मामले में पिता-पुत्र गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** दहेज हत्या मामले में एनटीपीसी खैरा थाना की पुलिस द्वारा पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान थाना क्षेत्र के अजनिया गांव निवासी राजकुमार शर्मा एवं लवकुश कुमार के रूप में की गई है। मामला 14 अप्रैल की है जिसमे मृतका के मायका वाले ने ससुराल वाले पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। कांड की गंभीरता के आधार पर पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडे के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपिता पिता राजकुमार शर्मा एवं पुत्र लवकुश कुमार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने अपना-अपना अपराध स्वीकार किया हैं। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया।

# स्वर्ण पदक जीत पहलवानों ने बढ़ाया औरंगाबाद का मान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पहलवानों ने बक्सर के डुमरांव में आयोजित दो दिवसीय बिहार स्टेट कॉम्बैट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। जिले के पांच पहलवानों ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। 68 किलोग्राम वर्ग में अनिकेत रमन ने स्वर्ण पदक हासिल किया। 60 किलोग्राम भार वर्ग में नंदन कुमार और ऋषि राज ने जीत दर्ज की। 55 किलोग्राम भार वर्ग में आदित्य कुमार ने पदक जीता। महिला वर्ग में 46 किलोग्राम भार वर्ग में दीपशिखा ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से 150 से अधिक महिला-पुरुष पहलवानों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट में सीनियर, जूनियर और सब जूनियर-तीन श्रेणियों में मुकाबले कराए गए। विजेताओं को सीधे नेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा। विशेष बात यह है कि अनिकेत रमन और नंदन कुमार साउथ एशिया टूर्नामेंट के पदक विजेता भी रह चुके हैं। आयोजकों ने इन दोनों पहलवानों को पगड़ी पहनाकर विशेष सम्मान दिया। कॉम्बैट संगठन के अध्यक्ष रमेश सिंह ने सभी विजेताओं को सम्मानित किया। औरंगाबाद लौटने पर जिला कुश्ती संघ ने भी पहलवानों का सम्मान किया। संघ के कान्हा सिंह ने कहा कि पहलवानों की कड़ी मेहनत का नतीजा अब मिलने लगा है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास जारी रखने का सुझाव दिया है।

## बस की टक्कर से दो बाइक सवार घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** बस और बाइक की टक्कर में बाइक चालक समेत दो लोग घायल हो गए। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के एनएच-19 पर की है। घायलों की पहचान गया जिले के रौशनगंज थाना क्षेत्र के पचरुखिया गांव निवासी जितेन्द्र कुमार दयाल एवं मनीष कुमार के रूप में हुई है। इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया है। घायलों का इलाज चिकित्सकों द्वारा इलाज किया गया। जानकारी के अनुसार जितेंद्र और मनीष बाइक से औरंगाबाद की तरफ आ रहे थे, तभी उक्त जगह घटना घटित हुई।

# डीएवी के विद्यार्थियों ने सीखे अगलगी से बचाव के उपाय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** अग्निशमन सेवा दिवस के तहत फायर ब्रिगेड की टीम ने अग्नि सुरक्षा के बारे में जागरुकता अभियान के तहत लोगों को आग बुझाने की जानकारी दी गयी। मंगलवार को अभियान कार्यक्रम में डीएवी स्कूल के लगभग 150 छात्र-छात्राओं के साथ फायर ब्रिगेड की टीम ने भाग लिया। अग्निशालय से हरी झंडी दिखाकर प्रभातफेरी शुरू किया गया, जो रमेश चौक होते हुए सिन्हा कॉलेज पहुंची। इस कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अग्निशमन पदाधिकारी विनय कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह का उद्देश्य आग से बचाव के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। इस वर्ष का विषय है, 'एकजुट होकर प्रज्वलित करें, अग्नि सुरक्षित भारत', जो अग्नि सुरक्षा में नवाचारों के साथ-साथ सामुदायिक भागीदारी, शिक्षा और तैयारी के महत्व पर जोर देता है। इस दौरान अग्निशमन विभाग की टीम ने लोगों को आग लगने की स्थिति में बचाव के तरीकों की जानकारी दी। गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति का लाइव डेमो दिखाया गया, जिसमें गीले कंबल की मदद से आग बुझाने का तरीका बताया गया। इस अवसर पर सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी लालकेश्वर प्रसाद, अग्निक कुंदन कुमार, अग्निक सतीश कुमार, अग्निक हरेराम सिंह, फिरोज अनवर, अभिषेक कुमार, संजय कुमार राय सहित अन्य अग्निशमन से जुड़े कर्मी मौजूद रहे।

# जमीन विवाद में अंधाधुंध फायरिंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना में फायरिंग की घटना सामने आयी है। घटना गांधी मैदान थाना क्षेत्र की बतायी जा रही है। एक निर्माणाधीन भवन के पास अचानक गोलीबारी शुरू हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि दर्जन भर बदमाशों ने जमीन मालिक विद्या भूषण को निशाना बनाते हुए गोलियां चलाईं। काफी देर तक ईंट पत्थर भी चली। कई लोगों को चोट लगने की बात सामने आयी है। इधर, सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। हमले को लेकर पीड़ित लोगों ने वीआईपी पार्टी से जुड़े आनंद मधुकर और उनके समर्थक पर फायरिंग करने का आरोप लगाया है। विद्या भूषण ने कहा कि आनंद मधुकर ने अपने साथियों के साथ मिलकर जमीन विवाद को लेकर यह हिंसक घटना अंजाम दिया। पुलिस ने घटनास्थल से आधा दर्जन से अधिक खाली कारतूस बरामद की है, जिसकी जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार घटना लंबे समय से चले आ रहे जमीन विवाद का नतीजा है। विद्या भूषण और आनंद मधुकर के चाचा के बीच इस जमीन को लेकर पहले भी विवाद हो चुका है. आरोप है कि आनंद मधुकर ने अवैध तरीके से जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की थी जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया था।

## पंचायत सरकार भवन निर्माण को लेकर भूमि पूजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के जम्होर गांव में पंचायत सरकार भवन के निर्माण को लेकर भूमि पूजन हुआ। यह पंचायत भवन जम्होर के खादी भंडार के बगल में पंचायत सरकार भवन का निर्माण होगा। आचार्य सुनील कुमार मिश्रा के सानिध्य में वेद मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि पंचायत सरकार भवन बनाने को लेकर जगह का चयन वर्षो पूर्व से किया जा रहा था और यह चयन बेहतर जगह पर हुआ है। इस पंचायत सरकार भवन में सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

# नई प्रखंड कमिटियों का होगा गठन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शहर के सत्येंद्रनगर मोहल्ले में महापरिवर्तन आंदोलन के जिला शिष्टमंडल की एक बैठक जिलाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक का संचालन कर रहे संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों से कई गणमान्य लोगों से सम्पर्क स्थापित किया गया। लोगों ने महापरिवर्तन आंदोलन के तहत जनहित में किए गए कार्यों और निर्णयों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। वक्ताओं ने संगठन के लिए ईमानदार और कर्मठ लोगों के सहयोग से जिले के सभी प्रखंडों में कमिटी गठन पर जोर दिया। मदनपुर, रफीगंज, गोह, ओबरा, बारुन, नबीनगर और अंबा प्रखंडों में जल्द ही प्रखंड शिष्टमंडल का गठन किया जाएगा। बैठक में लवलेश कुमार यादव, अरुण कुमार, इंजीनियर दूधेश्वर प्रसाद, हरिलाल कुमार, रमेश प्रसाद सिंह, रामजन्म सिंह, राम परीखा सिंह, नकुल यादव, नीतीश कुमार, रामनरेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# नवनिर्मित द्वार का किया गया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड के मनिका पंचायत अंतर्गत एनएच 19 किनारे बसतपुर आंजन रोड में बसतपुर मोड़ पर बने द्वार को आज अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा फीता काट कर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ अवतुल्य कुमार आर्य, पूर्व जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि सत्येन्द्र सिंह थे। विशिष्ट अतिथि के रुप में हिन्दुस्तान आवामी मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष हरेन्द्र कुमार सिंह, निमा आंजन पैक्स अध्यक्ष राणा सिंह, पैक्स अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह उर्फ शमशेर सिंह एवं शत्रुघ्न सिंह थे। सभी लोगों ने संयुक्त रुप से द्वार का उद्घाटन किया। द्वार का नामकरण परमार गढ़ बसतपुर प्रवेश द्वार रखा गया है। निजी कोष से परमार गढ प्रवेश द्वार का निर्माण किया गया है। बता दें कि परमार गढ़ प्रवेश द्वार का निर्माणकर्ता उमेश सिंह हैं। उन्होंने बताया कि पांच लाख रूपये की लागत से इस प्रवेश द्वार का निर्माण कराया गया है। प्रवेश द्वार गांव की पहचान और गौरवशाली अतीत को दर्शाता है। मौके पर अशोक कुमार सिंह, प्रखंड बीस सूत्री कमेटी के उपाध्यक्ष टुनटुन सिंह, उमेश सिंह, बली सिंह, तालकेश्वर राम समेत अन्य लोग मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# सरपंच संघ ने बीडीओ को सौंपा मांग पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा प्रखंड अंतर्गत सरपंच संघ अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय में शांतिपूर्वक प्रदर्शन के माध्यम से 11 सूत्री मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी युनुस सलीम एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी विकास कुमार को सौंपा। विदित हो कि लगातार कई वर्षों से सरपंच संघ दूसरे को न्याय देता है। पहले भी कई बार सरपंच संघ प्रदेश कमिटी के दिशा निर्देश में प्रखंड स्तर पर, जिला स्तर पर एवं प्रदेश स्तर पर अपना 11 सूत्री मांग पत्र सौंपने का काम कर चुकी है। जिलाध्यक्ष पंच सरपंच संघ पप्पू ज्वाला सिंह एवं जिला मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता पंच सरपंच संघ संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि प्रदेश कमिटी के दिशा निर्देश में मंगलवार को यह 11 सूत्री मांग पत्र पूरे बिहार प्रदेश के प्रखंड मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय के संबंधित अधिकारियों को सौंपने का काम किया गया। इसके बाद भी अगर सरकार के कानों पर जू नहीं रेंगती तो 24 अप्रैल को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मधुबनी जिले के एक विशेष कार्यक्रम में शामिल होने वाले हैं जिसमें पूरे बिहार प्रदेश के सरपंच राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का बहिष्कार करते हुए काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# किसानों को नोटिस दिए बगैर निर्माण कार्य शुरू

## सैकड़ो सुरक्षा बलों के साथ एसडीएम पहुंचे कार्यस्थल पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अंबा (औरंगाबाद)।** नेशनल हाईवे 98 पर निर्माणाधीन हरिहरगंज बाईपास में किसानों के विरोध के बावजूद मंगलवार को निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया। किसान शुरू से अन्यायपूर्ण तरीके से भूमि अधिग्रहण का विरोध करते आ रहे हैं। किसानों के विरोध को देखते हुए एसडीम, डीसीएलआर श्वेतांक लाल, सीडीपीओ संजय पांडेय, बीडीओ मनोज कुमार, अंचल अधिकारी चंद्र प्रकाश, कुटुंबा थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह सैंकड़ो सुरक्षा बल के साथ पोला गांव पहुंचें। सुरक्षा बलों की फौज देखकर किसान हताश और भयभीत होकर किनारा कर लिया। अधिग्रहण से प्रभावित किसानों ने कहा कि सरकार ने किसानों को नोटिस भी नहीं दिया है। निर्माण कार्य शुरू करा कर वह जबरन हमारी जमीन हड़पना चाहती है। हमलोग विगत आठ दशकों से उक्त जमीन पर खेती-बाड़ी करते आ रहे हैं। कई रैयतों ने उस प्लॉट से जमीन के बिक्री भी की है और वे जमीन का लगान भी सरकार को देते आ रहे हैं। इसके बावजूद सरकार किसानों को उक्त जमीन का मालिक नहीं मान रही है। वह अन्यायपूर्ण तरीके से किसानों कानूनी दांव-पेंच में उलझा कर जमीन को हड़पना चाह रही है। किसानों की बात न तो कार्यालय में सुनी जा रही है और न ही उन्हें न्याय दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार पुलिस का भय दिखाकर किसानों पर जुल्म कर रही है।

# रुद्र महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**देव (औरंगाबाद)।** देव प्रखंड के सटवट गांव में भगवान शिव परिवार जी का मंदिर निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्रामीणों द्वारा रूद्र महायज्ञ करने के लिए आज ध्वजारोहण किया गया। सर्वप्रथम ग्रामीणों ने पारंपरिक गाजे बाजे हाथी घोड़े के साथ ध्वज को सभी देवालय भ्रमण कराये। शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ ध्वज पूजन का कार्यक्रम बालयोगी संत तुलसीदास महराज के सानिध्य में ज्योतिषाचार्य सतीश पाठक, आचार्य नीरज मिश्रा के द्वारा संपन्न कराया गया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव को समर्पित एक विशेष यज्ञ है। इसे 'लोक कल्याण' के उद्देश्य से किया जाता है। इस यज्ञ में रुद्र मंत्रों का उच्चारण किया जाता है और भगवान शिव का अभिषेक किया जाता है। रूद्र महायज्ञ 19 मई से प्रारम्भ होकर 25 मई तक चलेगा। इस निमित्त अंतर्राष्ट्रीय कथवाचिका एवं साधू संतों को लाने के लिए संपर्क साधा जा रहा है। आयोजन कर्ताओं के द्वारा भव्य भंडारा का भी व्यवस्था किया गया है। पूरे जिले में श्रद्धालुओं की जानकारी के लिए आज से प्रचार-प्रसार अभियान तेज कर दिया गया है। आज के नगर भ्रमण यात्रा में विजय सिंह, रवि गुप्ता, अंकित पाठक, दिलीप कुमार, प्रिया कुमारी, नंदकिशोर मेहता, रूपेश पाण्डेय, विजय पाण्डेय, दीपक गुप्ता सहित अन्य लोगों ने अपना योगदान दिया।